e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 315
गुरुवार
21.11.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12। मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
विकल्प बहुत है बिखरने के लिए, संकल्प एक ही काफी है संवर ने के लिए!

ताजा खबरों के लिए देखें

# एक्जिट पोल : झारखंड-महाराष्ट्र में बनेगी एनडीए की सरकार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए चुनाव संपन्न होने के बाद विभिन्न पोल एजेंसियों द्वारा किए गए एग्जिट पोल के आंकड़े भी सामने आ गए हैं. ज्यादातर एग्जिट पोल में महाराष्ट्र और झारखंड दोनों राज्यों में भाजपा गठबंधन की जीत की भविष्यवाणी की गई है. कुछ एग्जिट पोल में महाराष्ट्र में महायुति और महा विकास अघाड़ी (एमवीए) में कांटे की टक्कर दिखाई गई है. महाराष्ट्र और झारखंड चुनाव के लिए चाणक्य स्ट्रैटिटीज का एक्जिट पोल सामने आया है. इस एग्जिट पोल के मुताबिक, महाराष्ट्र में महायुति की वापसी होती दिख रही है. चाणक्य स्ट्रैटिटीज के एग्जिट पोल के मुताबिक, महाराष्ट्र में बीजेपी गठबंधन को 152-160 सीटें, कांग्रेस गठबंधन को 130-138 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है. इसके अलावा झारखंड की 81 सीटों के लिए भी चाणक्य एक्जिट पोल सामने आया है. इसमें कहा गया है कि बीजेपी गठबंधन को राज्य में 45-50 सीटें मिल सकती हैं तो वहीं कांग्रेस जेएमएम गठबंधन को 35-38 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है. महाराष्ट्र और झारखंड में ज्यादातर सर्वे में बीजेपी गठबंधन की सरकार बनती दिख रही है. हालांकि, एक्सिस माइ इंडिया के सर्वे में झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती दिख रही है. यहां इंडिया गठबंधन को 53, बीजेपी गठबंधन को 25 और अन्य के खाते में 3 सीटें जाती दिख रही हैं. वहीं, महाराष्ट्र में इलेक्टोरल एज के सर्वे में बीजेपी गठबंधन को 118, कांग्रेस गठबंधन को 150 सीटें मिलने का अनुमान है. जबकि अन्य के खाते में 20 सीटें जाती दिख रही है. टाइम्स नाउ-जेवीसी के एग्जिट पोल में झारखंड में एनडीए को 40-44 सीटें, इंडिया गठबंधन को 30-40 सीटें और अन्य को 1-1 सीटें मिलने का अनुमान है.

## 23 को मतगणना

| झारखंड | सीटें 81 | बहुमत 41 | |
|---|---|---|---|
| एजेंसी | झामुमो+ | भाजपा+ | अन्य |
| मैट्रिक | 25-30 | 42-47 | 1-4 |
| पीपुल्स पल्स | 25-37 | 44-53 | 5-9 |
| चाणक्य स्ट्रेटेजीस | 35-38 | 45-50 | 3-5 |
| पी-एमएआरक्यू | 37-47 | 31-40 | 1-6 |
| एक्सिस माय इंडिया | 53 | 25 | 3 |
| टाईम्स नाउ जेबीसी | 38 | 42 | 1 |



एनडीए

| महाराष्ट्र | सीटें 288 | बहुमत 145 | |
|---|---|---|---|
| एजेंसी | भाजपा+ | कांग्रेस+ | अन्य |
| मैट्रिक | 150-170 | 110-130 | 8-10 |
| पी-एमएआरक्यू | 137-157 | 126-146 | 2-8 |
| चाणक्य स्ट्रेटेजीस | 152-160 | 130-138 | 6-8 |
| पीपुल्स पल्स | 175-195 | 85-112 | 7-12 |
| पोल डायरी | 122-186 | 125-140 | 7-12 |
| लोकशाही रूद्र | 128-142 | 69-112 | 18-23 |
| इलेक्टोरल एज | 118 | 150 | 20 |
| टाईम्स नाउ जेबीसी | 150-167 | 107-125 | 13-14 |
| एसएएस | 127-135 | 147-155 | 10-13 |

## मतदाताओं ने इंडिया गठबंधन को असीम आशीर्वाद दिया : हेमंत



**रांची :** झारखण्ड की पावन धरती पर लोकतंत्र का महापर्व अद्भुत रहा। दोनों चरणों में राज्य की जनता ने अपनी आकांक्षाओं और आशाओं को मतदान के माध्यम से अभिव्यक्त किया है। यह केवल एक चुनाव नहीं, बल्कि एक नए, समृद्ध और सशक्त झारखण्ड के निर्माण का संकल्प है। बुजुर्ग, युवा, श्रमिक,महिला,किसान-सभी ने उत्साह और उमंग के साथ लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना अभूतपूर्व आशीर्वाद दिया। सभी ने खासकर, राज्य की आधी आबादी-हमारी मंईयां ने बढ़-चढ़कर अपने हक-अधिकार मान और सम्मान के लिए ऐतिहासिक रूप से झामुमो और इंडिया गठबंधन को अपना असीम आशीर्वाद दिया। हम दृढ़ता से प्रण लेते हैं कि अमर वीर शहीदों के बलिदान को साकार करेंगे। महान क्रांतिकारियों के सपनों को पूरा करेंगे। आंदोलनकारियों की आकांक्षाओं को मूर्त रूप देंगे और मिलकर बनाएंगे एक नया झारखण्ड। इस पावन अवसर पर मैं नतमस्तक हूं, प्रत्येक मतदाता के प्रति, कर्तव्यनिष्ठ मतदानकर्मियों के प्रति, झामुमो और इंडिया गठबंधन के समर्पित कार्यकर्ताओं के प्रति और उन सभी राजनीतिक दलों के प्रति, जिन्होंने लोकतंत्र को मजबूत किया है। जीत रहा है, जीतेगा झारखण्ड।

## एनडीए की सरकार बनना तय : बाबूलाल मरांडी



**रांची :** झारखंड भाजपा अध्यक्ष और धनवार विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार बाबूलाल मरांडी ने कहा, झारखंड की जनता का मूड हेमंत सोरेन की सरकार को बदलने का है। क्योंकि 5 वर्षों तक जनता ने काफी तकलीफ सही है।झारखंड की जनता ने परिवर्तन के लिए और भाजपा-एनडीए के पक्ष में मतदान किया। भाजपा-एनडीए को 51 से ज़्यादा सीटें मिलेंगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार की विदाई तय है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 5 वर्षों तक झारखंड भ्रष्टाचार के दलदल में फंसा रहा। यहां विकास का कोई काम हुआ ही नहीं। मुख्यमंत्री अपनी पॉकेट भरने में व्यस्त रहे। यही कारण है कि यहां की जनता पूरी तरह से बदलाव का मन बना दिया है। झारखंड में पुनः एनडीए की सरकार आ रही है और इंडिया गठबंधन की सरकार जा रही है।

## सभी के सहयोग से मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न : के रवि कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के रवि कुमार ने कहा है कि सभी के सहयोग से दूसरे चरण का मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया है। शाम पांच बजे तक लगभग 67.59 प्रतिशत मतदान हुआ है। वोटर टर्नआउट की रिपोर्ट रात 11 बजे तक संभावित है, जबकि एंड ऑफ पोल की मुकम्मल रिपोर्ट गुरुवार दोपहर तक आएगी। इवीएम मशीन गुरुवार दोपहर बाद तक स्क्रूटनी के बाद स्ट्रांग रूम में सील कर दी जाएंगीं। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन में बुधवार को पांच केस दर्ज किये गये हैं और एक पर केस दर्ज करने की कार्यवाही की जा रही है। वह बुधवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी श्री एवी होमकर के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता कर रहे थे।राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने बताया कि मतदान की समाप्ति के बाद मतदानकर्मी इवीएम मशीन के साथ कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी में अपने-अपने गंतव्य पर लौट रहे हैं। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण के चुनाव में 891 बूथ नक्सलियों को लेकर संवेदनशील थे। वहीं 6828 बूथ क्रिटिकल कैटेगरी में थे। इसे लेकर 585 कंपनी अर्द्धसैनिक बल की तैनाती की गयी थी। उसके साथ 60 कंपनी राज्य सशस्त्र बल की भी थी। इसके अलावा होमगार्ड और राज्य पुलिस के 26000 अतिरिक्त जवानों को लगाया गया था। नक्सलियों से जुड़े इलाके में कोबरा और झारखंड जगुआर के जवान लगातार सक्रिय थे।

उन्होंने बताया कि मतदान को लेकर बंगाल और बिहार से जुड़ी सीमा को सील कर दिया गया था। वहां 114 नाका बनाये गये थे। बिहार और बंगाल ने भी सहयोग करते हुए अपने सीमा क्षेत्र में 124 नाका बनाये थे। इस दौरान 115 अवैध आग्येनास्त्र और 1800 कारतूस जब्त किये गये हैं। उसके साथ 34 हजार लोगों पर वैधानिक कार्रवाई की गयी है। पूरे चुनाव के दौरान सिर्फ राज्य पुलिस ने 163 करोड़ रुपये की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की है। वहीं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक कुल 207.36 करोड़ की अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती की जा चुकी है।

**891**
**बूथ दूसरे चरण के चुनाव में नक्सलियों को लेकर संवेदनशील थे।**

**6828**
**बूथ क्रिटिकल कैटेगरी में थे।**

## क्विक न्यूज

### महिला हॉकी टीम ने देश को किया गौरवान्वित : मनसुख मांडविया

**पटना :** बिहार में नालंदा जिले के राजगीर में संपन्न एशिया महिला हॉकी चैम्पियन्स टॉफी के फइनल में आज खेले गए मुकाबले में भारत ने चीन को 1-0 से हरा दिया। इस प्रतियोगिता के फाइनल मैच के मुख्य अतिथि केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि महिला एशियन चैंपियनशिप ट्रॉफी के फाइनल में चीन को 1-0 से हराकर हमारी महिला हॉकी टीम ने देश को गौरवान्वित किया है। इस शानदार जीत पर पूरी टीम को बधाई। केंद्रीय मंत्री मांडविया ने कहा कि खेलों में हार-जीत से ज्यादा खेल भावना अहम है।

### बिहार में 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों का आयुष्मान कार्ड बनना शुरू

**पटना :** प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिक को निःशुल्क ईलाज मिले उसके लिए आज से कार्ड बनाया जाना बिहार में शुरू हो गया। इसकी शुरुआत पटना में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय मंत्री नितीन नवीन ने की। आज से पूरे बिहार में सभी वरिष्ठ नागरिक आयुष्मान कार्ड बनेगा, जिसमें पांच लाख तक निशुल्क इलाज होगा। इस मौके पर बिहार सरकार बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आयुष्मान कार्ड भारत से 70 वर्ष के बुजुर्गों को जोड़कर देशहित में काम किया है। बिहार में बुजुर्गों को कार्ड देने का कार्य शुरू हो चुका है। कार्ड बनाने का विशेष अभियान 20 नवंबर से लेकर 12 दिसंबर तक चलेगा।

### रामगढ़ के डीसी-एसपी ने कतार में खड़े होकर किया मतदान

**रामगढ़ :** डीसी चंदन कुमार और एसपी अजय कुमार ने बुधवार को छत्तरमांडू मांडू उच्च विद्यालय के बूथ नंबर 109 पर कतार में खड़े होकर मतदान किया। साथ ही रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं से वोट देने की अपील भी की। डीसी ने कहा कि अभी तक मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। जितने भी बचे हुए मतदाता हैं, वह घर से निकलें और मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि महिला बूथों पर भी कतार लगी हुई है। मॉडल बूथ पर भी मतदाताओं के लिए बेहतर व्यवस्था की गई है। लोकतंत्र के इस उत्सव में लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

### वाराणसी : हर्ष फायरिंग में महिला को लगी गोली,मौत

**वाराणसी :** दशाश्वमेध थाना क्षेत्र के देवनाथपुरा में एक व्यक्ति के यहां आयोजित मांगलिक कार्यक्रम में हर्ष फायरिंग के दौरान चली गोली महिला निशी इलाही को लग गई। निशी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से वहां अफरा–तफरी मच गई। परिजन महिला के शव को लेकर अपने जैतपुरा कच्चीबाग स्थित आवास पर चले गए। मंगलवार रात हुई घटना की जानकारी पाते ही पुलिस कच्चीबाग पहुंच गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य की तबीयत बिगड़ी, एयरलिफ्ट कर लाए गए देहरादून

**देहरादून :** जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य की तबीयत मंगलवार शाम अचानक बिगड़ जाने पर उन्हें प्रयागराज से एयरलिफ्ट कर देहरादून लाया गया। उन्हें देहरादून के सिनर्जी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों की टीम उनका इलाज कर रही है। स्वामी रामभद्राचार्य का चार वर्ष पूर्व ओपन हार्ट सर्जरी हो चुकी है।सिनर्जी अस्पताल के एमडी कमल गर्ग ने बताया कि मौसम के बदलाव के कारण उन्हें सर्दी-जुखाम की शिकायत थी। चिकित्सकों की टीम उनके स्वास्थ्य की देखभाल कर रही है। हालत सामान्य है। मंगलवार शाम उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था। स्वास्थ्य बेहतर होने पर ही उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज किया जाएगा।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 20° |

## महाराष्ट्र में महायुति की सरकार बनेगी : गडकरी



**एजेंसी**

**मुंबई :** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने दावा किया है कि महाराष्ट्र में महायुति की सरकार बनेगी. हालांकि एक इंटरव्यू में नितिन गडकरी ने मौजूदा चुनावी मुद्दे पर खुलकर बात की. उन्होंने कैश फॉर वोट और बिटकॉइन मामले पर बयान दिया. गडकरी से जब पूछा गया कि चुनाव में तरह-तरह के मुद्दे छाए हुए हैं, लेकिन सबसे ताजा है सुप्रिया सुले बनाम विनोद तावड़े. इस पर आप क्या कहेंगे? जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह मुद्दा तात्कालिक है. मुख्य मुद्दा यही था की महाराष्ट्र के विकास को भविष्य में परिवर्तित करने की ताकत कौन से नेता और पार्टी में है. गडकरी ने आगे कहा कि जो दस साल में भारत सरकार में मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने महाराष्ट्र में काम किया, चाहे सिंचाई का क्षेत्र हो, चाहे उद्योग का क्षेत्र हो या कल्याणकारी योजनाओं का क्षेत्र हो. जनता में वो बात सबसे ज्यादा है और लोग यह निश्चित रूप से तय करेंगे कि महाराष्ट्र का भविष्य एक संपन्न राज्य के तौर पर रहना चाहिए. ये देश का ऐसा स्टेट है, जहां विदेशों से सबसे ज्यादा निवेश किया जाता है तो स्वाभाविक रूप से लगता है कि लोग भविष्य को देखते हुए वोट करेंगे. हमारे महायुति को चुन कर लाएंगे और हम चुनाव जीतेंगे. गडकरी ने सुप्रिया सुले के बिटकॉइन और विनोद तावड़े की कैश वाले मुद्दे पर जवाब देने से इंकार कर दिया.

## मधुपुर में हिरासत में लिए गए पीठासीन पदाधिकारी, गांडेय में हटाए गए

**गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने पहले ही दावा किया था कि मधुपुर में विधानसभा सीट के बूथ नंबर 111 के पीठासीन पदाधिकारी को झामुमो के पक्ष में मतदान करवाने के लिए मतदान पदाधिकारी को कस्टडी में लिया गया है.**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**देवघर :** मधुपुर में दूसरे चरण के चुनाव के दौरान विधानसभा सीट के मतदान पदाधिकारी रामानंद पासवान को हिरासत में लिया गया है. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इसकी पुष्टि की है. गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने पहले ही दावा किया था कि मधुपुर में विधानसभा सीट के बूथ नंबर 111 के पीठासीन पदाधिकारी को झामुमो के पक्ष में मतदान करवाने के लिए मतदान पदाधिकारी को कस्टडी में लिया गया है. हालांकि झामुमो की ओर से खंडन किया गया था.बता दें कि मधुपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 111 के पीठासीन पदाधिकारी रामानंद पासवान को झामुमो के पक्ष में मतदान कराने के आरोप में हिरासत में ले लिया गया है. अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा ने मीडियाकर्मियों को जानकारी देते हुए कहा कि रामानंद पासवान पर चुनाव की गोपनीयता भंग करने के आरोप में कांड दर्ज करते हुए उन्हें हिरासत में ले लिया गया है. आरोपी मतदान पदाधिकारी रमानंद पासवान के स्थान पर दूसरे पदाधिकारी को प्रतिनियुक्त किया गया है.इधर गांडेय बूथ संख्या 338 मतदान केंद्र के पीठासीन पदाधिकारी प्रमोद कुमार को हटाया गया. इनके स्थान पर दूसरे पदाधिकारी को प्रतियुक्त किया गया. जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने इसकी पुष्टि की है. इस बूथ के अंदर पोलिंग एजेंट द्वारा वोटरों को प्रभावित करने का आरोप लगा था. भारतीय जनता पार्टी ने सीसीटीवी फुटेज भी जारी किया था.

## तेलंगाना में जाति जनगणना का 70 प्रतिशत काम पूरा : राहुल गांधी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में जहां तेलंगाना में जाति जनगणना का काम 70 फीसदी से ज्यादा पूरा होने की जानकारी दी वहीं उन्होंने यह संकल्प भी दोहराया कि राष्ट्रीय स्तर पर भी हम एक व्यापक जातिगत जनगणना करवाएंगे।राहुल गांधी ने लिखा,तेलंगाना में हमारी सरकार ने जातिगत गिनती का 70 प्रतिशत से ज़्यादा काम पूरा कर लिया है। जल्द ही पूरे राज्य का विस्तृत डेटा सरकार के पास होगा, जिसका इस्तेमाल हम नीतियां बनाने और सामाजिक न्याय को मजबूत करने के लिए करेंगे। उन्होंने आगे लिखा- जाति जनगणना उन सभी महत्वपूर्ण कदमों में से पहला कदम है जो अगले कुछ दशकों में संपूर्ण विकास के लिए योजना बनाने में मदद करेगा। यही कारण है कि मैं बार-बार देश में एक व्यापक जातिगत जनगणना करवाने की मांग कर रहा हूं। तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने रास्ता दिखाया है, राष्ट्रीय स्तर पर भी हम एक व्यापक जातिगत जनगणना करवा कर रहेंगे।

## 57 कुष्ठ पीड़ित मतदाताओं ने डाला वोट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जामताड़ा :** विधानसभा निर्वाचन के दूसरे चरण में जामताड़ा के हांसीपहाड़ी स्थित स्नेहपुर में कुष्ठ पीड़ित मतदाताओं के लिए बनाए गए विशेष मतदान केंद्र में सभी मतदाताओं ने अपने मत का इस्तेमाल किया। सामुदायिक भवन के मतदान केंद्र (362 क) मिहिजाम स्थित स्नेहपुर कुष्ठ आश्रम को सहायक मतदान केंद्र के रूप में गठित किया गया है। मतदान केंद्र संख्या पर सभी कुष्ठ पीड़ित मतदाताओं ने यहां उनके लिए उपलब्ध सुविधाओं यथा मतदान केंद्र में रैंप, व्हील चेयर, पेयजल, बिजली सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के अलावा वॉलिंटियर की सराहना की।

Asarfi Hospital, Dhanbad
1st TIME LIVER & KIDNEY TRANSPLANT CLINIC AT DHANBAD
IN ASSOCIATION WITH
MGM HEALTH CARE CHENNAI
Liver Transplant Specialist
Dr. Thiagarajan Srinivasan
MBBS, MS, DNB (Gastro Surgery)
Kidney Transplant Specialist
Dr. Vikram Sagar TV
MBBS, MRCP (UK), CCT in Renal Medicine (UK), FRCP (Edinburgh), FRCP (London)
Clinic Date : 27th Nov. (Wednesday), 11:00 AM Onward
7808368888 Baramuri, P.O.: Bishunpur Polytechnic, Dhanbad 828130

**संक्षिप्त खबरें**

## मुख्य सचिव झारखण्ड ने किया मतदान



**रांची।** मुख्य सचिव झारखण्ड, अलका तिवारी ने खिजरी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की महिला समिति, धुर्वा बूथ संख्या-373 पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान केंद्र पर मुख्य सचिव सहित उपस्थित सभी मतदाताओं का पारंपरिक तरीके से का स्वागत किया गया।

## भाजपा प्रदेश महामंत्री ने सपरिवार किया मतदान



**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवम राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने खिजरी विधानसभा के ग्राम कुचु,ओरमांझी बूथ पर सपरिवार मतदान किया।

## ग्रामीण एसपी ने खिंजरी एवं सिल्ली मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**रांची।** सुमित अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रांची, झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के द्वितीय चरण के दौरान रांची जिला ग्रामीण क्षेत्र के खिंजरी एवं सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों का भ्रमण कर निरीक्षण किया । रांची पुलिस के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया गया है, जिससे शांतिपूर्ण मतदान कराया गया है। आम जनों को निर्भय पूर्वक मतदान करने हेतु आह्वान किया गया।

# रांची के सिल्ली, खिजरी पर मतदान संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के दूसरे चरण के 38 सीटों सहित रांची जिला के दो विधानसभा सिल्ली और खिजरी विधानसभा में भी मतदान संपन्न हो गया है। मतगणना 23 नवंबर को है। खिजरी विधानसभा में कुल मतदाताओं की संख्या 374945, महिलाओं की संख्या 190313 और बूथों की संख्या है 413, वहीं सिल्ली में मतदाताओं की संख्या 224794, महिलाओं की संख्या 113263 है और बूथों की संख्या 279 है। हालांकि सिल्ली में मतदाताओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं खिजरी विधानसभा क्षेत्र में शहरी क्षेत्र से सटे बूथों पर 12 बजे तक 38त्न मत डाले गये। खास कर लोवाडीह सामलौंग के संत फ्रांसिस स्कूल, सामलौंग में 322 बूथ में 1538 मतदाता है, तो वही 327 में 1381, 324 में 1466 और 325 में 1375 मतदाताओं की संख्या है संत फ्रांसिस स्कूल में कुल चार बूथ है। ठीक इसके बगल में आसीसी स्कूल है यहां तीन बूथ है 326 में 822 मतदाता 327 में 893 , बूथ 328 में 1126 मतदाता है। निर्मला स्कूल सामलौंग 2 में बूथ 317 में 778, 318 में 590, बूथ 319 में 860, 320 में 1024, 321 में 769 मतदाता हैं। वही लोवाडीह के नजदीकी संत जोसेफ बालिका मध्य एवं उच्च विद्यालय में बूथों की संख्या सात है। बूथ 340 में 1020, 341 में 1015 मतदाता, 342 में 1211, 343 में 1329, 344 में 1282 , 345 में 1274 , 346 में 1064 मतदाता हैं।

## कंट्रोल रूम से पूरे मतदान पर रखी जा रही थी नजर



रांची : रांची जिला के 02 विधानसभा क्षेत्र में मतदान जारी है। विधानसभा निर्वाचन92024 के द्वितीय चरण चरण के मतदान में रांची जिला के 02 विधानसभा क्षेत्रों 61 सिल्ली एवं 62 खिजरी में मतदान जारी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची वरुण रंजन एवं और वरीय पदाधिकारी कार्मिक कोषांग सह उप विकास आयुक्त, रांची दिनेश यादव द्वारा जिला स्तर पर बनाए गए कंट्रोल रूम से पूरे मतदान प्रक्रिया पर नजर रखी जा रही है।

वहीं दूसरी ओर रांची जिला के जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन राजकीयकृत मध्य विद्यालय, तेतरी, नामकुम अवस्थित ट्राइबल थीम पर बनाये गए मतदान केंद्र पर निरीक्षण के लिए पहुंचे। यहां उन्होंने मतदाताओं से बातचीत की एवं चुनाव कार्य में लगे पदाधिकारी व कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। खिजरी विधानसभा क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, आरा, नामकुम अवस्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण भी वरुण रंजन द्वारा किया गया। चुनाव कार्य में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मियों को उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार मतदान सम्पन्न का निर्देश दिया।

## मतदाता सूची से नाम गायब होने पर महिलाओं ने बीएलओ के प्रति दिखाया गुस्सा

रांची। दूसरे चरण के मतदान के दौरान रांची जिला के खिजरी विधानसभा मतदान केंद्र में बूथ नंबर 327 में श्वेता सिंह ने बीएलओ के प्रति आक्रोश दिखाते हुए कहा कि बीएलओ ने हम लोगों का नाम डिलीट कर दिया है। लोकसभा में हम लोगों ने बूथ नंबर 327 पर मतदान किया था। मेरे पति संजय सिंह ने भी मतदान किया था। लेकिन जब अभी बूथ पर पहुंचे तो हमारा मतदाता सूची में नाम नहीं है। बताया गया कि नाम डिलीट कर दिया गया है। इतना ही नहीं वह इसकी जानकारी रांची जिला उपयुक्त वरुण रंजन को भी फोन से दी , लेकिन त्वरित हल नहीं निकाला गया। बता दे इस तरह की समस्या कजरी विधानसभा के आईसीसी स्कूल शमिलों बोथ नंबर 327 में देखने को मिला इतना ही नहीं 12ः00 बजे दिन तक यहां पर मतदाताओं की संख्या भी नहीं के बराबर थी आब्जर्वर ने बताया कि करीब 32 प्रतिशत मतदान हुआ है।



## सीआईडी एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा ने पत्नी के साथ किया मतदान



रांची। सीआईडी के एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा ने खिजरी विधानसभा के संत जोसेफ मध्य एवं उच्च विद्यालय के बूथ नंबर 341 में अपनी पत्नी के साथ मतदान करने पहुंचे । उन्होंने मतदान करने के बाद कहा कि 18 साल के ऊपर सभी को मतदान करना चाहिए और अच्छे साफ सुथरा उम्मीदवार को चुनाव जीताकर विधानसभा भेजना चाहिए।

## उपायुक्त ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

रांची। खिजरी विधानसभा क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, आरा, नामकुम अवस्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण भी जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रांची वरुण रंजन द्वारा किया गया। चुनाव कार्य में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मियों को उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार मतदान सम्पन्न का निर्देश दिया।



## सुदेश ने माता और पत्नी के साथ किया मतदान



रांची। आजसू सुप्रीमो और सिल्ली विधानसभा के उम्मीदवार सुदेश महतो अपने विधानसभा क्षेत्र में अपनी माता और पत्नी नेहा महतो के साथ मतदान करने पहुंचे। सुदेश महतो ने कहा की चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है । अब गिनती का इंतेज़ार है। राज्य में एनडीए गठबंधन की सरकार बनेगी यह तय है।

## जेएलकेएम उम्मीदवार ने किया मतदान



रांची। विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण में वोटिंग संपन्न हो गई है। इसे लेकर सिल्ली से जेएलकेएम प्रत्याशी देवेन्द्रनाथ महतो ने भी मतदान किया।

## रांची एसएसपी और सिटी एसपी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दूसरे चरण में रांची जिले के दो विधानसभा सीटों पर बुधवार को वोटिंग जारी है। सिल्ली और खिजरी में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हो रहा है।

इस दौरान एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सिल्ली विधानसभा के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। रांची पुलिस की अपील है कि मतदाता निर्भीक होकर मतदान करें। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों को एसएसपी ने कई दिशा-निर्देश भी दिए। दूसरी ओर, रांची के सिटी एसपी राज कुमार मेहता खिजरी विधानसभा क्षेत्र के तुपुदाना इलाके में बूथों का निरीक्षण कर रहे हैं। इलाके में शांतिपूर्ण मतदान जारी है।



**एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सिल्ली विधानसभा के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। रांची पुलिस की अपील है कि मतदाता निर्भीक होकर मतदान करें। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।**

## झारखंड न बंटेगा न टूटेगा, झारखंडी एक हैं और एक रहेंगे : कांग्रेस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बुधवार को कहा कि दूसरे चरण के चुनाव में जनता ने भाजपा को साफ संदेश दे दिया है कि झारखंड न बंटेगा न टूटेगा, झारखंडी एक हैं और एक रहेंगे। द्वितीय चरण के चुनाव में पिछली बार की अपेक्षा महागठबंधन को 10 सीट ज्यादा प्राप्त होगी और भारी बहुमत के साथ हम सत्ता में वापसी करेंगे।

सिन्हा ने कहा कि भाजपा के घुसपैठ और बंटवारे की राजनीति को जनता ने झारखंड से बाहर का रास्ता दिखा दिया है और यह साफ कर दिया है कि झारखंड की सत्ता बांटने वालों के लिए नहीं जोड़ने वालों के लिए विकास की सोच रखने वालों के लिए है। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता ने द्वितीय चरण के मतदान में जनकल्याण, जल, जंगल, जमीन और जनजातीय सभ्यता की सुरक्षा और संरक्षण के लिए वोट कर यह साबित कर दिया कि सामाजिक न्याय की जीत तय है और वोटों के ध्रुवीकरण की हार है। उन्होंने चुनाव संपन्न होने पर राज्य की जनता के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि अवसरवादी राजनीति चुनिंदा पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने की नीति और किसानों, नौजवानों, महिलाओं के भविष्य को खतरे में डालने वाली भाजपा और उसके घटक दलों को जनता ने पूरी तरह से नकार दिया और यह साबित कर दिया कि हमारे सात गारंटियों किसानों की ऋण माफी, लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए और झारखंड के विकास के लिए वोट कर नफरत के बाज़ार में मोहब्बत की दुकान खोलने का काम किया है।



## जनता का मिला आशीर्वाद, मिलकर बनाएंगे एक नया झारखण्ड : हेमंत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जनता का आभार व्यक्त्त करते हुए कहा कि झारखण्ड की पावन धरती पर लोकतंत्र का यह महापर्व अद्भुत रहा। दोनों चरणों में राज्य की जनता ने अपनी आकांक्षाओं और आशाओं को मतदान के माध्यम से अभिव्यक्त किया है। यह केवल एक चुनाव नहीं, बल्कि एक नए, समृद्ध और सशक्त झारखण्ड के निर्माण का संकल्प है। बुजुर्ग, युवा, श्रमिक , महिला, किसान - सभी ने उत्साह और उमंग के साथ लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना अभूतपूर्व आशीर्वाद दिया। सभी ने, खासकर, राज्य की आधी आबादी - हमारी मंईयां ने बढ़-चढ़कर अपने हक-अधिकार, मान और सम्मान के लिए ऐतिहासिक रूप से झामुमो और इंडिया गठबंधन को अपना असीम आशीर्वाद दिया। हम दृढ़ता से प्रण लेते हैं कि अमर वीर शहीदों के बलिदान को साकार करेंगे, महान क्रांतिकारियों के सपनों को पूरा करेंगे, आंदोलनकारियों की आकांक्षाओं को मूर्त रूप देंगे और मिलकर बनाएंगे एक नया, सोना झारखण्ड!इस पावन अवसर पर मैं नतमस्तक हूं - प्रत्येक मतदाता के प्रति, कर्तव्यनिष्ठ मतदानकर्मियों के प्रति, झामुमो और इंडिया गठबंधन के समर्पित कार्यकर्ताओं के प्रति, और उन सभी राजनीतिक दलों के प्रति, जिन्होंने लोकतंत्र को मजबूत किया है।

## झामुमो ने बाबूलाल मरांडी के खिलाफ चुनाव आयोग को लिखा पत्र

**रांची :** झामुमो ने चुनाव आयोग को बाबूलाल मरांडी के खिलाफ शिकायत करते हुए पत्र लिखा है। झामुमो ने बाबूलाल मरांडी पर मतदान के दौरान तस्वीर खिंचवाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान अपनी तस्वीर खिंचवाकर सार्वजनिक की गई। यह आदर्श चुनाव आचार संहिता के विरुद्ध है एवं एक मतदाता के तौर पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 का उलंघन है। उन्होंने चुनाव आयोग से इस संबंध में तुरंत कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

## हेमंत सरकार जा रही है, एनडीए की सरकार आ रही है : बाबूलाल मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हरमू स्थित प्रदेश कार्यालय में 20 नवंबर को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा का चुनाव संपन्न हो गया, इसके लिए प्रदेश के मतदाताओं को आभार प्रकट करता हूं। चुनाव में लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए जनता ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई। लोगों ने चुनाव में बढ़-चढ़कर भाग लिया। मजबूत सरकार और विकसित झारखंड बनने के लिए लोगों ने बड़ी संख्या में मतदान किया है। मरांडी ने कहा कि भाजपा और एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में भाजपा के कई राष्ट्रीय नेताओं ने चुनाव प्रचार किए। प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी की 6 विशाल सभा हुई। एक रोड शो किया। झारखंड जैसे छोटे राज्य में देश के प्रधानमंत्री अगर इतना समय दे रहे हैं, तो यह राजनीतिक रूप से लोकतंत्र को मजबूत करने और झारखंड के लोगों के प्रति उनके प्यार व रिश्ता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री का अतिरिक्त गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ,उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित कई नेताओं की सभा झारखंड में हुई। एक लंबी फेहरिस्त है।झारखंड के चुनाव प्रभारी व भारत सरकार के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और प्रदेश के प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई ने भी कई सभाएं की। झारखंड के कार्यकर्ता ने भी नेताओं के साथ खूब मेहनत की।




उन्होंने कहा कि प्रशासन को भी निश्चित रूप से बधाई देता हूं, लेकिन प्रदेश के मुख्यमंत्री जहां से चुनाव लड़ रहे हैं, वहां से बार-बार जो शिकायत में आई उससे लगा कि मुख्यमंत्री डरे और सहमे हुए हैं। बरहेट का रिजल्ट चौंकाने वाला आएगा। लोग दांतों तले उंगली दबा लेंगे। बरहेट में वर्तमान मुख्यमंत्री के लोकप्रियता काफी कम हुई है। इसका अंदाजा इससे लगा सकते हैं कि उनके जो पहले प्रभारी रहे, वे जेल में बंद रहे। उसके ऊपर हजारों करोड़ों रुपया की गड़बड़ी का मामला है। वहां पर अवैध खनन करवाए हैं। ऐसे व्यक्ति वहां घूम घूम करके चुनाव के दिन में पैसे बांट रहे हैं। लोगों को धमका रहे हैं। एक-47 वाले राइफलधारी गार्ड को लेकर के घूम रहे हैं, जबकि चुनाव के दिन क्षेत्र से बाहर के व्यक्ति वहां घूम नहीं सकते हैं। यह पूरी तरह से निषेध है।

# मां-पिता ने मिलकर की पुत्र की हत्या

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के ठाकुरगांव थाना क्षेत्र में मां-पिता ने मिलकर अपने ही पुत्र की हत्या कर दी और शव को घर में बंद कर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद ठाकुरगांव पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। साथ ही पुलिस आरोपितों की तलाश में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार, ठाकुरगांव थाना क्षेत्र निवासी मदन पाहन (20) की धारदार हथियार से वार कर हत्या की गई है। सबसे हैरानी वाली बात यह है कि मदन की हत्या किसी दुश्मन के द्वारा नहीं की गई है, बल्कि मदन को उसके पिता फुलेश्वर पाहन ने ही पत्नी के साथ मिलकर मार डाला। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि मदन की मां का देहांत हो चुका था। इसके बाद मदन के पिता फुलेश्वर पाहन ने दूसरी शादी कर ली थी। सौतेली मां के साथ मदन के संबंध काफी खराब थे। तीनों में हमेशा लड़ाई-झगड़ा होता था। कई बार मारपीट भी हुई थी। स्थानीय लोगों के अनुसार, मंगलवार रात भी मदन का पिता और सौतेली मां के साथ काफी झगड़ा हुआ था। देर रात तक मारपीट भी होते रहा। बाद में सब कुछ शांत हो गया था लेकिन आधी रात ही पति-पत्नी कहीं चले गए। इसके बाद यह पता चला की मदन की हत्या कर दोनों फरार हो गए हैं। इस संबंध में बुधवार को ठाकुरगांव थाना प्रभारी विनीत कुमार ने बताया कि घरेलू विवाद में मदन पाहन की हत्या कर दी गई है। उसके पिता और सौतेली मां के जरिये ही हत्या को अंजाम दिया गया है। दोनों आरोपित घर बंद कर फरार हो गए हैं। आरोपितों की तलाश में छापेमारी की जा रही है। शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पूरे मामले की गहन जांच पड़ताल की जा रही है।



## विमेंस टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी का मैच खेला गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सीनियर विमेंस टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी का मैच टीम बी और टीम सी के बीच जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। जिसमें टीम बी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम बी ने 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 168 रन बनाए। टीम बी की बल्लेबाज प्रतिका रावल ने 53 गेंदो में छह्र चौको और चार छक्के की मदद से 70 रन बनाये एवं तेजल ने 15 गेंद में 24 रनो का योगदान किया। टीम सी की गेंदबाज आरती केदार ने चार ओवरो में 41 रन देकर चार विकेट अर्जित किये 7जवाबी पारी में टीम सी ने 20 ओवर में आठ विकेट खोकर मात्र 135 रन ही बना पाई । टीम सी की बल्लेबाज शरण्या गढ़वाल ने 22 गेंद में नॉट आउट 28 रन बनाये। टीम बी की तरफ से गेंदबाजी करते हुए तनुश्री सरकार ने 4 ओवरो मे 24 रन देखकर 3 विकेट अर्जित किए । इस प्रकार टीम बी ने 33 रनो के अन्तर से जीत अर्जित की। टीम बी की प्रतीका रावल को मैन आफ द मैच का अवार्ड जेएससीए के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज कुमार के द्वारा दिया गया ।



# सिल्ली-मुरी में शांति पूर्ण मतदान सम्पन्न, युवा वोटरों में दिखा उत्साह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली-मुरी एवं आसपास के क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हो गया। सिल्ली प्रखंड में 74.59 प्रतिशत मतदान हुआ जो पिछले विधानसभा चुनाव से 3.40 प्रतिशत अधिक रहा। वहीं सिल्ली विधानसभा में कुल 76.7 प्रतिशत मतदान हुआ। बुधवार को मतदान के दौरान पुरूष के साथ-साथ महिलाओ ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। वहीं मतदान को शांतिपूर्ण ढ़ंग से पुरा कराने में 900 से अधिक सुरक्षा बल तैनात किये गये थे। वहीं कई बुथो में चिकित्सा दल एंबुलेंस को भी रखा गया था। सिल्ली के 111 बूथों पर वेबकॉस्टिंग के जरिये सीधे मोनीटरिंग की जा रही थी। वही लगाम मतदान केंद्र को फुलों से सजाया गया था। चुनाव के दौरान कही से भी कोई अप्रिय घटना की सूचना नही है। इलाके में मतदान को लेकर मतदाताओ में काफी उत्साह देखा गया। सुबह छह बजे से ही लोग मतदान के लिए कतार पर लग गये थे। सिल्ली मेनरोड, पतराहातु मेन रोड, मुरी मेनरोड आदि जगह की दुकानो भी बंद रही। मतदान पहले जलपान बाद में का माहौल रहा। मतदान के उपरांत बाजार की दुकाने खुली। लोकतंत्र के इस पर्व में बड़ी संख्या में युवा एवं महिला पहुंची एवं दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदातओं में भी भारी उत्साह देखा गया। दिव्यांग मतदाताओ के लिए अलग से व्यवस्था की गई थी। वही युवा मतदाताओ का उत्साह देखते ही बन रहा था। मतदान केंद्रो सं 82 में पहली महिला मतदाता पुर्णिमा सिंह देव एवं पुरुष मतदाता दिलीप साय को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सिल्ली के दुर्गम क्षेत्र के बुथों पर सुरक्षा बलो का कड़ा पहरा रहा। जहां पर कड़ी चैकसी बरती जा रही थी। वरिय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, ग्रामीण एस पी सुमित कुमार अग्रवाल, बीडीओ अनिल कुमार एवं सीओ अरुणिमा एक्का समेत अन्य अधिकारी लगातार सभी बुथो का समय-समय पर निगरानी करते नजर आये। वहीं सिल्ली के ग्रामीण क्षेत्र घाघरा बुथ संख्या 61में भी ग्रामीणो ने बढ़ चढ़कर अपने मत का प्रयोग किया। वही बुथ संख्या 123 में आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो, पत्नी नेहा महतो एवं उनकी माता देवकी देवी के साथ पहुंचे व अपने मताधिकार का प्रयोग किये।

## मांडर की युवती से दुष्कर्म आरोपी फरार

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर थाना क्षेत्र में एक मंदबुद्धि युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। करीब 30 वर्ष की इस युवती से दुष्कर्म के आरोप को लेकर मांडर बाजार टांड़ निवासी एक युवक एनामुल अंसारी के खिलाफ मांडर थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। प्राथमिकी के अनुसार घटना 10 नवंबर की है। उस दिन युवती करीब 12 बजे अपने घर के नजदीक ही घूम रही थी। इसी क्रम में वहां एनामुल अंसारी पहुंचा और युवती को अपने साथ जबरन एक खाली पड़े मकान में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। जानकारी के अनुसार घटना के दौरान पीड़िता के परिवार के लोग बाहर गये हुये थे। वापस लौटने पर पीड़िता ने अपने साथ हुए हादसे की जानकारी उन्हें दी। उसके बाद आरोपी के विरुद्ध मांडर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी. आरोपी फरार है. उसकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

## शराब के नशे में पिता और सौतेली माँ ने मिलकर किया पुत्र की हत्या

**बुढ़मू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के पतरातू गांव में मंगलवार की देर रात्रि एक हृदयविदारक घटना को अंजाम दिया गया है। गांव के एक युवक की हत्या उसके पिता व सौतेली माँ ने टांगी तथा साबल से कर दिया। जानकारी के अनुसार गांव के फुलेश्वर पाहन व उसकी तीसरी पत्नी सुनीता देवी ने टांगी से हमला कर अपने पुत्र मदन पाहन 25 वर्ष की हत्या घर मे ही कर दिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त टांगी को बरामद कर लिया है साथ ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। वहीं दोनों आरोपी घटना के बाद से फरार हैं। पुलिस दोनों की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी कर रही है।



**मृतक का आज होना था छेका रस्म :** घटना में मृतक मदन पाहन का शादी रामगढ के पतरातू में तय हो गया था। मृतक का छेका रस्म के लिये बुधवार को मेहमान उसके घर आने वाले थे। ग्रामीणों के अनुसार आरोपी फुलेश्वर पाहन ने तीन शादियां की है। उसके पहली पत्नी से एक बेटी है जो शादीशुदा है। दूसरी पत्नी से मृतक था। दोनों पत्नियों के मृत्यु हो जाने के बाद आरोपी ने तीसरी शादी की थी। जिससे एक पुत्र व एक पुत्री है। तीसरी पत्नी सुनीता देवी के साथ मिलकर फुलेश्वर पाहन ने इस हत्याकांड को अंजाम दिया है।

## ऑक्सब्रीज स्कूल में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज ऑक्सब्रीज स्कूल में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नौ तथा दस के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता तीन चरणों में संपन्न हुआ । विद्यार्थीयों ने इसमें बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता के विजेता शशि कुमार, जैद अकरम अंसारी, समित गोप, मो. हसन और सपना कुमारी रहे। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या द्वारा सर्टिफिकेट और चॉकलेट वितरित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के सभी विद्यार्थी एवं शिक्षक मौजुद थे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निरीक्षण कर तैयारियों का लिया जायजा

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 23 नवंबर 2024 को होने वाले विधानसभा निर्वाचन के मतगणना कार्य को लेकर बिरसा कॉलेज, खूंटी में बनाए गए मतगणना केंद्र में आवश्यक तैयारियों का आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने जायजा लिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतगणना केंद्र में की जा रही व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मतगणना प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने हेतु मतगणना कक्ष का निरीक्षण करते हुए विभिन्न तैयारियों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतगणना कक्षों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने, केंद्र में सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता सुनिश्चित करने, मीडिया और राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के लिए बैठने समेत अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने, परिसर में बिजली, पानी और अन्य आवश्यक सुविधाओं को सुनिश्चित करने समेत आवश्यक निर्देश दिया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे मतगणना केंद्र पर सभी तैयारियों को समयबद्ध तरीके से पूरा करें। निर्वाचन प्रक्रिया में शामिल सभी अधिकारियों और कर्मियों को निष्पक्षता और तत्परता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया है। उल्लेखनीय है कि 13 नवंबर को खूंटी एवं तोरपा विधानसभा क्षेत्र में हुए मतदान के पश्चात बिरसा कॉलेज खूंटी में बने स्ट्रांग रूम में सुरक्षित ईवीएम एवं पोस्टल बैलट को रखा गया है। 23 नवंबर को मतगणना की तिथि निर्धारित है। जिला निर्वाचन की तरफ से बिरसा कॉलेज में मतगणना कार्य को लेकर सभी तैयारियां की गई है। खूंटी एवं तोरपा विधानसभा क्षेत्र के मतगणना के लिए 20-20 टेबल ईवीएम के लिए एवं 11-11 टेबल पोस्टल बैलट के लिए लगाया गया है। अगर मतगणना राउंड की बात करें तो तोरपा विधानसभा क्षेत्र का मतगणना 13 राउंड में एवं खूंटी विधानसभा क्षेत्र का मतगणना 15 राउंड में सम्पन्न किया जाना है। 23 नवम्बर को प्रातः 8ः00 बजे से सबसे पहले पोस्ट बैलट से हुए मतदान का मतगणना कार्य प्रारंभ होगा, वहीं प्रातः 8ः30 बजे से ईवीएम से हुए मतदान का मतगणना कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

# पुरिया में बाल मेला का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखण्ड अंतर्गत पूरियों ग्राम में बाल मेला (नन्हे कदम) का आयोजन किया गया। इस बाल मेले में पंचायत से लगभग 150 बच्चे एवं अभिभावक, पूरियों मध्य विद्यालय के शिक्षक गण स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी, आईसीडीएस की सेविका स्वयं सहायता समूह के लोग शामिल हुए इस बाल मेला में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां और खेल जैसे बिस्किट दौड़, मेंढक दौड़, चम्मच दौड़, नृत्य कार्यक्रम, कविता पाठ लूडो के रोचक खेल द्वारा स्वास्थ्य एवं जच्चा बच्चा रखरखाव से संबंधित खेल करवाए गए।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को अपने प्रतिभा को रखने हेतु मंच प्रदान करना था जिसमें अधिक से अधिक बच्चों को यह अवसर दिया जाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में पुरिया मुखिया नीरज कुजूर, हरिहरपुर जामटोली मुखिया लक्ष्मी कोया, पुरियो ग्राम प्रधान जयराम कच्छप, गुरुकुल विद्यालय प्राचार्य, एन एम लक्ष्मी, राजकीयकृत मध्य विद्यालय पुरियो के शिक्षक विशेष रूप से उपस्थित थे। इस बाल मेले में उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा सराहना की गई एवं इस तरह के मेले को भविष्य में भी आयोजन करने के हेतु बात रखी गई।



## पहले मतदान फिर जलपान की अपील पर हुआ अमल, सुबह-सुबह बूथों पर पहुंचे मतदाता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** जिले के तीनों विधानसभा सीट के लिए पहले मतदान फिर जलपान की अपील पर अमल करते हुए मतदाता सुबह-सुबह बूथों पर पहुंचे। अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पाकुड़, लिट्टीपाड़ा और महेशपुर तीनों विधानसभा में जमकर वोट पड़े। मतदाता सुबह 7ः00 बजे से पहले ही अपने-अपने बूथों पर जाकर कतार में खड़े हो गए। इसके बाद धीरे-धीरे कतार लंबी होती चली गई। मतदाताओं ने जमकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रशासन की अपील पर अमल करते हुए अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन किया। पाकुड़, लिट्टीपाड़ा और महेशपुर तीनों विधानसभा में पुरुषों के साथ-साथ महिला मतदाताओं की भागीदारी पहले की तरह ही देखा गया। महिलाओं ने भी सुबह-सुबह घर से निकल कर बूथों पर जाकर अपना वोट डाला। मतदाताओं ने शांतिपूर्ण माहौल में भय मुक्त होकर अपने-अपने मत का प्रयोग किया। प्रत्याशियों ने भी अपने-अपने बूथों पर जाकर वोटिंग की। प्रत्याशियों ने लाइन में खड़े होकर अपने-अपने मत का प्रयोग किया। मतदाताओं में महिला और पुरुषों के साथ-साथ युवा वोटरों की तादाद भी काफी ज्यादा देखी गई। पहली बार वोट कर रहे युवा मतदाताओं में गजब का उत्साह देखा गया। युवा मतदाताओं ने वोटिंग के बाद अपना फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल किया और दूसरों को भी वोटिंग के लिए प्रेरित किया। वहीं प्रशासन की टीम तीनों विधानसभा क्षेत्र में लगातार दौरा करती नजर आई। उपायुक्त मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार सहित तमाम अधिकारियों ने क्षेत्र में घूम-घूम कर वोटिंग कार्य का जायजा लिया। इस दौरान नगर थाना, मुफस्सिल थाना,

## वोट बहिष्कार की खबर सुन जागा प्रशासन, मनाने के बाद दो बजे शुरू हुआ मतदान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महेशपुर :** महेशपुर प्रखंड अंतर्गत मानिकपुर पंचायत क्षेत्र के निमडांगा उत्क्रमित मध्य विद्यालय मतदान केंद्र संख्या 153 निमडंगा के ग्रामीणों ने पेयजल एवं सड़क निर्माण की मांग को लेकर बुधवार को सुबह सात बजे से दोपहर 1ः30 बजे तक मतदान बहिष्कार कर दिया। मतदान बहिष्कार की सूचना पर एसडीपीओ विजय कुमार, बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव, सीओ संजय कुमार सिंहा, थाना प्रभारी सन्नी सुप्रभात, बीपीआरओ प्रसनजीत मंडल पुलिस बल के साथ ग्रामीणों की समस्या को सुना। तथा सभी को मतदान करने के लिए समझाया। परंतु ग्रामीण पहले सड़क निर्माण एवं पेयजल की समस्या से छुटकारा दिलाने की मांग कर रहे थे। ग्रामीण ने बताया कि विकास के नाम पर कुछ भी काम नहीं हुआ है। जिस कारण वे लोग वोट बहिष्कार कर रहे हैं। वहीं दोपहर बाद उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि चुनाव के बाद उन लोगों का सभी समस्या का समाधान किया जाएगा। इसके बाद ग्रामीणों ने मतदान करने पर राजी हुए।



## पाकुड़ में बंपर वोटिंग, टूटे पिछले सारे रिकॉर्ड, शाम पांच बजे तक 75.88 प्रतिशत रहा मतदान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** जिले के तीनों विधानसभा सीट के लिए बुधवार को जमकर वोट पड़े। पिछले सारे रिकॉर्ड को तोड़ इतिहास रच दिया। साल 2019 के विधानसभा चुनाव की बात करें या फिर पिछले लोकसभा चुनाव की, इस बार के मत प्रतिशत ने सारे रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने संयुक्त रूप से देर शाम प्रेसवार्ता आयोजित कर जानकारी दिया कि शाम पांच बजे तक जिले में 75.88 प्रतिशत वोटिंग हुई। वहीं पाकुड़ विधानसभा और लिट्टीपाड़ा विधानसभा के मुकाबले महेशपुर विधानसभा सीट के लिए सबसे ज्यादा मतदान रिकॉर्ड दर्ज किया गया।मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। पुरुषों के साथ-साथ काफी तादाद में महिला मतदाता भी बूथ पर पहुंचे थे। युवा मतदाताओं की भी काफी भीड़ थी। लंबी कतार में घंटे खड़े रहकर भी बारी का इंतजार करते रहे। एक भी मतदाता इधर-उधर नहीं हुए। अपनी बारी का इंतजार करते हुए पसंदीदा प्रत्याशी के लिए मतदान किया। इस दौरान प्रशासन की ओर से कई दफा मत प्रतिशत सार्वजनिक किया गया। मतदान शुरू होने के बाद पहली बार सुबह 9ः00 बजे अपडेट दिया गया। इसके मुताबिक सुबह 9ः00 बजे तक जिले में 16.31 प्रतिशत मतदान हुए। इसमें लिट्टीपाड़ा विधानसभा में 16.20, पाकुड़ विधानसभा में 15.21 और महेशपुर विधानसभा में 17.52 प्रतिशत वोटिंग शामिल रहा। इसके बाद सुबह 11ः00 बजे तक जिले का मतदान प्रतिशत 35.15 रहा। लिट्टीपाड़ा में 34.71, पाकुड़ में 33.42 प्रतिशत और महेशपुर में 38.35 प्रतिशत मतदान हुए। वहीं दोपहर 1ः00 बजे तक जिले का मतदान प्रतिशत 53.83 रहा। लिट्टीपाड़ा विधानसभा में 53.92 प्रतिशत, पाकुड़ विधानसभा में 50.74 प्रतिशत और महेशपुर विधानसभा में 58.77 प्रतिशत वोटिंग हुई। जबकि 3ः00 बजे तक जिले का मतदान प्रतिशत 69.31 प्रतिशत रहा। लिट्टीपाड़ा में 67.98 प्रतिशत, पाकुड़ विधानसभा में 67.16 प्रतिशत और महेशपुर विधानसभा में 74.00 प्रतिशत मतदान हुए। शाम 5ः00 बजे तक जिले में 75.88 प्रतिशत वोट पड़े। लिट्टीपाड़ा विधानसभा में 73.50 प्रतिशत, पाकुड़ विधानसभा में 75.05 प्रतिशत और महेशपुर विधानसभा में 79.40 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इसके बाद भी कई मतदान केंद्रों पर मतदान जारी थी। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि तीनों विधानसभा में शांतिपूर्ण माहौल में मतदान संपन्न हुआ। किसी भी विधानसभा से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है।




# उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल में भगवान बिरसा मुंडा का मनाया गया जन्म दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल खलारी में सीबीएसई द्वारा जारी निर्देश के आलोक में भगवान बिरसा मुंडा का जन्म दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या सिस्टर जयन्ती द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं ने भी उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया। मौके पर सिस्टर जयन्ती ने अपने संबोधन में कहा कि आदिवासी सदा अपनी जड़ और परम्पराओं से जुड़े रहते हैं। आदिवासियों का इतिहास हजारों वर्ष पुराना है। वे आज भी अपनी सभ्यता और संस्कृति बचाने का प्रयास कर रहे हैं तथा अपनी नई पीढ़ी को भी इससे जोड़ रहे हैं। इसने लिए प्रकृति ही सबसे बड़ा धर्म है, इसलिए वे इस प्रकृति को हमेशा सुरक्षित रखते हैं। वे ही हमारे वास्तविक पूर्वज हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को भगवान बिरसा मुंडा के जीवन से सीख लेने को तथा इनसे जुड़ी किताबों को पढ़ने को कहा। इस मौके पर कक्षा चार के विद्यार्थियों द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें आदिवासी जनजाति, संस्कृति परंपरा , वेश-भूषा , जीवन-शैली तथा उनकी कला की झलक दिखाई गयी। भगवान बिरसा मुंडा के जीवन से जुड़ी गाथाएं नाटक के माध्यम से प्रदर्शित किया। साथही भगवान बिरसा के संघर्ष बारे में विस्तार से बताया। इसके अलावे मंच पर ही आदिवासी संस्कृति से जुड़ी हुई वस्तुओं और चित्रकलाओं का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा चार की वर्ग की शिक्षिका रोज़ी मगदली टोप्पो की विशेष भूमिका रही। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक सहित सभी छात्र उपस्थित थे।



## तिरूलडीह सीएचसी में आयोजित शिविर में 14 महिलाओं ने कराया बंध्याकरण



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकडु प्रखंड क्षेत्र के तिरूलडीह उप स्वास्थ्य केन्द्र में बुधवार को महिला बंध्याकरण शिविर का आयोजन किया गया। बंध्याकरण शिविर में कुल 14 महिलाओं का बंध्याकरण किया गया। ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का बंध्याकरण शिविर आयोजित किए जाने से महिलाओं में परिवार नियोजन कार्यक्रम के प्रति रूचि बढ रही है। तिरूलडीह उप स्वास्थ्य केन्द्र में 2024 को तीसरा बार महिला बंध्याकरण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 50 महिलाओं ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजना, परिवार नियोजन को अपनाकर बंध्याकरण कराया। वहीं इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर हरेंद्र सिंह मुण्डा ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के लिए शिविर का आयोजन कर सुरक्षित बंध्याकरण किया गया। मौके पर प्रखंड लेखापाल रौशन कुमार झां, एएनएम ज्योति आदि उपस्थित थे।

## टंकी फटने से एक साल से बर्बाद हो रहा पानी, विभाग कर रहा है अनदेखी



**डुमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डुमरिया प्रखंड की आस्ताकोवाली पंचायत अंतर्गत सातपुरी गांव में जल जीवन मिशन के अधीन जलमीनार स्थापित किया गया है। एक वर्ष पहले पानी टंकी फट गया है। जिसके कारण मोटर से पानी चढ़ाने के बाद पानी बहकर निकल जाता है। इस जलमीनार से 40 परिवारों को पेयजल आपूर्ति हो रही थी। ग्रामीण सुकुरमनी टुडू ने बताया कि आपूर्ति बंद होने से ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पदाधिकारियों को सूचना दी गई है। विभाग की ओर से टंकी को बदलने के लिए कोई पहल नहीं की गई।

## राजद प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव के निधन पर शोकसभा का आयोजन



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राजद कार्यालय में एक शोकसभा आयोजित कर पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव के आकस्मिक निधन पर दुःख प्रकट किया गया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश महासचिव ने इसे पार्टी के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया है। इस मौके पर जिला प्रवक्ता मुकेश झा ने कहा पार्टी ने एक अभिभावक खो दिया है। इस मौके पर पुष्पा सिंह, यशोदा मुर्मू, श्याम सुंदर मालाकार, शंकर शर्मा, राजकुमारी सिंह समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कस्तूरबा विद्यालय, बांगुड़दा में जनजातीय नुक्कड़ नाटक आयोजित



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राज्य में 15 नवंबर से 26 नवंबर तक जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़ा मनाया जा रहा है इसके तहत बुधवार को पटमदा के बांगुड़दा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं ने जनजातीय नुक्कड़ नाटक कर अपनी भाषा, संस्कृति को बचाकर रखने का संकल्प लिया। मौके पर वार्डेन रजनी मुर्मू, कुमारी सारी, रजनी गुड़िया, सुनीता महतो, बेबी महतो, यशोदा सिंह, क्वीन ठाकुर, शिक्षक कर्मू गोप, सुभाष बास्के, विश्वनाथ कुंभकार व आलोक रंजन गोराई आदि उपस्थित थे।

## प्लस टू उच्च विद्यालय, बांगुड़दा में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा प्रखंड के प्लस टू आदिवासी उच्च विद्यालय, बांगुड़दा में पिछले दो दिनों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माचा की ओर से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में डॉ. सोमेन कुमार दत्ता व चिकित्सा कर्मियों द्वारा छात्र- छात्राओं की स्वास्थ्य जांच की जा रही है। इस क्रम में बच्चों की लंबाई, वजन, नाखून, त्वचा, हीमोग्लोबिन आदि की जांच की गई। विभिन्न समस्याओं के निदान हेतु आवश्यक दवाइयां तथा उचित स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी जा रही है। इसके अतिरिक्त बच्चे स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न प्रकार के प्रश्न भी डॉक्टर से कर रहे हैं तथा जिनका संतोषजनक जवाब मिलने से विद्यार्थी संतुष्ट नजर आ रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुजीत कुमार सेठ ने बताया कि विद्यालय में बच्चों की स्वास्थ्य जांच नियमित रूप से होती है।

## आईआरसीटीसी ने महाकुंभ 2025 को प्रयागराज में महाकुंभ ग्राम, टेंट सिटी किया लॉन्च

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी), भारत सरकार की अनुसूची ए मिनीरत्न पीएसयू और भारतीय रेलवे की पेशेवर यात्रा और पर्यटन शाखा, एक अद्वितीय सांस्कृतिक और अद्वितीय महाकुंभ ग्राम, आईआरसीटीसी टेंट सिटी विकसित करने के लिए प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के साथ तैयार है। संजय कुमार जैन, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, आईआरसीटीसी ने इस परियोजना के बारे में कहा, प्रयागराज में महाकुंभ ग्राम, आईआरसीटीसी टेंट सिटी तीर्थयात्रा और पर्यटन परिदृश्य में एक परिवर्तनकारी जोड़ होगा, जिसमें लक्जरी आवास और एक तरह से सांस्कृतिक अनुभव का संयोजन होगा। महाकुंभ ग्राम टेंट सिटी को सीधे बुकिंग के साथ-साथ रेल टूर पैकेज, भारत गौरव ट्रेनों आदि का लाभ उठाने वाले आईआरसीटीसी पर्यटकों को संरक्षण दिया जाएगा। आईआरसीटीसी के निदेशक (पर्यटन और विपणन) राहुल हिमालयन ने कहा, प्रयाग राज में महाकुंभ ग्राम टेंट सिटी मेहमानों के लिए उच्च स्तर की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित डीलक्स और प्रीमियम शिविर पेश करेगा, जो आध्यात्मिक माहौल के बीच एक प्रीमियम महाकुंभ 2025 का अनुभव प्रदान करेगा।

# जमशेदपुर कॉपरेटिव कॉलेज पहुंचे डीईओ, एसएसपी, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा का लिया जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड विधानसभा चुनाव के तहत 23 नवंबर 2024 को मतगणना होनी है। पूर्वी सिंहभूम जिला मुख्यालय जमशेदपुर के कॉपरेटिव कॉलेज परिसर में मतगणना केंद्र बनाया गया है। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने मतगणना स्थल एवं स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया । मौके पर परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपांकर चौधरी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान, एसडीएम धालभूम शताब्दी मजूमदार, सिटी एसपी कुमार शिवाशीष मौजूद थे । जिला के वरीय पदाधिकारियों ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा का जायजा लिया तथा विधानसभावार मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया एवं मतगणना को लेकर स्थल पर की गयी आवश्यक तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने मतगणना हॉल में प्रकाश की समुचित व्यवस्था करने एवं आवश्यकतानुरूप बैरिकेडिंग किए जाने, मतगणना टेबल पर आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने सहित अन्य सुविधा सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। मतगणना स्थल पर सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था संधारण की समीक्षा कर पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन का अक्षरशः अनुपालन करते हुए मतगणना केंद्र पर आवश्यक सुविधा व व्यवस्था उपलब्ध करायें। मतगणना कर्मियों, काउंटिंग एजेंट, उम्मीदवार, लेबर, ऑफिसर आदि के आवागमन हेतु अलग बेरिकेडिंग करने, साथ ही सभी काउंटिंग एजेंट, लेबर एवं ऑफिसर का आईडी कार्ड जारी करने का निर्देश दिया। साथ ही मतगणना के दिन कार्यरत कर्मियों के लिए फूड पैकेट, पीने का पानी, ईवीएम मशीन सील करने की व्यवस्था आदि को समय से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही पार्किंग व्यवस्था, वाहन इंट्री पास, मीडिया गैलरी बनाने सहित अन्य तैयारियों को समय से पूर्ण कर लेने की बात कही।

## अंचलाधिकारी की बड़ी कार्रवाई, अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में ईचागढ़ चौंका सड़क पर लगातार दिन रात अवैध बालू लदे ट्रैक्टर का परिचालन बदस्तूर जारी है। अखबारों में अवैध बालू परिवहन का खबर छपते ही अंचलाधिकारी दीपक प्रसाद सक्रिय हुए और गौरांकोचा के पास दो अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर ईचागढ़ पुलिस को सौंप दिया। अंचलाधिकारी ने बताया कि अवैध बालू परिवहन के खिलाफ छापेमारी किया गया, जिसमें दो ट्रैक्टर को पकड़कर जप्त किया गया। उन्होंने कहा कि अवैध बालू के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया जाएगा। वहीं मौके से चालक फरार बताया जा रहा है। मालूम हो कि चुनाव खत्म होते ही सैकड़ों ट्रैक्टर द्वारा अवैध बालू ईचागढ़ चौंका पथ पर बैखौफ दिन रात चलाया जा रहा है। राहगीरों को आवाजाही में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि अवैध बालू गांव से होकर गुजरने का शिकायत डीसी एवं एसपी से किया जाएगा। बताया कि प्रशासन मौन है अब ग्रामीण ही आगे आकर अवैध बालू लदे ट्रैक्टरों पर रोक लगाएंगे ।

## जमशेदपुर में न्युवोको का चिनाई कौशल विकास कार्यक्रम शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह ने असंगठित चिनाई क्षेत्र के श्रमिकों को सशक्त बनाने के लिए अपनी सीएसआर पहल के तहत 'न्युवो मेसन-एक चिनाई कौशल विकास कार्यक्रम' शुरू किया हैं। कंपनी के जोजोबेरा सीमेंट प्लांट के आसपास के गांवों से 25 प्रतिभागियों के बैच का चयन किया गया है, जो इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत कौशल अर्जित करेंगे। इस कार्यक्रम का उद्घाटन न्युवोको के ईस्टर्न रीजन के हेड, मैन्युफैक्चरिंग राघवेंद्र राव जहागीरदार, हेड एचआर सुहैल खान, क्लस्टर हेड सीएसआर अपूर्व चौधरी और स्टोर हेड प्रमोद कुमार पांडे ने मेसन प्रशिक्षुओं और स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर राघवेंद्र राव जहागीरदार ने कहा कि यह पहल न केवल तकनीकी कौशल को बढ़ावा देती है बल्कि असंगठित क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्रदान करती है। प्रतिभागियों को मिलने वाला प्रमाणपत्र उनके कौशल और रोजगार क्षमता को मजबूत करेगा।

# 17वीं झारखंड स्टेट एलीट बॉक्सिंग चैंपियनशिप शुरू, 113 खिलाड़ी हुये शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील यूआईएसएल ने झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के सहयोग से 20 नवंबर को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 17वीं झारखंड स्टेट एलीट (पुरुष और महिला) बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024-25 का उद्घाटन किया। दो दिवसीय चैंपियनशिप का समापन 21 नवंबर, 2024 को होगा, जिसमें राज्य की सबसे होनहार बॉक्सिंग प्रतिभाएं भाग लेंगी ।

टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भाग लिया, उनके साथ झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव आनंद बिहारी दुबे, टाटा स्टील के खेल प्रमुख मुकुल विनायक चौधरी, झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष और ओएमक्यू के प्रशासन प्रमुख दीपक श्रीवास्तव और झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष राजीव वर्मा भी शामिल हुए ।

इस वर्ष की चैंपियनशिप में झारखंड के 15 जिलों से कुल 113 प्रतिभागियों के साथ पुरुष और महिला दो श्रेणियां शामिल हैं। पुरुष वर्ग में 71 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई, जबकि महिला वर्ग के लिए 42 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई। पहले दिन कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जिसमें 55 मैचों में प्री-क्वार्टर फ़ाइनल और क्वार्टर फ़ाइनल मुक़ाबले आयोजित किए गए ।

विशेष रूप से, आज एक फ़ाइनल मुक़ाबला हुआ, जिसमें पूर्वी सिंहभूम की नेहा तंतुबाई ने धनबाद की कृष्णा कुमारी को हराकर अपने वर्ग में खिताब जीता। शेष फ़ाइनल 21 नवंबर, 2024 को आयोजित किए जाएँगे।

## ग्रीन पेंसिल फाउंडेशन को मिला सर्वश्रेष्ठ मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन पुरस्कार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** विगत दिनों नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित चतुर्थ एमएचएम (मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन) सम्मेलन में सामाजिक संस्था ग्रीन पेंसिल फाउंडेशन को सर्वश्रेष्ठ मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन (एमएचएम) पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार ग्रामालय की प्रमुख संसाधन केंद्र, जल शक्ति मंत्रालय, डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया और बैंक ऑफ अमेरिका द्वारा फाउंडेशन के उत्कृष्ट योगदान और सामुदायिक प्रभाव को मान्यता देते हुए प्रदान किया गया। विदित है कि ग्रीन पेंसिल फाउंडेशन ने हाल ही में स्वीकृत एमएचएम नीति 2024 को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस नीति में स्कूलों और कॉलेजों में मासिक धर्म शिक्षा, स्वच्छता उत्पाद, सैनिटेशन और वॉश (जल, स्वच्छता और स्वास्थ्य) सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है। फाउंडेशन ने सर्वेक्षणों और मीडिया एडवोकेसी के माध्यम से नीति निर्माताओं को मासिक धर्म स्वच्छता को प्राथमिकता देने के लिए संवेदनशील बनाया, जिससे इस प्रगतिशील नीति का निर्माण संभव हो सका। फाउंडेशन के संस्थापक सैंडी खांडा और अध्यक्ष अनुराग को पदमश्री पुरस्कार से सम्मानित ग्रामालय के सीईओ साई दामोदरन ने सम्मानित किया।

## साकची: माधुरी में वोट दो ऑफर लो का 371 मतदाताओं ने उठाया लाभ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** साकची बाजार के झंडा चौक में स्थित 60 साल पुरानी विश्वसनीय कपड़ों की दुकान माधुरी द्वारा झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान चलाये गये मतदाता जागरूकता अभियान के तहत वोट दो ऑफर लो का लाभ 371 से अधिक मतदाताओं ने उठाया। माधुरी के प्रोपराइटर राजेश अग्रवाल ने बताया कि 14 से 20 नवम्बर तक वोट दो ऑफर लो के तहत अंगुली में वोट देने का मार्क स्याही दिखाने वाले पहले 25 मतदाताओं को 20 प्रतिशत और उसके बाद के 25 मतदाताओं को 15 प्रतिशत छूट दी गयी थी। बाकी सभी वोटरों को 10 प्रतिशत की छूट मिली। छूट का लाभ वाने वाले वोटरों में भी खुशी देखी गयी। दुकानदार ने कहा कि यह छूट उनके नियमित ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त करने का एक तरीका है। उन्होंने कहा कि 31 दिसम्बर तक ग्राहक अगर इस दुकान से संबंधित समाचार का पेपर कटिंग लाते हैं, तो उन्हें मात्र 100 रूपये की छूट मिलेगी। राजेश ने बताया कि माधुरी कपड़ों की दुकान ने अपने लंबे अनुभव और विश्वसनीयता के साथ विभिन्न प्रकार के कपड़ों का संग्रह प्रस्तुत किया है, जो ग्राहकों के बीच बेहद लोकप्रिय है।

## मतगणना प्रक्रिया के दौरान अधिकारियों को सतर्क रहने का डीईओ ने दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना 23 जून को होगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार माइकल जॉन सभागार, बिष्टुपुर में माइक्रो ऑब्जर्वर एवं रिसिलिंग टीम का प्रशिक्षण दो पालियों में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण सत्र में उनके दायित्वों से अवगत कराया गया एवं अन्य महत्वपूर्ण बातें बताई गई तथा मतगणना प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल, परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपांकर चौधरी ने प्रशिणार्थियों को संबोधित किया। एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान, कार्यपालक दण्डाधिकारी श्री मृत्युंजय कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद डॉ रजनीकांत मिश्रा समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि माइको आब्जर्वर का मुख्य कार्य मतगणना के दौरान किसी भी अनियमितता को रोकना और सही तरीके से गिनती की प्रक्रिया का पालन करना है। उन्होने कहा कि मतगणना प्रक्रिया के दौरान सभी अधिकारियों को सतर्क रहना चाहिए और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देनी चाहिए। उन्होंने मतगणना हॉल में प्रवेश और निकास की सख्त निगरानी की आवश्यकता पर बल दिया। माइको आब्जर्वर को निर्देशित किया कि वे सभी आवश्यक दस्तावेज और रिपोर्टस समय पर प्रस्तुत करें और मतगणना केंद्र में अनुशासन बनाए रखें। उन्होंने मतगणना प्रक्रिया के प्रत्येक चरण की महत्वपूर्ण जानकारी साझा की और सभी अधिकारियों से आपसी सहयोग और समन्वय की अपील की। जिला निर्वाचन पादधिकारी ने कहा कि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है और इसमें माइक्रो आब्जर्वर की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा जमशेदपुर क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बैंक ऑफ बड़ौदा जमशेदपुर क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा आरोग्य माह के तहत आज बुधवार को क्षेत्रीय कार्यालय सभागार में स्टाफ सदस्यों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए ब्रह्मानंद नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के सौजन्य से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय प्रमुख मनीष प्रकाश सिन्हा ने की। उक्त शिविर में डॉ मुकेश कुमार द्वारा स्टाफ सदस्यों को स्वस्थ जीवनशैली जीने का परामर्श दिया गया तथा बीमारियों एवं उनसे बचने के उपाय पर सारगर्भित परिचर्चा सत्र रखा गया। शिविर में ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर की जांच की गई। साथ ही सभी के लिए एएसजी आई हॉस्पिटल के सौजन्य से निशुल्क नेत्र जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन एवं धन्यवाद ज्ञापन उप क्षेत्रीय प्रमुख सुनील कुमार साहा द्वारा किया गया।

# टाटा पावर और भूटान की द्रुक ग्रीन पावर कॉरपोरेशन के बीच अहम साझेदारी

- **5,000 मेगावाट की स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाएं विकसित करने का लक्ष्य**
- **9 परियोजनाओं में 2,000 मेगावाट जलविद्युत, 2,500 मेगावाट पंप स्टोरेज और 500 मेगावाट सौर, जिससे भूटान और भारत को चौबीसों घंटे ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित होगी**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनियों में से एक, टाटा पावर कंपनी लिमिटेड (टाटा पावर) ने क्षेत्रीय ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने और स्वच्छ ऊर्जा अपनाने की प्रक्रिया का समर्थन करने के लिए द्रुक होल्डिंग एंड इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड की सहायक कंपनी तथा भूटान की एकमात्र बिजली उत्पादन कंपनी, द्रुक ग्रीन पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (डीजीपीसी) के साथ भूटान में कम से कम 5,000 मेगावाट स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन क्षमता निर्माण में सहयोग रणनीतिक साझेदारी की है। यह भूटान के ऊर्जा क्षेत्र के लिए दृष्टिकोण के अनुरूप है, जिसके तहत देश की ऊर्जा सुरक्षा और क्षेत्रीय ऊर्जा एकीकरण (रीजनल एनर्जी इंटीग्रेशन) के लिए 2040 तक कुल उत्पादन क्षमता को 25,000 मेगावाट तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। भूटान की शाही सरकार और भारत सरकार के समर्थन से, यह एशिया के स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में दोनों देशों की दो अग्रणी बिजली कंपनियों के बीच सबसे बड़ी साझेदारी है। भूटान के प्रधानमंत्री, दाशो शेरिंग तोबगे; ऊर्जा एवं प्राकृतिक संसाधन मंत्री, ल्योनपो जेम शेरिंग; टाटा संस के अध्यक्ष, एन चंद्रशेखरन; भूटान में भारत के राजदूत, सुधाकर दलेला; और भूटान की शाही सरकार, भारतीय दूतावास, डीजीपीसी और टाटा पावर के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों उपस्थिति में भूटान के थिम्फू में दाशो छेवांग रिनज़िन, प्रबंध निदेशक - डीजीपीसी और डॉ प्रवीर सिन्हा, मुख्य कार्यकारी एवं प्रबंध निदेशक - टाटा पावर ने समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस गठजोड़ के ज़रिये, कम से कम 5,000 मेगावाट की अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं को विभिन्न चरणों में एक साथ विकसित किया जाएगा। इसमें जिसमें 1,125 मेगावाट की दोरजिलुंग एचईपी; 740 मेगावाट की गोंगरी जलाशय; 1,800 मेगावाट की जेरी पंप स्टोरेज; और 364 मेगावाट की चम्खरचू द्वितीय शामिल हैं। टाटा पावर की सहायक कंपनी, टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (टीपीआरईएल) 500 मेगावाट की अन्य सौर परियोजनाएं विकसित करेगी।

इस गठजोड़ से पहले, टाटा पावर ने 600 मेगावाट की खोरलोचू जलविद्युत परियोजना में 40 फीसदी हिस्सेदारी 8.30 बिलियन न्यू/आईएनआर में हासिल कर ली है, जिसके विकास पर 69 बिलियन न्यू/आईएनआर से अधिक का कुल निवेश होगा।

टाटा पावर के मुख्य कार्यकारी और प्रबंध निदेशक, डॉ. प्रवीर सिन्हा ने कहा, द्रुक ग्रीन पावर कॉरपोरेशन के साथ टाटा पावर की साझेदारी इस क्षेत्र में सबसे पसंदीदा स्वच्छ ऊर्जा भागीदार के रूप में हमारी साख को मज़बूत करती है। हम साथ मिलकर 5000 मेगावाट की स्वच्छ ऊर्जा परियोजन का निर्माण कर रहे हैं, जो भूटान की जलविद्युत क्षमता का उपयोग करने में मदद करेगी और दोनों देशों की बढ़ती ऊर्जा मांगों को विश्वसनीय तथा चौबीसों घंटे स्वच्छ ऊर्जा आपूर्ति के साथ पूरा करेगी। डीजीपीसी के प्रबंध निदेशक, दाशो छेवांग रिनज़िन ने कहा, टाटा पावर के साथ यह रणनीतिक साझेदारी भूटान की आकांक्षाओं के अनुरूप है, ताकि भूटान के लोगों को अधिकतम लाभ मिल सके।

## विचार प्रवाह

संपादकीय

## सीपीएस पदों पर विराम

**कुछ** बुनियादी सवालों पर कानून के तरकश से निकले तीर, हिमाचल में कांग्रेस सरकार के अनुपात में आबंटित मुख्य संसदीय सचिव पद और पदभार पर चुभे हैं। चार महीने के इंतजार के बाद माननीय उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए सत्ता के तोहफे से निकले सी पी एस पदों से जुड़े 2006 के कानून को रद्द करते हुए तलख फैसला सुनाया है। तत्काल प्रभाव से लगभग वजीरों जैसे आबंटित मुख्य संसदीय सचिवों के पद निरस्त हो गए तथा इससे संबंधित शक्तियां तथा सुविधाएं वापस हो गईं। इस तरह सुक्खू सरकार के सिपहसालार किशोरी लाल, राम कुमार, आशीष बुटेल, सुंदर सिंह ठाकुर व मोहनलाल ब्राक्टा को अब अपना वजन छोड़ना पड़ेगा। फैसले से सियासी शुचिता का संदेश तो निकलता है, साथ ही सियासी तौर पर भी इसके कई अर्थ निकाले जाएंगे। क्योंकि सतपाल सत्ती समेत भाजपा के ग्यारह विधायकों ने सरकार की संरचना में छह सीपीएस की नियुक्तियों के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ी, अतः भाजपा वांछित फैसले की उम्मीद से तरोताजा दिखाई देती है। दूसरी ओर हिमाचल की कांग्रेस सरकार में छह विधायकों का कद कमजोर हो जाना किसी चुनौती की तरह है। दरअसल संविधान के 91वें संशोधन के तहत किसी भी सत्ता को कुल विधायकों की 15 फीसदी संख्या तक ही मंत्रिमंडल में मंत्री बनाने की वैधता है। ऐसे में सियासी उम्मीदों को शांत करने का जो भी तरीका ईजाद किया जाता है, उसकी संवैधानिक मंजूरी संभव ही नहीं है। ऐसा नहीं है कि मुख्य संसदीय सचिवों की नियुक्ति पहली बार खारिज हो रही है, बल्कि 2005 में वीरभद्र सिंह सरकार के संतुलन को ऐसी नियुक्तियों का आधार मिला था, लेकिन माननीय अदालत के पास इसके विरुद्ध तब भी तर्क थे। जाहिर तौर पर फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट तक जाने का विकल्प खुला है, लेकिन इसके साथ आया संदेश गहरा व नुकीला है। ऐसे मामलों में देश व कानून की सहमति एक जैसी है, यानी सत्ता की वर्तमान स्थितियों में 'लाभ के पद' अगर खनक रहे हैं, तो कहीं खटक भी रहे हैं। यह दीगर है कि विभागीय कार्यभार के आबंटन में जहां नौ मन तेल रखा था, वहां अब राधा नाचेगी कैसे। कहना न होगा कि फैसले की तासीर में सत्ता पक्ष के अपने संतुलन में कुछ नई चुनौतियां उभरेंगी। ये छह विधायक भले ही कानून की नजर में अपना महत्त्व कम कर रहे हैं, लेकिन सत्ता की आंख के नूर हैं। इनकी धमक, बोली व वजन, सरकार में दिखता रहा दिया है। कुछ तो फर्क था तेरे करीब होने का, वरना हवाओं ने हमें कब मंजूर किया। मसला एक निर्णय के बाद कानून से कहीं ज्यादा अब सियासी सतह पर हुनर दिखाएगा। सत्ता के दर्पण में पत्थर रखने के बाद भाजपा के हाथ कई तीर आए हैं, तो जाहिर तौर पर इनका प्रयोग होगा। दूसरी ओर सत्ता के विश्वास पात्रों के मनोबल व राजनीतिक मुकाम पर टिकाए रखने के लिए जद्दोजहद होगी। कल मंत्रिमंडल में बदलाव एक उपचार सरीखा हो सकता है, तो इस हकीकत के चिराग कहीं अलग से जलाए जा सकते हैं। सरल भाषा में अब सरकार की मजबूरी और दिहाड़ी बदल सकती है। मुख्य संसदीय सचिवों के चोले में शोहरत के कई पैमाने छुपे थे, अब इनकी क्षमता में विराम तो नहीं लगाया जा सकता है। गौर करने वाली बात यह भी कि क्या आम विधायक को खास बनाने के लिए केवल एक महत्त्वपूर्ण पद ही चाहिए। हिमाचल की क्षेत्रीय आशाएं और महत्त्वाकांक्षाएं हमेशा सत्ता से टकराव करती रही हैं। मुख्य संसदीय सचिवों की नियुक्ति में कांगड़ा जैसे जिला को साधने के लिए किशोरी लाल, आशीष शर्मा अगर इस फलक पर थे, तो कैबिनेट रैंक के गोकुल बुटेल और आर एस बाली पद और पदक में अव्वल रहे। बहरहाल कानून की पड़ताल में सत्तापक्ष को अपने तौर-तरीके व सियासी हर्ष से फौरी तौर पर कुछ खोना जरूर पड़ रहा है। देखना यह होगा कि कानूनी लड़ाई के इस बिंदु पर आकर मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू का अगला सियासी पैगाम क्या होता है।

> चार महीने के इंतजार के बाद माननीय उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए सत्ता के तोहफे से निकले सी पी एस पदों से जुड़े 2006 के कानून को रद्द करते हुए तलख फैसला सुनाया है। तत्काल प्रभाव से लगभग वजीरों जैसे आबंटित मुख्य संसदीय सचिवों के पद निरस्त हो गए तथा इससे संबंधित शक्तियों तथा सुविधाएं वापस हो गई। इस तरह सुक्खू सरकार के सिपहसालार किशोरी लाल, राम कुमार, आशीष बुटेल, सुंदर सिंह ठाकुर व मोहनलाल ब्राक्टा को अब अपना वजन छोड़ना पड़ेगा। फैसले से सियासी शुचिता का संदेश तो निकलता है, साथ ही सियासी तौर पर भी इसके कई अर्थ निकाले जाएंगे। क्योंकि सतपाल सत्ती समेत भाजपा के ग्यारह विधायकों ने सरकार की संरचना में छह सीपीएस की नियुक्तियों के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ी, अतः भाजपा वांछित फैसले की उम्मीद से तरोताजा दिखाई देती है। दूसरी ओर हिमाचल की कांग्रेस सरकार में छह विधायकों का कद कमजोर हो जाना किसी चुनौती की तरह है।

### बाईडेन मैदान में होते तो ट्रम्प का जीतना तय था, लेकिन कमला ने पासा पलट दिया

## ट्रंप का जीतना और अरविंद केजरीवाल

**कुलदीप चंद अग्निहोत्री**

> अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर लगभग साल भर से घमासान मचा हुआ था। अभी वहां डैमोक्रेटिक पार्टी का राष्ट्रपति जो बाईडेन हैं। उनको चुनौती देने के लिए रिपब्लिकन पार्टी के डोनाल्ड ट्रम्प मैदान में थे। डैमोक्रेटिक पार्टी ने मैदान में उतारा तो जो बाईडेन को ही था, लेकिन उन्हें खराब सेहत के चलते मैदान छोडऩा पड़ा और उनके स्थान पर पार्टी ने वर्तमान उप राष्ट्रपति कमला हैरिस को प्रत्याशी बनाया। उसके बाद लोगों का मानस पढ़ लेने का दावा करने वाले सक्रिय हो गए। धीरे धीरे उन्होंने वहां के जनमानस के भीतर घुस कर दुनिया भर को बताना शुरू किया कि बाईडेन के मैदान से हटते ही कमला हैरिस का ग्राफ तेजी से बढऩे लगा है।

**ऊपर** से देखने पर यह शीर्षक कुछ अटपटा सा लगता है और सचमुच है भी। लेकिन इसका मात्र इतना ही स्पष्टीकरण पर्याप्त होगा कि इस बार के स्तम्भ में मैं ये दोनों विषय एक साथ ले रहा हूं। सबसे पहले अमेरिका के डोनाल्ड ट्रम्प की बात। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर लगभग साल भर से घमासान मचा हुआ था। अभी वहां डैमोक्रेटिक पार्टी का राष्ट्रपति जो बाईडेन हैं। उनको चुनौती देने के लिए रिपब्लिकन पार्टी के डोनाल्ड ट्रम्प मैदान में थे। डैमोक्रेटिक पार्टी ने मैदान में उतारा तो जो बाईडेन को ही था, लेकिन उन्हें खराब सेहत के चलते मैदान छोडऩा पड़ा और उनके स्थान पर पार्टी ने वर्तमान उप राष्ट्रपति कमला हैरिस को प्रत्याशी बनाया। उसके बाद लोगों का मानस पढ़ लेने का दावा करने वाले सक्रिय हो गए। धीरे धीरे उन्होंने वहां के जनमानस के भीतर घुस कर दुनिया भर को बताना शुरू किया कि बाईडेन के मैदान से हटते ही कमला हैरिस का ग्राफ तेजी से बढने लगा है। अब वह धीरे धीरे ट्रम्प के बराबर पहुंच गई हैं। यदि बाईडेन मैदान में होते तो ट्रम्प का जीतना तय था, लेकिन कमला ने पासा पलट दिया है। अब कांटे की टक्कर हो गई है। इसके साथ साथ अमेरिकी मनोविज्ञान के विद्वान बराबर बताते रहे कि आम अमरीकी ट्रम्प को लोकतंत्र विरोधी मानता है। अमेरिका के लोग चिन्तित हैं कि ट्रम्प के जीतने से देश में लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा। रिपब्लिकन पार्टी कैसी है, इसको छोड़िए, इस पार्टी पर ट्रम्प की जुंडली ने कब्जा कर लिया है और यह जुंडली दुनिया का सत्ता संतुलन बिगाड़ कर दुनिया को नष्ट कर देगी। ट्रम्प फासिस्ट हैं। वे अमेरिकी जीवन मूल्यों को नहीं जानते और जिन मूल्यों को जानते हैं, उनको नष्ट करने पर तुले हैं। बुद्धिजीवियों का एक समूह बराबर इस बात का दावा कर रहा था कि ट्रम्प इस्लाम विरोधी हैं। देश का युवा अमेरिका के विश्वविद्यालयों में फिलस्तीन के पक्ष में मोर्चे खोल कर बैठा है। ट्रम्प उस पीढ़ी का प्रतीक हैं जो आज के युवा मानस से कट गई है। युवा मानस का चिन्तन वैश्विक स्तर का है, लेकिन ट्रम्प पुराने दबड़े से बाहर निकलने को तैयार नहीं। वे अमेरिका को भी पीछे धकेलना चाहते हैं। चुनाव से कुछ दिन पहले ट्रम्प ने डेमोक्रेटिक पार्टी के गढ़ न्यूयार्क में एक विशाल जनसभा की। उसमें वक्ताओं ने नस्ली टिप्पणियां कीं। कमला हैरिस की हंसी उड़ाई। गली बाजार की भाषा का प्रयोग किया। इससे अमेरिका के मीडिया ने घोषणा कर दी कि यह तो ट्रम्प ने अपने पैरों पर खुद ही कुल्हाड़ी मार ली



है। अमेरिका के लोग सभ्य लोग हैं। वे इस प्रकार के व्यवहार को पसन्द नहीं करते। अंतिम क्षण तक अमेरिका के ये बुद्धिजीवी समझाते रहे कि अब अमेरिकी मानस कमला के साथ खड़ा हो गया है। संकट लगभग टल गया है। कमला हैरिस ने अमेरिकी लोगों को ट्रम्प के आने से उत्पन्न हो सकते खतरों से आगाह कर दिया है और वे अच्छी तरह समझ गए हैं। लेकिन चुनाव में ट्रम्प जीत गए। जीत ही नहीं गए, इतनी जोर से जीते कि उन्होंने अमेरिका के वे सात सूबे भी हिला दिए जिन्हें वहां स्विंग स्टेट कहा जाता है। अमेरिका के इन सात सूबों को छोडक़र शेष 43 सूबों में परम्परा से ही निश्चित है कि किस सूबे से डेमोक्रेटिक जीतेंगे और किस सूबे से रिपब्लिकन जीतेंगे। इसलिए सारा दारोमदार इन सात स्विंग स्टेट पर रहता है। राजनीति की रग रग से वाकिफ होने का दावा करने वाले अमेरिकी मीडिया मुगल कह रहे थे कि इस बार ये सात राज्य अमेरिका के भविष्य की रक्षा के लिए कमला के साथ आ गए हैं। लेकिन ट्रम्प इन सातों में ही जीत गए। संसद के दोनों सदनों में भी उनकी पार्टी जीत गई, ऐसा अमेरिका की राजनीति में कभी कभार ही होता है। लेकिन ट्रम्प जीत गए, यह हमारा विषय नहीं है। हमारा विषय है कि उनकी जीत के बाद, अमेरिका की जनता की धडक़न को भी पकड़ लेने का दावा करने वाले उत्तरी अमेरिका के विशेषज्ञ उन्हें किस प्रकार से अलग अलग गालियां दे रहे हैं। सबसे बड़ा रोना यह रोया जा रहा है कि ग्रामीण अनपढ़ जनता ने उन्हें वोट डाली है। पढ़े लिखे लोग इस बात पर दुखी हैं कि गांव के गंवार अशिक्षित लोग अमेरिका का भविष्य तय कर रहे हैं। अब मानव अधिकार, नारी अधिकार, बच्चों के अधिकार सभी खतरे में पड जाएंगे। अंधकार युग आ जाएगा। किसी रैली में ट्रम्प ने कह दिया था कि परिवार को पुनः जीवित करना होगा। उससे वहां के बुद्धिजीवी हक्के बक्के हैं। उनके प्रगतिवादी चिन्तन के अनुसार परिवार ही तो ग़ुलामी का स्रोत है। इस लिहाज से भारत का भी उदाहरण लिया जा सकता है। यहां भी प्रगतिवाद के नाम पर कम्युनिजम की विदेशी गठड़ी कन्धे पर लाद कर रोना मचा रहता है, गांव के अनपढ़ लोगों को मताधिकार दे देने से देश का भविष्य खाते में पड़ गया है। दरअसल सांस्कृतिक मार्कसवाद जिस तेजी से यूरोप और अमेरिका में फैल रहा है और वहां से उसका प्रदूषण भारत में आ रहा है, उससे चिन्ता होना स्वाभाविक है। लेकिन इसका विपरीत भी उतना ही सच है। इस सबके बावजूद लोग अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं, जिसके कारण अनेक खिसियानी बिल्लियां भारत और अमेरिका में खम्बे नोच रही हैं। दूसरी बात अपने अरविन्द केजरीवाल की। क्या केजरीवाल पंजाब के मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं? यह प्रश्न पूर्वी पंजाब में सबसे ज्यादा चर्चा का विषय है। अरविन्द केजरीवाल की अपनी एक पार्टी है। आम आदमी पार्टी। इस पार्टी का दिल्ली में राज स्थापित हो गया और केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री बन गए। उनका एक ही नारा था और एक ही दावा था कि वे कट्टर ईमानदार हैं। वे सदा ईमानदार के साथ कट्टर लगाते हैं। यह मामला कुछ कुछ उसी प्रकार का है जैसे आजकल कई दुकानदार अपनी दुकान पर बोर्ड लटकाते हैं कि यहां शुद्ध देसी घी मिलता है। देसी घी मिलता है, से भी काम चल सकता है, लेकिन उनका कहना है ग्राहक को शक बना ही रहता है। ग्राहक को उस शक से बाहर निकालने के लिए 'शुद्ध देसी घी' लिखना पड़ता है। लेकिन कट्टर ईमानदार का दावा करने के कुछ समय बाद ही केजरीवाल भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल चले गए। केवल वे ही नहीं बल्कि उनकी कट्टर ईमानदार पार्टी के दूसरे दो नेता भी। लम्बे अरसे तक जेल में रहने के बाद वे बड़ी मुश्किल से जमानत पर बाहर निकले हैं। लेकिन उन्होंने जेल से बाहर निकल कर, दिल्ली में सरकार तो अपनी पार्टी की बनी रहने दी, लेकिन खुद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। उनको लगने लगा है कि एक शहर के मुख्यमंत्री का पद उनकी हैसियत के हिसाब से बहुत छोटा रह गया है। अब यह नहीं पता कि उनकी अपनी हैसियत उनके जेल जाने से बढ़ गई है या फिर उनके जेल जाने से दिल्ली के मुख्यमंत्री पद का भाव कम हो गया है? लेकिन मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने के बाद केजरीवाल की सक्रियता सचमुच बहुत बढ़ गई। उनकी यह सक्रियता ही पंजाब के मुख्यमंत्री भगवन्त मान के लिए भारी पड़ती जा रही है। केजरीवाल ने मुख्यमंत्री कार्यालय का लगभग सारा स्टाफ बदल दिया है।

दृष्टि कोण

## यशोवर्धन योग एशियन चैंपियनशिप में

**योग** जो भारतीयों का फिटनेस विज्ञान है, इसे अब प्रतियोगी खेल का रूप दिया जा चुका है। आने वाले समय में यह ओलंपिक खेलों में शामिल होने की क्षमता रखता है। हमीरपुर से निधि डोगरा व यशोवर्धन अत्री अपने प्रदर्शन से चर्चित हैं। यशोवर्धन अत्री एशियन योग चैंपियनशिप के लिए चयनित हुआ है जो जनवरी 2025 को सिंगापुर में आयोजित हो रही है। हिम अकादमी स्कूल का यह विद्यार्थी, खेलों से राजनीति में आए भाजपा के सचिव नरेंद्र अत्री का सुपुत्र है। योग से बढ़ कर सामान्य फिटनेस के लिए और कोई भी बराबर का कार्यक्रम नहीं है। यह सच है कि शहरीकरण से दैनिक जीवन में भौतिक सुख सुविधाओं का विकास हुआ है, मगर इस सबसे फिटनेस कार्यक्रम की जरूरत भी महसूस हो रही है। स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है। बिना अच्छे स्वास्थ्य के धन दौलत, पद प्रतिष्ठा व अन्य भौतिक सुख सुविधाएं सब बेमानी लगते हैं। जनमानस का स्वास्थ्य उत्तम हो, इस सबके लिए इस कॉलम के माध्यम से बार बार योग के बारे में जानकारी देकर योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता रहा है। योग हर उम्र के लोग आसानी से थोड़ी सी जगह में भी कर सकते हैं। दौड़ती-भागती जीवन शैली के कारण मनुष्य के पास अपने लिए कोई भी कार्यक्रम नहीं है जो उनके स्वास्थ्य को सुधार कर व्यवस्थित रख सके। आज मानव ने विज्ञान में नये-नये शोध कर प्रौद्योगिकी व चिकित्सा क्षेत्र में इतनी प्रगति कर ली है कि इसके कारण जीवन काफी आसान तो हो गया है, मगर शारीरिक श्रम जो पहले यूं ही दिनचर्या में आसानी से हो जाता था, अब उसके लिए आज अलग से फिटनेस कार्यक्रम चाहिए होता है। समय बचाती दुनिया के लिए योग मुख्य विकल्प है जो कम श्रम कर अधिक फिटनेस दे सकता है। इसलिए अब आम जनमानस के लिए योग के बारे में जानना जरूरी हो जाता है। सैकड़ों वर्ष पूर्व महर्षि पतंजलि ने योग को लिखित रूप में संग्रहित किया और योग सूत्र की रचना की। योग सूत्र की रचना के कारण पतंजलि को योग का जनक कहा जाता है। इस योग के महान ग्रंथ में योग के बारे में कहा गया है कि मन की वृत्तियों में नियंत्रण करना ही योग है। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान व समाधि, यह अष्टांग योग के आठ सूत्र हैं। आठों अंगों में प्रथम दो यम व नियम को नैतिक अनुशासन, आसन, प्राणायाम व प्रत्याहार को शारीरिक अनुशासन व धारणा, ध्यान, समाधि को मानसिक अनुशासन बताया गया है। योग हमें यम एवं नियम द्वारा व्यक्ति के मन और मस्तिष्क को ठीक करने की सलाह देता है। आसन और प्राणायाम करने से पूर्व यदि व्यक्ति यम एवं नियमों का पालन नही करता है तो उसे योग से पूर्ण स्वास्थ लाभ नहीं मिल सकता है। यम और नियम की विस्तार से चर्चा जरूरी है। संयम मन, वचन और कर्म से होना चाहिए। इसका पालन न करने से व्यक्ति का जीवन व समाज दोनों दुष्प्रभावित होते हैं। इससे मन मजबूत और पवित्र होता है तथा मानसिक शक्ति बढ़ती है। सत्य, अहिंसा, असतेय, ब्रह्मचर्य व अपरिग्रह यह नियम व्यक्तिगत नैतिकता के हैं। मनुष्य को कर्तव्य परायण बनाने तथा जीवन को सुव्यवस्थित करने हेतु पांच नियमों का विधान किया गया है । ये नियम हैं शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय व ईश्वर प्राणिधान। यम यानी मन, वचन एवं कर्म से सत्य का पालन व मिथ्या का त्याग। जिस रूप में देखा, सुना एवं अनुभव किया हो उसी रूप में उसे बतलाना सत्य है। अहिंसा दूसरा सूत्र है। इसमें किसी को मारना ही केवल हिंसा का रूप नहीं है, बल्कि किसी भी प्राणी को कभी भी किसी प्रकार का दुख न पहुंचाना अहिंसा है। असतेय अर्थात चोरी न करना। छल से, धोखे से, झूठ बोलकर, बेईमानी से किसी चीज को प्राप्त करना भी चोरी है। जिस पर अपना अधिकार नहीं उसे लेना भी इसी श्रेणी में आता है। ब्रह्मचर्य मन, वचन एवं कर्म से यौन संयम अथवा मैथुन का सर्वथा त्याग करना ब्रह्मचर्य है। सभी इंद्रिय जनित सुखों में संयम बरतना।

कुछ अलग

## तलाश जरूरी है...

**भाई** दूध बहुत पतला होने लगा है। यह भैंस पानी पीने लगी है या नल खूब आने लगा है।' मैंने दूध वाले से कहा। 'क्या बताएं सा'ब। दूध तो वही है। पता नहीं भैंस को क्या हुआ है। पानी दुगुना पीने लगी है।' 'भाई ऐसे पानी पीने लगी है तो मेरा दूध तो कल से ही बंद कर दो। तुम्हारे दूध की एवज तो अच्छा स्वच्छ पानी पी लेना ज्यादा लाभदायी होगा।' मैं बोला। 'जैसी आपकी मर्जी। एक दिक्कत और हुई है। दूध की मात्रा तो उतनी ही है, लेकिन दूध लेने वाले ज्यादा हो गए हैं। हर आदमी होम डिलीवरी चाहता है। अब बताइये कि मांग और पूर्ति का सिद्धांत नहीं अपनाऊं तो क्या कमाऊंगा।' वह व्यावहारिक दलील देकर बोला। 'लेकिन जब भाव तुम बीस रुपए किलो का ले रहे हो तो फिर दूध तो ढंग का आना चाहिए न। न तो दही जमता और न मलाई आती।' मैंने कहा। 'ऐसा है सा'ब। दही का भाव सात रुपए पाव है और आप जो दूध ले रहे हैं वह पांच रुपए पाव का है। मलाई हार्ट के लिए ठीक नहीं है। मोटापा बढ़ाती है। इसलिए मलाई का नहीं होना तो स्वास्थ्य के लिए ठीक है।' दूधवाले ने ढिठाई से कहा। मैंने कहा-'ठीक है, जाओ।' वह चला गया हंसता हुआ। दूधवाला फिर वही दूध और अधिक पतला कर ले आया और बोला-'दूध भले पतला है सा'ब। लेकिन है लाभदायी। गांधीजी बकरी का पतला दूध पीते थे-वह हल्का और सुपाच्य होता है। अभी जो तथ्य आए हैं, वे चौंकाने वाले हैं। भैंस के दूध में वसा बहुत होती है, इसलिए इसका इस्तेमाल पता करके ही किया जाना चाहिए। इसलिए मैंने अपने सभी ग्राहकों के हित में दूध को काफी पतला कर दिया है।' 'लेकिन वह तो मैं भी कर सकता था। तुम तो गाढ़ा ही दो। अब असलियत यह है कि आधा किलो दूध में पाव पानी मैं मिलाता हूं ताकि तीन बच्चों को पाव-पाव दूध मिल सके। अब पानी तुम ही मिला लाओगे तो मेरा पाव पानी क्या करेगा।' मैं बोला। दूध वाला निरीहता से बोला-'कोई बात नहीं। पाव पानी आप भी मिला दीजिये। दूध का रंग सफेद ही रहेगा और फिर पानी कोई नुकसान थोड़े ही करता है। डाक्टरों का कहना है कि पानी शरीर के लिए बहुत जरूरी है। पानी की कमी से कई रोग हो जाते है।' 'नहीं, तुम कल से दूध मत लाना। मैं बच्चों को थोड़ा ढंग का दूध पिलाना चाहता हूं।' वह- 'ठीक है।' कहकर चला गया। दूसरा दूधवाला लगा लिया। लेकिन दूध वही का वही। उससे भी एक दिन मैंने कहा-'भाई मैंने दूधवाला इसलिए बदला था ताकि ढंग का दूध मिल सके। लेकिन तुमने तो मेरी आशाओं पर पानी फेर दिया है।' 'वह क्या था सा'ब, दूध की मांग बहुत बढ़ गई है। दूसरे लोग जैसा देते हैं, वैसा ही लेकर भी आब्लाइज महसूस करते हैं। आप चाहें तो कोई नया दूध वाला लगाओ।' 'भाई दूधवाले कब तक बदलूं। ढंग का दूध मिल जाए तो बच्चों का थोड़ा स्वास्थ्य बन जाए।' 'अरे सा'ब, स्वास्थ्य के लिए इन्हें ठीक जलवायु चाहिए। शहर में वैसे ही प्रदूषण बढ़ रहा है। ऊपर से आप शुद्ध दूध और पीना चाहते हैं। बच्चे नहीं पचा पाएंगे, या तो उलटी कर देंगे या फिर पचा नहीं पाने से बीमार हो जाएंगे।' 'लेकिन तुमसे अच्छा तो पहले दूधवाला जो दूध लाता था-वही ठीक था।' मैंने कहा। वह बोला-'उनसे ले लो। एक ही बात है। वे मेरे पिताजी हैं।' मैं अचरज से देखता रह गया उसे।

देश दुनीया से

## लड़कियों को भी खेलने के अवसर मिलने चाहिए

**हाल** ही में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व स्पिनर नीतू डेविड को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अपने हॉल ऑफ़ फेम में शामिल किया है। यह सम्मान प्राप्त करने वाली वह दूसरी भारतीय महिला क्रिकेटर हैं। नीतू दुनिया की अकेली ऐसी महिला क्रिकेटर हैं जिनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ी का रिकॉर्ड अभी तक कोई महिला क्रिकेटर तोड़ नहीं सकी है। सिर्फ क्रिकेट ही नहीं, बल्कि खेल की ऐसी कोई प्रतियोगिता नहीं है जिसमें महिलाओं ने अपनी कामयाबी के झंडे नहीं गाड़े हैं। जिला स्तर से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक की सभी प्रतिस्पर्धाओं में महिलाओं ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर यह साबित किया है कि यदि उन्हें भी सुविधाएं और प्रैक्टिस के अवसर मिले तो वह हर प्रतियोगिता जीत सकती हैं। लेकिन अभी भी देश के कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां लड़कियों को न तो खेल की सुविधाएं मिलती हैं और न ही प्रैक्टिस के लिए मैदान उपलब्ध हो पाते हैं। जिससे उनकी प्रतिभा प्रभावित होती है और वह खेलने के अवसरों से वंचित हो जाती हैं। ऐसा ही एक गांव करणीसर भी है, जो राजस्थान के बीकानेर जिला स्थित लूणकरणसर ब्लॉक से करीब 50 किमी दूर स्थित है। इस गांव की लड़कियों में खेल की काफी प्रतिभाएं हैं लेकिन उसे निखारने के लिए प्रैक्टिस की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। इस संबंध में गांव की 22 वर्षीय ममता कहती है कि उसे खेलने का बहुत शौक था। वह स्कूल स्तर पर खो खो खेला करती थी। उसने जिला स्तर पर स्कूली खेल प्रतियोगिताएं में भाग भी लिया था और स्कूल के लिए सिल्वर मेडल जीता था। लेकिन कॉलेज स्तर पर उसे अवसर नहीं मिला क्योंकि प्रैक्टिस की सुविधा नहीं थी। वह कहती है कि गांव में खेलने के लिए कोई मैदान नहीं है। जिससे प्रैक्टिस नहीं कर पाती हैं। वहीं एक अन्य किशोरी संगीता कहती है कि खेल में अच्छे प्रदर्शन के लिए लगातार प्रैक्टिस की ज़रूरत होती है। गांव के लड़के तो कहीं भी जाकर खेल की प्रैक्टिस कर लेते हैं लेकिन लड़कियों को ऐसे अवसर नहीं मिलते हैं। जिससे वह अभ्यास से वंचित रह जाती है। खेल सामाजिक गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, इससे शारीरिक और मानसिक विकास के साथ अनुशासन और टीम भावना का विकास होता है। लेकिन जब इसमें लड़कियों की भागीदारी और उन्हें मिलने वाले अवसरों की बात आती है तो वह बहुत सीमित हो जाती है। उन्हें कई तरह की बाधाओं का सामना करना पड़ता है। हालांकि पिछले कुछ दशकों में खेल प्रतियोगिताओं में लड़कियों के भाग लेने की संख्या में वृद्धि अवश्य हुई है, इसके बावजूद उनके सामने अभी भी कई अड़चने हैं जो उन्हें इस क्षेत्र में पूरी तरह से शामिल होने से रोकती है। सबसे बड़ी अड़चन लड़कियों के खेलने के प्रति समाज की संकुचित सोच है। पारंपरिक रूप से पितृसत्तात्मक समाज खेल को पुरुष-प्रधान गतिविधियां मानता है और लड़कियों को शारीरिक रूप से कमजोर मानकर उन्हें इससे दूर रखने का प्रयास करना चाहता है। प्रोत्साहित करने की जगह उनका मनोबल तोड़ा जाता है। वहीं करणीसर जैसे गांव में सुविधाओं की कमी किशोरियों के इस राह में एक और रुकावट बन जाती है। इस संबंध में गांव की 23 वर्षीय जया विश्नोई कहती हैं कि "बचपन से ही मेरा सपना था कि मैं एक सफल क्रिकेटर बनूं और भारतीय टीम का हिस्सा बनूं। मैं मिताली राज से बहुत प्रभावित थी। स्कूल में खेलने के अवसर मिल जाते थे। लेकिन अब गांव में प्रैक्टिस की ऐसी कोई जगह नहीं है जहां हम लड़कियां क्रिकेट का अभ्यास कर सकें। जिससे राष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट खेलने का मेरा सपना पूरा नहीं हो सका। मेरी दिली इच्छा है कि जो मेरे साथ हुआ वह मेरे बाद की किशोरियों के साथ न हो। उन्हें अपनी मर्ज़ी के खेल खेलने और प्रैक्टिस के भरपूर अवसर मिले। इसके लिए गांव में ऐसी जगह होनी चाहिए जहां लड़कियां अपने अपने खेल का पूरा अभ्यास कर सकें। जया कहती है कि इसके लिए गांव के लोगों और पूरे समाज को गंभीरता से सोचने की ज़रूरत है ताकि लड़कियां भी खेल में आगे बढ़ कर करणीसर गांव का नाम रौशन कर सकें। वह कहती है कि हमारे देश के ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर लड़कियों को घरेलू कार्यों तक सीमित रखा है। उन्हें शिक्षा तक से भी वंचित करने का प्रयास किया जाता है। ऐसे में खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए उनके पास बहुत कम विकल्प रहते हैं। लड़कियां खेलने के अपने सपनों को पूरा नहीं कर पाती हैं। लेकिन अगर उन्हें अवसर और सुविधाएं मिले तो परिदृश्य बदल सकता है। 23 वर्षीय एक अन्य किशोरी शारदा पूरे आत्मविश्वास के साथ कहती है कि पहले की तुलना में अब खेलों में लड़कियों की भागीदारी बढ़ने लगी है। सरकार भी खेलो इंडिया के माध्यम से इस क्षेत्र में किशोरियों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। जिससे कई किशोरियों ने अपनी पहचान बनाई है। इसकी वजह से ओलंपिक और राष्ट्रमंडल जैसे अंतरराष्ट्रीय खेलों में भारतीय महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। इसके अतिरिक्त विभिन्न खेलों में महिला लीग की शुरुआत कर किशोरियों को खेल के मंच भी उपलब्ध कराये जा रहे हैं। हाल के अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं में कई महिला खिलाड़ियों ने पदक जीतकर इस धारणा को मज़बूत किया है कि यदि लड़कियों को भी अवसर उपलब्ध कराये जाएं तो वह भी देश के नाम मैडल जीत सकती है। वह कहती है कि अब कई परिवार अपनी बेटियों को खेलों में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। लेकिन इसके लिए अभ्यास महत्वपूर्ण है जिसके लिए मैदान की ज़रूरत होती है। जिसका करणीसर गांव में अभाव है। इसी वर्ष तमिलनाडु में आयोजित छठे खेलों इंडिया यूथ गेम्स में राजस्थान के खिलाड़ियों ने भी विभिन्न प्रतिस्पर्धा में बेहतरीन प्रदर्शन कर राज्य को टॉप 5 में स्थान दिलाया है। इसमें लड़कों के साथ साथ लड़कियों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया और राज्य की झोली में स्वर्ण पदक डाला। अपने प्रदर्शन से इन्होंने यह साबित किया कि यदि लड़कियों को भी अवसर उपलब्ध कराए जाएं तो वह भी अपने गाँव, जिला और राज्य का नाम रौशन कर सकती है। इतना ही नहीं, वर्ष 2009 में, निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा के साथ-साथ, बच्चों को विभिन्न खेलों और मनोरंजन में शामिल करने के लिए खेल के मैदानों को अनिवार्य बनाया गया क्योंकि इससे उन्हें आवश्यक जीवन कौशल, आदतें और दृष्टिकोण विकसित करने में मदद मिलती है।



आप का नजरीया

## बुलडोजर 'न्यायाधीश' नहीं

**बुलडोजर** न तो न्याय है और न ही 'न्यायाधीश' का कोई पर्याय है। बुलडोजर की कार्रवाई और किसी के घर को 'मलबा' करने की जबरन कवायद पर सर्वोच्च अदालत ने जो फैसला दिया है, वह मील-पत्थर, ऐतिहासिक और दूरदर्शी है। सर्वोच्च अदालत ने कुछ दिशा-निर्देश तय किए हैं, जो देश भर में लागू होंगे। संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत 'घर' को भी एक अधिकार माना गया है, लिहाजा किसी आरोपित या सजायाफ्ता व्यक्ति के घर को ध्वस्त करना मौलिक अधिकार का उल्लंघन, हनन है। अपराध-शास्त्र का बुनियादी सिद्धांत यह है कि जिसने अपराध किया है, उसी को सजा दी जाए, लेकिन देश के आधा दर्जन राज्यों में इस सिद्धांत की अनदेखी की जाती रही है। बुलडोजर को सजा देने अथवा राजनीतिक खुन्नस का ऐसा हथियार बनाया गया है कि घर ढहाने से कथित अपराधी का पूरा परिवार प्रभावित होता है। वे बेघर हो गए। मुआवजे के तौर पर सरकार ने जिन आवासों की पेशकश की, वे 5-7 परिजनों के लिए अपर्याप्त थे। सरकारों ने बुलडोजर की कार्रवाई को ही अपना कानून तय कर लिया, लिहाजा उसे 'बुलडोजर न्याय' का नाम दिया गया। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 'बुलडोजर बाबा' कहा गया और मप्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 'बुलडोजर मामा' के नाम से लोकप्रिय हुए। बुलडोजर को अपराधियों में सरकारी खौफ का विकल्प बना दिया गया। कथित माफिया, डॉन, गुंडों के अवैध निर्माण 'मलबा' किए गए। इनमें अतीक अहमद, मुफ्तार अंसारी, आजम खान सरीखों के नाम लिए जा सकते हैं, जो बार-बार जनप्रतिनिधि भी चुने गए और विधानसभा, संसद के सदस्य तक बनते रहे। जब 2017 में योगी आदित्यनाथ उप्र के मुख्यमंत्री चुने गए, तब उन्होंने ऐलान किया था कि अपराधियों, माफिया किस्म के लोगों के अवैध निर्माण ढहाए जाएंगे। यह कार्रवाई एक कानूनी सीमा के दायरे में ही की जा सकती है और इसकी एक निश्चित कानूनी प्रक्रिया होनी चाहिए। बुलडोजर कार्रवाई को कोई भी सरकार 'प्रतिशोध' का पर्याय नहीं बना सकती, लिहाजा अब जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की न्यायिक पीठ को फैसला देना पड़ा है कि कार्यपालिका (यानी सरकार और नौकरशाही) 'न्यायाधीश' नहीं हो सकती। अब किसी अवैध निर्माण को ढहाने की कार्रवाई करनी होगी, तो सरकार को साबित करना होगा कि अमुक निर्माण 'अवैध' किन आधारों पर है? क्या उसे ध्वस्त करना ही 'अंतिम विकल्प' है? क्या जुर्माना वसूल कर उस अवैध निर्माण को 'नियमित' नहीं किया जा सकता? न्यायिक पीठ का कहना है-आम नागरिक के लिए अपना घर बनाना सालों की मेहनत और सपनों का नतीजा है। कानून का शासन लोकतांत्रिक सरकार की नींव है। कानून का राज यह सुनिश्चित करता है कि लोगों को पता हो कि उनकी संपत्ति मनमाने ढंग से नहीं छीनी जाएगी। सजा के नाम पर किसी का आशियाना छीनने की अनुमति हमारा संविधान नहीं देता है।' पीठ ने यह भी कहा है कि जब सरकार का अधिकारी नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों से अलग, उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना ही, काम करता है, तो बुलडोजर कार्रवाई का भयावह दृश्य अराजक स्थिति की याद दिलाता है, जहां 'ताकतवर ही जीतेगा।'

# मतगणना के लिए की जा रही तैयारियों का हुआ समीक्षा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिले के सिमरिया और चतरा विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को मतदान निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इसकी मतगणना चतरा कॉलेज चतरा में होना है। इसके सफल संचालन हेतु की जा रही आवश्यक तैयारियों की समीक्षा समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री रमेश घोलप की अध्यक्षता में की गई। बैठक में मुख्य रूप से नियुक्त किए गए पदाधिकारियों एवं कर्मियों को दिए गए दायित्वों, पेय जल की व्यवस्था, साफ सफाई, विद्युत की व्यवस्था, मतगणना कक्ष में बहाल की जा रही मूलभूत सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी लगाने का कार्य, परिचय पत्र वितरण समेत अन्य आवश्यक बिंदुओं की क्रमवार समीक्षा की गई।सिमरिया और चतरा विधानसभा क्षेत्र के लिए एक एक मतगणना कक्ष रहेगा। सिमरिया विधानसभा क्षेत्र का मतगणना 24 राउंड एवं चतरा विधानसभा क्षेत्र का मतगणना 27 राउंड में होगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रशिक्षण कोषांग के अधिकारियों को सभी तरह के प्रशिक्षण की समीक्षा करते हुए कहा ससमय जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण का कार्य पूर्ण करा लिया जाय। जिससे मतगणना के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। जिनकी भी प्रतिनियुक्ति 23 नवंबर मतगणना के दिन के लिए चतरा कॉलेज चतरा में की गई है, वो मतगणना के दिन समय से पूर्व अपने स्थल पर पहुंच दिए गए दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करें। मतगणना के लिए की जा रही आवश्यक सभी तैयारियों को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।खैनी, तंबाकू समेत सभी प्रकार के नशीले पदार्थ एवं इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस यथा मोबाइल, लैपटॉप समेत अन्य रहेंगे पूर्णतः प्रतिबंधित।मतगणना केंद्र में साफ सफाई, विद्युत की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। वहीं आगे उन्होंने कहा मतगणना से पहले 22 नवंबर को तीन बजे ड्राई रन होगा। जिन अधिकारियों एवं कर्मियों की नियुक्ति मतगणना के दिन के लिए की गई है, वो सभी पदाधिकारी एवं कर्मी ड्राई रन के दौरान उपस्थित रहेंगे। सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आपस में समन्वय बनाते हुए कार्य करने की बात कही गई।

## जेएसएलपीएस के कृषक सखी व पशु सखी के साथ एफटीसी ने किया बैठक, दिये कई निर्देश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय में स्थित छः घरवा सीएलएफ ऑफिस में जेएसएलपीएस के तहत जुड़े कृषक सखी एवं पशु सखी के साथ एफटीसी अनिल प्रजापति ने मासिक समीक्षा बैठक बुधवार को किया। जहां महिलाओं को कई दिशा निर्देश दिए गए।बैठक में महीने के कार्य का समीक्षा करते हुए वर्क डाउन जमा करने की बात कही। एवं लाखपति किसान दिदी की सूची तैयार कर लोकोस ऐप के माध्यम से डाउनलोड करने की बात कही। वही भीपीआरपी के तहत वार्षिक कार्य की जानकारी ऐप के माध्यम से सक्रिय करने की बात कही गई।मौके पर उपस्थित सीसी सरदार जितेंद्र सिंह एल एच सीआरपी सुमन वर्मा बीआरपी विजय रजक लेखापाल शीला कुमारी कृषक सखी नीलम कुमारी सरस्वती कुमारी रेखा देवी मालती देवी एवं दर्जनों पशु सखी उपस्थित थी।

## पीएम श्री मिडिल स्कूल में मनाया गया जनजातीय गौरव दिवस



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में संचालित पीएम श्री मध्य विद्यालय में बुधवार को जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। यह कार्य प्रधानाध्यापक सिद्धेश्वर पांडेय के नेतृत्व में किया गया। जहां छात्र छात्राओं ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके जीवन की गुणगान किया। तथा भगवान बिरसा मुंडा के जीवनी का उल्लेख किया। कहा की बिरसा मुंडा एक महान क्रांतिकारी जननायक के रूप में याद किए जाते हैं।भगवान बिरसा मुंडा जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष किया है।उन्होंने भारत मां की रक्षा के लिए अपनी जीवटता और वीरता से अनेक उल्लेखनीय कार्य किए हैं। जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष यदुनंदन पांडेय सहायक शिक्षक सत्यदेव उपाध्याय त्रिलोकी दांगी दिनेश दांगी गुरीया देवी बबली कुमारी ज्वाला समेत विद्यालय के बच्चे बच्चियों के साथ अभिभावक व अन्य मौजूद थे।

## आदिम जनजाति के बीच अंतोदय के तहत किया गया अनाज का वितरण



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में स्थित जपुआ टोला में निवास कर रहे आदिम जनजाति के 12 परिवारों के बीच अंतोदय के तहत 35 किलो करके चावल 3 किलो नमक और 1 किलो दाल बुधवार को दिया गया है यह कार्य कल्याण विभाग पदाधिकारी चितरंजन शर्मा के नेतृत्व में किया गया है।

# समुचित मुआवजे की मांग को लेकर 24 घंटे से कोल वाहनों का परिचालन ठप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** सोमवार देर शाम टंडवा -केरेडारी के एनटीपीसी बायपास सड़क में अनियंत्रित कोलवाहन सीजी 13 एएस 0487 के चपेट में आने से दोपहिया वाहन चालक की हुई दर्दनाक मौत पर मुआवजे को लेकर आक्रोशित परिजनों द्वारा सड़क को जाम कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरनी पेटो निवासी प्रमोद रजक को एनटीपीसी परियोजना से काम कर घर जाने के दौरान कोलवाहन ने चपेट में ले लिया। गंभीरावस्था में ग्रामीणों द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केरेडारी में उसे भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। एकमात्र कमाऊ सदस्य के आकस्मिक मौत से पत्नी समेत दो नाबालिग बेटियों व वृद्ध माता- पिता के समक्ष भरण-पोषण की समस्या उत्पन्न हो गई है। आक्रोशित मृतक के परिजनों समेत ग्रामीणों ने घटनास्थल से कोल वाहनों का परिचालन बंद करा दिया। वहीं पत्नी बबीता देवी ने एनटीपीसी खनन परियोजना प्रबंधक को पत्र लिखकर 50 लाख रुपए मुआवजा व स्थाई रोजगार समेत दुर्घटनाओं में रोकथाम हेतु समुचित प्रबंध करने की मांग की है। बहरहाल, घटना के 24 घंटे बीत जाने के बावजूद समाचार लिखे जाने तक समुचित पहल नहीं होने से घटनास्थल में परिजन डटे हुवे थे। लोगों की मानें तो अंतरराज्यीय कोल वाहन परिवहन विभाग को मैनेज कर बगैर परमिट के सड़कों पर बेधड़क दौड़ रही है। आम आवाम की चिंता छोड़कर ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों के पीछे प्रशासनिक महकमा व कुछ जनप्रतिनिधि पूरी तरह से मेहरबान हैं।

# एक वर्ष में नही पूर्ण हुआ जलमीनार, पानी के लिए लोग परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** भारत सरकार के नलजल योजना के तहत प्रतापपुर प्रखंड में घर-घर पानी पहुंचाने के लिए गांव में जलमीनार लगाय जा रहा है, लेकिन प्रखंड के रामपुर पंचायत अन्तर्गत गेडे पूर्णाडीह गांव में एक वर्ष में भी जलमीनार नही लगाया है। पूर्णाडीह में जलमीनार नही लगने से गांव के लोगो को पानी की काफी किल्लत हो रही है। लोग पानी के लिए बूद-बूद तरस रहे हैं, पानी के आभाव में खाना बनाने, कपड़ा धोने, बर्तन धोने समेत अन्य कार्यो करने में काफी परेशानी हो रही है। इस संबंध नें पूर्णाडीह के ग्रामीणो बचु तुरी, पुशु तुरी, मोहन तुरी, सुबोध तुरी, मुनारिक तुरी, ओला तुरी, बरती देवी, सकुन्ती देवी, रीता देवी, भोला तुरी, कारू भारती, बबन तुरी, बुटा तुरी समेत अन्य कई लोगो ने बताया कि पूर्णाडीह गांव में जलमीनार स्थापित करने के लिए खंम्भा खड़ा किया गया था। लेकिन एक वर्ष बाद भी जलमीनार नही लगाया गया है। सिर्फ खंम्भा खड़ाकर ठिकेदार छोड़कर भाग गया है। जलमीनार नही लगने से हमलोग को पानी पीने में काफी परेशानी हो रही है। पानी के आभाव में समय पर खाना नही बना पा रहे हैं। जिससे बच्चे को विद्यालय जानें देर हो जाती है। हमलोग महिला व बच्चें सुबह उठकर एक किलोमीटर दुरी दूसरे गांव में पानी लाने के लिए जाते हैं, लाईन में खड़ा होकर पानी लाते हैं। जलमीनार लगाने के लिए कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधी व पदाधिकारी को सूचना दिये हैं। लेकिन कोई कारवाई नही किया गया है। ग्रामीणों ने डीसी महोदय से इस ओर ध्यान आकर्षित करने की गुहार लगाया है, जिससे वहां के ग्रामीणो को पानी समुचित हो सके।

## श्मशान घाट तक जाने का रास्ता बंद होने से लोगों को हो रही परेशानी




**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर से सटे झरिया डैम स्थित दुग्ध फैक्ट्री के के पास स्थित श्मशान घाट तक जाने का कोई रास्ता नहीं बचा है। श्मशान तक जाने वाले रास्ते की घेराबंदी कर दिए जाने के कारण शव यात्रा में जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय ग्रामीणों की माने तो इस श्मशान घाट पर चन्दनडीह, किन्नामाड़, समेत अन्य इलाकों के लोग शवदाह करने आते हैं।ग्रामीणों ने बताया कि काफी वर्ष पहले यहाँ एक श्मशान शेड भी बनाया गया था। परंतु उक्त शेड भी ध्वस्त हो गया। अब तो स्थिति यह है। कि श्मशान तक शव को पहुँचाने में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से उक्त समस्या की समाधान की मांग किया है।

## सहिया दिवस के अवसर पर की गई बैठक, दिया गया कई दिशा निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारिखाप में बुधवार को सहिया दिवस के अवसर पर एक्कीकृत प्रखंड बारियातू, बालूमाथ व हेरहंज के सहियाओं के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सभी सहियाओं को शशक्त पोर्टल, एएनसी, एचबी वाईसीएच बीएनसी व रोकड़ पंजी तैयार करने को लेकर विस्तृत जानकारी दिया गया।जिला से आए डीपीसी आशीष डीन ने भीएचएनसी शशक्त पोर्टल एचबीवाईसी एनसीडी कुष्ठ रोग सहित अन्य कार्यो को लेकर समीक्षा की।वहीं एसटीटी बंधु उरांव, बीटीटी दिलीप दांगी ने कई कार्यो में सुधार लाने की बात कही साथ ही नवजात शिशुओं को रख रखाव और स्तन पान 15 नवंबर से 21 नवंबर तक कैसे कराना है, पीएलए बैठक, कुष्ठ, गैर संचारी रोग, परिवार नियोजन के सम्बन्ध में कार्य करने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। आशा प्रामाणिक करण को लेकर जानकारी देते हुए बताया की जिन सहियाओं का रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है और जो सहिया परीक्षा में असफल हुए है आवश्यकतानुसार दस्तावेज जमा करना अनिवार्य है। 30 नवंबर के पूर्व सभी तरह के दस्तावेज जमा कर रजिस्ट्रेशन करवा लें। मौके पर कई सहिया साथी भी मौजूद थे।

## संविधान दिवस मनाने को लेकर की गई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** मुख्यालय क्षेत्र के नचना टोंगरी स्थित सरना पड़हा भवन परिसर में आगामी 26नवम्बर को संविधान निर्माण दिवस मनाने को लेकर बैठक की गई। बैठक कि अध्यक्षता अरुण कुमार व संचालन राजु रामवृक्ष लोहरा ने किया। इस बैठक में क्षेत्र के बुद्धिजीवी, समाज सेवी, सामाजिक संगठन के अगुआ शामिल हुए एवं आगामी 26 नवंबर दिन मंगलवार को संविधान निर्माण दिवस मनाने व प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय संवैधानिक,समाजिक कार्यशाला व सेमिनार का सफल आयोजन को लेकर विशेष परिचर्चा की गई। वहीं सर्वसम्मति से अगला महत्वपूर्ण बैठक 24 नवंबर दिन रविवार को रखा गया है।उक्त बैठक में कार्यक्रम की रुप रेखा तय किया जाएगा। इस कार्यक्रम मे क्षेत्र के सभी जाति समुदाय के लोगो को शामिल होने की अपील की गई है। मौके पर प्रेम गंझु (जिला अध्यक्ष खरवार भोक्ता समाज विकाश संघ) अजय कुमार राम (प्रखंड अध्यक्ष रविदास समाज) विजय भुइंया (प्रखंड अध्यक्ष भुइंया समाज), मुन्ना राम,प्रबिन लोहरा, मनोज लोहरा, सोनु गंझु, राजु गंझु, प्रदिप गंझु, उप मुखिया शंकर गंझु, सहित कई लोग मौजूद रहे।

# ई ब्लॉक मैनेजर बने सतीश कुमार गुप्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मनिका प्रखंड के सीएसी प्रज्ञा केंद्र ई ब्लॉक मैनेजर के पद का दायित्व सतीश कुमार गुप्ता को सौंपी गई है। जिसकी जानकारी दिन बुधवार को सीएससी प्रज्ञा केंद्र जिला प्रबंधक पवन कुमार सिंह के द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि मनिका ई ब्लॉक के मैनेजर सतीश कुमार गुप्ता को बनने से पंचायत के सभी प्रज्ञा केंद्रों पर लोगों को संबंधित कार्यों के लिए काफी सहूलियत मिलेगी। वहीं प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में संचालित सीएससी प्रज्ञा केंद्रों का देख-रेख ई ब्लॉक मैनेजर के द्वारा की जाएगी। साथ ही लोगों के सुविधा के लिए सभी पंचायतों के प्रज्ञा केंद्र में ही जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, स्थानीय प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, मनरेगा से जुड़े कार्य समेत इत्यादि कार्य किए जाएंगे जिसके लिए लोगों को प्रखंड मुख्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि डिजिटल पंचायत परियोजना के तहत पंचायत भवनों के लिए कंट्रजेंसी के तहत टेबल, कुर्सी, समेत अन्य मेंटेनेंस का सामग्री का देखरेख भी ई ब्लॉक मैनेजर सतीश कुमार गुप्ता के द्वारा ही किया जाएगा। वहीं ई ब्लॉक मैनेजर बनने पर भाजपा विधायक प्रत्याशी हरिकृष्ण सिंह, भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा, प्रभारी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी मनिका आत्मा सिंह, समेत अन्यों ने सतीश कुमार गुप्ता को बधाई दिया है।

## चूल्हा से झुलसकर महिला गंभीर रूप से हुई घायल



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के सावासार ग्राम में बुधवार की सुबह आग से झुलस कर एक महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार संगीता उराँव 24 वर्ष पति इंद्रदेव उराँव ग्राम सावासार थाना बालूमाथ निवासी घर के बाहर कोयला चूल्हा जलाया था।चूल्हा जलने के बाद चूल्हा अंदर ले जाने के क्रम में साड़ी में पीछे से आग पकड़ लिया। जिससे महिला झुलसकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद परिजनों द्वारा महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार की देखरेख में प्राथमिक उपचार के बाद महिला की स्तिथि को गम्भीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

# उग्रवादियों ने पांच हाइवा को किया आग के हवाले, हाइवा जलकर पूरी तरह खाक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र के लात जंगल में उग्रवादियों ने बीती रात जमकर उत्पात मचाया।इस दौरान उग्रवादियों ने कोयला परिवहन करने वाले 5 हाइवा वाहनों को जला दिया। उग्रवादियों के द्वारा घटनास्थल पर लगभग 15 से 20 राउंड फायरिंग भी की गई साथ ही उग्रवादियों ने झारखंड प्रस्तुति कमेटी (जेपीसी) उग्रवादी संगठन के नाम से एक पर्चा भी फेंका है।बता दें कि लातेहार तुबेद कोलियरी से कोयला परिवहन कार्य में लगे पांच हाइवा साइडिंग में कोयला डंप कर वापस लौट रही थी इसी दौरान लात जंगल के पास लगभग 12 की संख्या में हथियारबंद उग्रवादी वाहनों को रोका।उग्रवादियों ने पहले वाहन चालकों की पिटाई की और फिर पांच वाहनों में आग लगा दी। उग्रवादियों के द्वारा लगभग 15 से 20राउंड फायरिंग भी की गई इसके बाद उग्रवादियों ने घटना स्थल पर झारखंड प्रस्तुति कमेटी उग्रवादी (जेपीसी) संगठन के नाम से एक पर्चा फेंका और घटना की जिम्मेवारी ली।पर्चा में स्पष्ट लिखा हुआ है कि बिना संगठन से वार्ता किए यदि कोयला परिवहन का कार्य हुआ तो अंजाम बुरा होगा।इधर उग्रवादियों के द्वारा इस प्रकार की घटना को अंजाम दिए जाने के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। सूचना मिलने के बाद घटना स्थल पहुंची पुलिस इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन शुरू कर दी है वहीं उग्रवादियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चलाया जा रहा। पहले भी नक्सलियों ने लगाई थी वाहनों में आग बता दें कि कुछ माह पूर्व भी नक्सलियों ने इसी रास्ते में कोयला परिवहन करने वाले वाहनों में आग लगाई थी। नक्सलियों और अपराधियों के द्वारा इस इलाके में इस तरह की घटना को अंजाम दिए जाने के बाद लोगों में दहशत का माहौल है।

# बरवाडीह में ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन ने किया चुनावी सभा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** बरवाडीह ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन द्वारा बुधवार को डालटनगंज शाखा अंतर्गत बरवाडीह रेलवे स्टेशन के बाबा चौक में चुनावी सभा का आयोजन यूनियन अध्यक्ष अनिल कुमार की अध्यक्षता में आहूत की गई कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री मो. ज्याऊद्दीन, सहायक महामंत्री ओमप्रकाश के साथ-साथ शाखा सचिव सुनिल सिंह एवं यूनियन के अन्य कई नेता, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी तथा सैकड़ों की संख्या में रेल कर्मचारी उपस्थित हुए। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मो.ज्याउद्दीन ने कहा कि ईसीआरकेयू एक ऐसी यूनियन है जो वर्तमान समय में कार्यरत कर्मियों के साथ आने वाले कर्मियों और रिटायर कर्मियों के हक अधिकार की चिंता करते हुए लड़ाई लड़ती आई है। उन्होंने बताया कि ईसीआरकेयू के संघर्ष का इतिहास रहा है। ईसीआरकेयू के लंबे संघर्ष और आंदोलन की बदौलत ही सरकार यूपीएस तक झुकी है, लेकिन जब तक कर्मचारी भाइयों को सम्पूर्ण ओ.पी.एस. का लाभ नहीं मिल जाता है, तब तक ईसीआरकेयू का आंदोलन जारी रहेगा। ओ.पी.एस प्राप्ति के लिए केंद्र व रेल प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन भी करना पड़े तो हम सभी पीछे नहीं हटेंगे।

**सुख दुख में आपके साथ खड़ी रही है ईसीआरकेयू : सुनील सिंह**

शाखा सचिव सुनील सिंह ने कहा कि हमेशा कर्मचारी भाइयों के सुख दुख में खड़ी रहने वाली यूनियन ईसीआरकेयू है। आज कुछ दूसरे यूनियन के लोग जिन्होंने कमर्चारियों के हित में आज तक कोई काम नहीं किया है। वह चुनाव आते ही आप सभी को दिग्भ्रमित करने का काम कर रहे है। ऐसे बरसाती मेढ़को के बहकावे में नहीं आना है। ईसीआरकेयू ने काम किया है, और आगे भी बचे हुए कार्यो को पूरा करने का काम पूरी तत्परता के साथ करेगी। लाल झंडा निशान पर ही लगेगी सबकी मुहर ¬ चंदन कुमार मंच का संचालन कर रहे कार्यकारी अध्यक्ष चंदन कुमार ने कहा कि जो काम करता है, गलती उससे ही होती है। जिन्होंने कोई काम किया ही नहीं वह गलती क्या करेगा। इसलिए हमलोग पूरे जोश के साथ ईसीआरकेयू के साथ है और रहेंगे। उन्होंने उपस्थित रेल कर्मचारियों से अपील किया कि आगामी 4, 5 और 6 दिसंबर को होने वाले यूनियन मान्यता चुनाव में एक बार फिर से ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन को लाल झंडा छाप पर बटन दबाकर विजयी बनाने का काम करें। मौके पर चुनावी सभा में पीडब्ल्यूआई अरुण कुमार, एच कुमार, बशीर अहमद, रंजित कुमार पाण्डेय, युवा अध्यक्ष उपेंद्र पाल, सचिव ऋषि राज, सरोज सिंह समेत सैंकड़ों की संख्या में रेल कर्मचारी मौजूद थे।

# मांडू विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव सम्पन्न

- प्रखंड के बहेरा पंचायत के बूथ नंबर 33 में सर्वाधिक, जबकि चरही बूथ नंबर 32 में सब से कम वोट पड़े
- प्रखंड क्षेत्र में पुरुषों से अधिक महिलाओं ने किया मतदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही (हजारीबाग) :** मांडू विधानसभा क्षेत्र के चुरचू प्रखंड में विधानसभा का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। प्रखंड के कुल 54 मतदान केंद्रों में कुल 42762 वोटर, जिसमे पुरुष 21077 महिला 21680 हैं, इनमें से 14282 पुरुष और 15778 महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कुल 70.27 फीसदी वोट पड़े।चुरचू प्रखंड के बहेरा के बूथ नंबर 33 में सर्वाधिक 82.07 प्रतिशत वोट पड़े। जहां 569 वोटरों में 467 ने वोट डाला। सबसे कम वोट चरही के बूथ नंबर 32 में 43.07 प्रतिशत पड़ा। जिसमें 404 वोटरों में 174 ने वोट डाले।

**सुबह सात बजे से ही अधिकतर बूथों में लगी भीड़ :** सुबह सात बजे से ही प्रखंड के अधिकतर मतदान केंद्रों में मतदाताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें लग गई। कतारों में महिलाओं की संख्या काफी रही। इस दौरान बुजुर्गो से लेकर कुछ निःशक्तों तक ने अपने मत का प्रयोग किया। फर्स्ट टाइमर वोटरों में अत्यधिक उत्साह देखने को मिला। कुछ क्षेत्रों में मतदान चार बजे ही समाप्त हो गया था, जबकि अन्य सभी क्षेत्रों में मतदान का कार्य शाम पांच बजे तक जारी रहा। मतदान के दौरान कहीं से किसी बड़ी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल, आजसू प्रत्याशी निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो, जेएलकेएम प्रत्याशी बिहारी महतो, निर्दलीय उम्मीदवार आनंद सोरेन सहित अन्य प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में बंद हो गई।

# दिगवार के वोटरो मे दिखा उत्साह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारु :** दारु प्रखंड का दिगवार पंचायत मांडू विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है जहाँ बुधवार को पंचायत के चार बूथो मे जमकर मतदान हुआ। दिगवार मे कुल मतदाताओ की संख्या 3289 है जिसमे 2182 मतदाओं ने मातदान मे भाग लिया। यहाँ के बूथ संख्या 1 के कुल् मतदाता 1005 मे 702 कंजिया बूथ् संख्या 2 मे 876 मे. 586 रचंगा बूथ संख्या 3 मे 685 मे 442 रहमदग्गा बूथ संख्या 4 मे 723 वोटर मे 454 मतदाताओ ने मतदान किया । मतदान के दिन सुबह से ही वोटरो में उत्साह नज़ आ रहा था। केंद्रो में सुबह से ही बड़ी बड़ी कतारें लगी हुई थी। रहमदगा बूथ संख्या 4 में दारु थाना प्रभारी शफीक खान 105 वर्षीय अग्नू सिंह को व्हील चेयर पर बैठाकर खुद ही केंद्र तक ले जाते नज़र आये। दिगवार बूथ संख्या 1 में कोमल कुमारी, अंजली कुमारी, संजना कुमारी व मोनिका कुमारी सभी सहेली पहली बार मतदान कर काफी खुश नज़र आई।

# आरएनवाईएम कॉलेज में जन जातीय जागरूकता दिवस मनाया गया

## भारत को आगे बढ़ाने के लिये जन जातीय समाज को जागरूक होना होगा : प्राचार्य




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय बरही में जनजातीय जागरूकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्राचार्य डॉ. बिमल किशोर ने छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा भारत को आगे बढ़ाने के जन जातीय समाज को जागरूक होना होगा। जन जातीय समाज के विकास के लिए सरकार वर्षो से आरक्षण देती आ रही है फिर भी आज़ जनजातीय समाज के लोग पीछे हैं। इन्हें आगे आने के लिए शिक्षा, स्किल, सामाजिक, आर्थिक सांस्कृतिक, राजनीतिक आदि क्षेत्रों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने होंगे, जब तक जागरूक नहीं होंगे तब तक जन जातीय समाज का समावेशिक विकास नहीं हो पाएगा। एनएसएस एवं इतिहास विभाग के विभागाध्यक्षा डॉ अरुणा रानी ने कहा भगवान विरसा मुंडा आदिवासी समाज विकास के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिए थे। वे एक स्वतंत्रता सेनानी थे। देश को एकजुट करने में वे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। जनजातीय जागरूकता दिवस अभियान की शुरुआत पीएम नरेंद्र मोदी के सहयोग से 2021 में प्रारंभ हुआ था आज देश के हर शैक्षणिक संस्थानों में जन जातीय जागरूकता दिवस 15 से 26 नवंबर के बीच मनाया जा रहा है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षणेत्तर कर्मी मौजूद थे। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्षा डॉ ब्रह्मदेव मोदी ने दिया। उन्होंने छात्र छात्राओं से अपील किए हैं कि जन जातीय जागरूकता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में आयोजित, कला, निबंध, पेंटिंग, नृत्य, नुक्कड़ नाटक, स्किल आदि विषयों में अधिक से अधिक संख्या में लोग भाग लें और बेहतरीन प्रदर्शन करते वाले को 26 नवंबर को पुरस्कृत किया जाएगा।

# राणी सती मंदिर में 23 से मंगसीर नवमी महोत्सव, भजन संध्या और भव्य पूजा का आयोजन

- धनबाद के सुप्रसिद्ध भजन गायक रोमित बंसल और आशीष सिंघल अपने अनेकों भजनों से दादी भक्तों को झुमायेगें



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हर साल की तरह इस वर्ष भी राणी सती मंदिर में मंगसीर नवमी महोत्सव बड़े हर्षोल्लास और भक्ति भावना के साथ मनाया जाएगा। यह दो दिवसीय महोत्सव 23 और 24 तारीख को मंदिर परिसर में आयोजित होगा। महोत्सव की शुरुआत 23 नवंबर को प्रातः 9:30 बजे मंदिर प्रांगण में भव्य मंगल पाठ के साथ होगी। इस अवसर पर धनबाद के सुप्रसिद्ध भजन गायक रोमित बंसल और आशीष सिंघल अपने सुरमयी भजनों से दादी के अनेकों भजनों को प्रस्तुत करेंगे और उपस्थित भक्तों को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। वहीं दूसरे दिन 24 को प्रातः काल में मंदिर प्रांगण में राणी सती दादी की विशेष पूजा-अर्चना एवं पाटा पूजन का आयोजन होगा। इसके पश्चात भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा। संध्या के समय 13 सुहागिन महिलाओं द्वारा भव्य महाआरती का आयोजन होगा, जो श्रद्धालुओं के लिए मुख्य आकर्षण रहेगा। महाआरती के बाद दादी को 56 भोग समर्पित किया जाएगा। मंदिर समिति और दादी भक्तों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मंगसीर नवमी महोत्सव को धूमधाम से मनाने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गुलाबी ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं में गहरी आस्था और उत्साह देखने को मिल रहा है। मंदिर समिति ने सभी दादी भक्तों और श्रद्धालुओं को इस पावन अवसर पर आमंत्रित करते हुए महोत्सव में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

## समाजसेवी शंभू राम के निधन पर मुखिया सहित समाजसेवियों ने किया दुख व्यक्त



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखंड के अंतर्गत करियातपुर पंचायत के ग्राम शिवपुर गढ़लाही निवासी शंभू राम के निधन से पूरे पंचायत में शौक की लहर फैल गई।शंभू राम अपने मिर्दुलभाषी के लिए जाने जाते थे। वे अपने पीछे अपना भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनके निधन से करियातपुर पंचायत के मुखिया ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि समाज से ऐसे मृदुल भाषी लोगों का चले जाना समाज के लिए अति पीड़ादायक हैं, वहीं समाजसेवी पुरन राम ने कहा कि शंभू राम एक अच्छे इंसान के तौर पर जाने जाते थे। मौके पर मोहन प्रजापति, विजय राम, राजेश रविदास,राजीव रंजन,बब्लू कुमार, बंगाली राम, उदय यादव, नसीमा प्रवीण, राजकुमार राम,भोला रविदास, अनुज साव,रामधनी साव, अजय प्रजापति,डोमन राम,लोकनाथ राम,सहित सभी ग्राम वासियों ने शोक संवेदना व्यक्त किया।

## बेटी के जन्मोत्सव पर माता-पिता ने किया पौधरोपण



**चौपारण (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बेटी के जन्म लेने पर शिक्षक दयानंद ठाकुर ने 101 फलदार पौधरोपण कर खुशियां मनाई। उन्होंने पौधे की बेटी की तरह देखभाल करने का संकल्प लिया और पौधरोपण के लिए लोगों को प्रेरित किया। बुधवार को बेलाही स्थित अपने गांव में वन विभाग के अधिकारियों, सामाजिक व राजनीतिक लोगों की उपस्थिति में पौधारोपण कर बेटी जन्मोत्सव की खुशियां मनाई। दयानंद प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय रामपुर के शिक्षक हैं। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के माध्यम से समाज में बेटी और पर्यावरण बचाने के लिए जागरुकता लाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लगाए गए पौधे का वह बेटी की तरह देखभाल करेंगे। दयानन्द ठाकुर के इस पहल की प्रखण्ड में खूब सराहना किया जा रहा है। मौके पर वनरक्षी पंकज कुमार, अजीत गंझू, बेलाही मुखिया मंटू सिंह, समिति सदस्य विकास रजक, भाजपा नेता गजाधर प्रसाद, समाजसेवी कपिल यादव, मधु यादव, ओम प्रकाश यादव, रवि कुमार सोनी, शिक्षक आशोक रजक, अशोक रजक, प्रभु केसरी, विकास ठाकुर, पंकज ठाकुर, राहुल ठाकुर राकेश ठाकुर, सोनू कुमार शर्मा, शिवकुमार शर्मा, लव कुमार शर्मा, दिलीप शर्मा, अंटू कुमार भुइयां, विशाल कुमार, रोहित शर्मा, शुभम कुमार यादव, अजीत कुमार यादव, विनीत ठाकुर, सुधीर यादव, सनी यादव, विक्रम ठाकुर, सरवन कुमार, दीपक यादव विवेक यादव पवन शर्मा, सहित सैकड़ों अन्य लोग शामिल हुए।

## चौपारण सीओ ने अवैध उत्खनन के खिलाफ किया कार्रवाई




**चौपारण (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ताजपुर के जंगली क्षेत्र में अवैध पत्थर उत्खनन के खिलाफ चौपारण सीओ संजय यादव ने कार्रवाई की है। इस संदर्भ में सीओ ने बताया कि अवैध खनन की सूचना मिली थी। स्थल जांच पड़ताल में प्रथम दृष्टया अवैध खनन का मामला सामने आ रहा है। खनन मानकों की अनदेखी कर खदान व क्रेशर का संचालन किया जा रहा है। मजदूरों से पूछताछ में संचालक का नाम नकीब खान बताया गया है। इस संदर्भ में जिला खनन पदाधिकारी को पत्र लिखकर मामले की जानकारी दी गई है। सीओ संजय यादव के जांच में अवैध पत्थर खदान का मामला सामने आ रहा है। सवाल उठना लाजमी है। वर्षो से जंगल मे पत्थर उत्खनन का कार्य चल रहा है और डीएमओ, वन विभाग और पुलिस को इसकी भनक तक नहीं है। अवैध खनन से राज्य सरकार को लाखों राजस्व का नुकसान हो रहा है।

# मांडू विधानसभा क्षेत्र में 64.97% हुआ मतदान

## कई केंद्रों में शाम 5 बजे के बाद भी था मतदान जारी

- संपूर्ण निर्वाचन की प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय या विधि व्यवस्था से संबंधित घटना नहीं घटी है : उपायुक्त
- उपायुक्त ने बाजार समिति का भ्रमण कर ईवीएम के लिये बनाये गये स्ट्रॉन्ग रूम का किया निरीक्षण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** विधानसभा निर्वाचन 2024 के तहत द्वितीय चरण का मतदान आज 20 नवंबर को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। 24 मांडू विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण, स्वतंत्र, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान संपन्न कराया गया। मतदान के समापन के उपरांत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने बताया कि शाम 5:00 बजे तक प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार 64.97प्रतिशत मतदान हुए है। कई बूथों पर मतदाता कतारबद्ध थे जिन्हें मतदान कराया जा रहा है,अभी अद्यतन मतदान प्रतिशत का रिपोर्ट आना शेष हैं।

पूरी निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होने के बाद विस्तृत रिपोर्ट को भारत निर्वाचन आयोग के वेबसाइट पर भी देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण निर्वाचन की प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय या विधि व्यवस्था से संबंधित घटना नहीं घटी है। सभी मतदान कर्मी देर शाम तक बाजार समिति, हजारीबाग के स्ट्रॉन्ग रूम में पोल्ड ईवीएम को सुरक्षित जमा कर देंगे।

**बाजार समिति में बने के स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण करने पहुंची उपायुक्त**

20 नवंबर को 24 मांडू विधानसभा में मतदान समापन की ओर है। समापन के उपरांत सभी मतदान कर्मी पोल्ड ईवीएम को बाजार समिति में बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम में जमा करेंगे। इस प्रक्रिया में कोई असुविधा न हो इसको लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने बाजार समिति, हजारीबाग का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने ईवीएम जमा करने की प्रक्रिया में सभी आवश्यक सावधानियां बरतने का निर्देश दिया। इस दौरान उप विकास आयुक्त,जिला भू अर्जन पदाधिकारी, उप निर्वाचन अधिकारी,जिला योजना पदाधिकारी व अन्य मौजूद रहे।

# एनटीपीसी टण्डवा के कर्मी की हाइवा के चपेट में आने से हुई मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** बीते मंगलवार के देर शाम केरेडारी टंडवा मुख्य सड़क के मसूरिया नदी के समीप हाइवा के चपेट में आने से मृतक प्रमोद रजक के पत्नी बबीता देवी ने एनटीपीसी प्रबंधन को लिखित ज्ञापन दिया है। एनटीपीसी महाप्रबंधक को लिखे आवेदन चट्टीबारियातु कोयला खनन केरेडारी पांडू कोयला खनन केरेडारी एवं आम्रपाली कोयला खनन परियोजना टंडवा के नाम से है। दिये गये आवेदन में मृतक की पत्नी ने लिखा है की मेरे पति प्रमोद रजक विगत दो वर्षो से एनटीपीसी टण्डवा के कार्यरत थे। 19 नवंबर को ड्यूटी से घर आने के क्रम में शाम 6ः15 बजे आपके अधिनस्त संचलित कोयला ट्रांसपोटिंक कम्पनियों की अनियंत्रित एवं लापारवाही पूर्ण संचालन के कारण कोयला वाहन ने अपने चपेट में ले लिया जिससे मेरे पति मृतक प्रमोद रजक को अत्यंत गंभीर चोटे आई, उन्हें ग्रामीणों की सहायता से तत्काल सीएससी केरेडारी लाया गया सीएससी केरेडारी में ईलाज के दौरान डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। हमारे परिवार में एक मात्र काम-काजी व्यक्ति हमारे पति ही थे, उनपर ही हमारे परिवार की सभी सदस्यों का जीवन यापन हेतु आश्रीत थे। उनकी असामयिक मृत्यु से हमारी पूरी परिवार असहाय एवं लाचार हो गए। वे अपने पीछे अपने बुढ़े माता-पिता के साथ-साथ दो बेटियाँ बबली कुमारी (16 वर्ष) एवं श्रृति कुमारी (14 वर्ष) को अत्यंत असहाय एवं लाचार परिस्थिति में छोड गए। इसका पूर्ण जिम्मेवारी आप सभी कोयला खनन परियोजनाओं को जाता है। जिसके एवज निम्नवत मांगे है।जीवन क्षति हेतु मुआवजा 50 लाख रूपये पचास लाख रूपये मात्र। स्थाई रोजगार बेटियों की शिक्षा एवं भरण पोषण क्षति ग्रस्त दो पाहिया वाहन की मुआवजा। इसके अतिरिक्त कोयला ट्रांस्पोटिंग की वैकल्पिक व्यवसथा नही हो पाती है तब तक वाहन परिचालन मार्ग पर लाईट की व्यवस्था, वाहनों की गति सीमा 30 चरू॥ एवं कम्पनी एवं प्रशासन द्वारा पेट्रोलींग व्यवस्था की जाए।

# चंद्र प्रकाश जैन परिवार ने मुनि श्री 108 सुयश सागर जी महाराज को चार दिनों तक कर रहे आहार समर्पित

## मुनि श्री का आशीर्वाद हमारे परिवार और समाज दोनों के लिए प्रेरणा का स्रोत है : चंद्र प्रकाश जैन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** मंगलवार से लगातार चार दिनों तक चंद्र प्रकाश जैन परिवार के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण और पुण्यमय रहेगा, चंद्र प्रकाश जैन ने अपने निवास स्थान पर परम पूज्य मुनि श्री 108 सुयश सागर जी महाराज को आहार समर्पित करने का सौभाग्य प्राप्त किया। इस अवसर पर परिवार के सभी सदस्य उपस्थित हो रहे है,और समाज के कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपनी उपस्थिति से इस यादगार पल को और अधिक शुभ व ऐतिहासिक बना दिया। आहार के दौरान अध्यात्मिक ऊर्जा का संचार स्पष्ट रूप से महसूस किया जा रहा है, मुनि श्री के चरणों में आहार समर्पण के इस अवसर को सभी ने अपने जीवन का विशेष क्षण माना। समाज के प्रमुख व्यक्तित्वों ने मुनि श्री के सान्निध्य में उनके आशीर्वचन सुनने का सौभाग्य प्राप्त किया। मुनि श्री अपने मुख्य वाणी से कहा संयम, सेवा और समर्पण का यह भाव ही जीवन को सफल और धन्य बनाता है। ऐसे कार्य न केवल पुण्य का सृजन करते हैं, बल्कि आत्मा को परमशांति का अनुभव कराते हैं। चंद्र प्रकाश जैन ने इस अवसर पर अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा हमारे परिवार को जो अवसर प्राप्त हुआ है, वह हमारे जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। मुनि श्री का आशीर्वाद हमारे परिवार और समाज दोनों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस आयोजन में समाज के कई प्रतिष्ठित लोग शामिल हुए, जिनमें जैन समाज के वरिष्ठ सदस्य भी शामिल रहें सभी ने इस पवित्र अवसर पर महाराज जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। अतः में मुनि श्री ने सभी को आशीर्वाद दिया और धर्म, सत्य, और सेवा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। इस अवसर ने न केवल जैन परिवार, बल्कि समस्त उपस्थित समाज को एक आध्यात्मिक अनुभव प्रदान किया।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




# झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन के द्वितीय चरण के तहत रामगढ़ विधानसभा के लिये हुआ मतदान

















**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत द्वितीय चरण में बुधवार को 23 रामगढ़ विधानसभा के लिए मतदान संपन्न हुआ। मतदान के लिए सुबह 7 बजे से ही मतदाता कतार में खड़े हो गए। 9 बजे तक 15.87 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया। मतदान को लेकर लोगों में उत्साह दिखा और काफी संख्या में लोग मतदान के लिए बूथों पर गये और मतदान किया। विधानसभा चुनाव के द्वितीय चरण में रामगढ़ विधानसभा के बूथ नंबर 109 उत्क्रमित उच्च विद्यालय छत्तर मांडू में बुधवार को जिला निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार, पुलिस अधीक्ष अजय कुमार ने मतदान किया और लोगों से मतदान की अपील की। 23 रामगढ़ विधानसभा के लिए हुए मतदान में मतदाताओं में उत्साह दिखा और काफी संख्या में मतदाता बूथों पर गए और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। रामगढ़ विधानसभा चुनाव में 72 प्रतिशत मतदाताओं ने मतधिकार का प्रयोग किया। रामगढ़ विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न करवाने के लिए प्रशासन की ओर से बूथों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये थे। ताकि लोग व्यवस्थित तरीके से मतदान कर सकें। इधर मतदान को लेकर बूथों पर प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे.

**उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने किया मतदान**

उपायुक्त चंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बूथ नंबर 109 पर मतदान किया और लोगों से बूथों पर जाकर मतदान करने की अपील ।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ प्रेस वार्ता का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के दूसरा चरण अंतर्गत 23- रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मतदान समाप्ति के पश्चात एन0आई0सी0 कॉन्फ्रेंस हॉल में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।प्रेस वार्ता के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने सभी मीडिया प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि 23- रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शाम 5ः00 बजे तक चितरपुर प्रखंड में 38768(70.89 प्रतिशत), दुलमी में 43154 (79.99प्रतिशत), गोला में 94507(76.70 प्रतिशत) एवं रामगढ़ प्रखंड में 81964 (66.34 प्रतिशत) इस प्रकार 406 मतदान केंद्रों में कुल 258393(72.22 प्रतिशत) लोगों ने मतदान किया। कुछ एक स्थान पर अभी मतदान चल रहा हैं अतः यह प्रतिशत बढ़ेगा साथ ही उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि मतदान के दौरान किसी भी तरह का कोई व्यवधान उत्पन्न नहीं हुआ और मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। प्रेस वार्ता के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी मीडिया प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि मतदान समाप्ति के पश्चात अब रामगढ़ कॉलेज रामगढ़ में बनाए गए वज्र गृह में सभी मतदान पदाधिकारी पहुंचेंगे जहां उचित व्यवस्था के साथ सभी से मतदान कराए गए ई0भी0एम0 प्राप्त कर उसे वज्र गृह में रखा जाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान निर्वाची पदाधिकारी 23- रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ अनुराग कुमार तिवारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, वरीय पदाधिकारी मीडिया को सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर, प्रभारी पदाधिकारी मीडिया कोषांग सह सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर विक्रम सोनी, स्वागतक जिला जनसंपर्क कार्यालय नीतीश कुमार सहित विभिन्न संस्थाओं के मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## एला एंग्लाइज स्कूल में अग्रगति संस्था ने बाल अधिकार पर किया जागरूकता कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सामाजिक संस्था अग्रगति के द्वारा बुधवार को भुरकुंडा स्थित एला एग्लाइज विद्यालय में बाल विवाह, बाल श्रम और बाल तस्करी उन्मूलन हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए प्रधानाचार्य विजयंत कुमार ने विद्यार्थियों को बाल विवाह, बाल श्रम और बाल तस्करी के दुष्परिणाम और सामाजिक परिप्रेक्ष्य में भावी खतरों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह, बाल श्रम और बाल तस्करी हमारे समाज के लिए बहुत बड़ी समस्या है। इसे रोकने के लिए सभी को जागरूक होने की जरूरत है। बाल अधिकारों की रक्षा सभी का सामाजिक दायित्व है। कार्यक्रम में अग्रगति संस्था की प्रतिनिधि इशरत जहां ने बाल विवाह, बाल श्रम और बाल तस्करी के दुष्परिणामों और कानूनों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन कुप्रथाओं के कारण बच्चों का शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास बाधित होता है। उन्होंने बताया कि कैसे हम बाल विवाह, बाल श्रम और बाल तस्करी को रोक सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकगण, विद्यार्थी और अभिभावकों ने बाल अधिकारों की रक्षा का संकल्प लिया। आयोजन को सफल बनाने में जय किशोर प्रसाद महतो, धर्मेश सोनी, सूरज देव सिंह, कंचन दास, कंचन सोनी, अजीत शर्मा, अजीत कुमार सिन्हा, कृष्ण अम्बष्ठा, मिथलेश बेदिया, सुनील कुमार, वैभव कुमार, राजन कुमार, कुमार विश्वक सेन, बबीता सिंह, शबाना खातून, अंजलि सिन्हा, सीमा कुमारी, प्रियंका कुमारी ने योगदान दिया।

## एनटीपीसी ने आईआईटीएफ 2024 में फ्लाई ऐश आधारित ईको-हाउस सुख का किया प्रदर्शन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** एनटीपीसी लिमिटेड ने नई दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर (आईआईटीएफ) 2024 में अपना अभिनव, पर्यावरण-अनुकूल और किफायती आवास समाधान 'सुख' ईको-हाउस प्रस्तुत किया है। ये ईको-हाउस अपने निर्माण में थर्मल पावर प्लांट्स से लगभग 80 प्रतिशत ऐश और ऐश-आधारित उत्पादों का उपयोग किया जाएगा। जो ग्रामीण आवास के लिए एक क्रांतिकारी दृष्टिकोण प्रदान करता है। शून्य-कार्बन उत्सर्जन के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए ऐश से बने नवीन इंटरलॉकिंग वॉल ब्लॉक्स का उपयोग कर निर्मित इन संरचनाओं में रेत, सीमेंट, स्टील या मोर्टार की आवश्यकता नहीं होती। जिससे लागत और निर्माण समय में काफी कमी आती है। आवास निर्माण में 1,50,000 रूपया की लागत में 15-20 दिनों में बनाया जा सकता है। ये घर टिकाऊ हैं और बारिश, तूफान और तेज़ हवाओं जैसे विविध मौसम परिस्थितियों का सामना करने में यह सक्षम हैं ।ये ईको-हाउस प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के अनुरूप हैं । और ग्रामीण किफायती आवास के लिए एक स्केलेबल और पर्यावरण-अनुकूल मॉडल प्रदान करते हैं। कचरे के प्रबंधन और औद्योगिक उप-उत्पादों के पुनरू उपयोग को बढ़ावा देकर एनटीपीसी की यह पहल सतत निर्माण प्रथाओं के लिए मार्ग प्रशस्त करती है। इसके अलावा, ये ईको-हाउस सौर ऊर्जा से भी संचालित हो सकते हैं, जिससे भारत की नेट ज़ीरो प्रतिबद्धताओं को और मजबूत किया जा सकता है। आईआईटीएफ 2024 में, एनटीपीसी ने एक परिवर्तनीय आवास समाधान प्रदर्शित किया है। जो हरित निर्माण प्रथाओं के माध्यम से सतत् भविष्य को बढ़ावा देने के लिए एनटीपीसी के प्रयासों को उजागर करता है। 14 से 27 नवंबर 20 आगंतुक देख सकते हैं कि कंपनी थर्मल पावर जनरेशन के उप-उत्पाद ऐश को कैसे किफायती, टिकाऊ निर्माण सामग्री में बदल रही है। 24 तक चलने वाला इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर एनटीपीसी को अपनी अभिनव पहल दिखाने का मंच प्रदान करता है, जो सतत विकास को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका को दोहराता है।

## पहले मतदान फिर जलपान को लेकर बुथ पर लगी लंबी कतारें



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुजू :** लोकतंत्र का महापर्व का झारखंड में दूसरे चरण की चुनाव कराया जा रहा है जिसको लेकर मांडू विधानसभा के दूसरे चरण का चुनाव सुबह 7ः00 से शुरू हो चुका है जिसमें कुज्जू , मांडू ,घटो शाहित बडगांव,चैनपुर तथापि कजरी, पिपरा, लइयो, क्षेत्र के विभिन्न बुथों पर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान किया जा रहा है पहले मतदान फिर जलपान को लेकर मतदान करने वाले मतदाता की लंबी क़तारें देखने को मिली वहीं कुजू के थाना प्रभारी दिगंबर पांडे मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर रहे हैं मतदान करने के बाद मोहम्मद असगर अली ने बताया कि झारखंड कि सरकार ऐसी होनी चाहिए जो शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार के क्षेत्र में बेहतर काम करें जिसको लेकर मैं मतदान किया हूं।

## भारत भारती विद्यालय उरीमारी में वार्षिक खेल- कूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** भारत भारती विद्यालय उरीमारी में बुधवार को पांच दिवसीय वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उरीमारी गांधी स्टेडियम में बतौर मुख्य अतिथि उरीमारी मुखिया कमला देवी ने दीप और मशाल प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य माहे आलम अंसारी ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। अपने संबोधन में मुखिया कमला देवी ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल-कूद से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। संघर्ष करने की भावना प्रबल होती है और आत्मविश्वास भी बढ़ता है। बताया जाता है कि पांच दिवसीय प्रतियोगिता में एलकेजी से 10वीं कक्षा के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। खेल-कूद में 100, 200, 400 मीटर दौड़, रिले रेस, ऊंची कूद, लंबी कूद, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी, जैवलिन थ्रो,, शॉट पुट, स्पून रेस, श्री लेग्ड रेस, मेंढक रेस, बिस्किट रेस सहित अन्य प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा। मौके पर उरीमारी की समाजसेवी सह सरकारी शिक्षिका सुषमा देवी, विद्यालय के सचिव गोपाल यादव, निदेशक अनिमेष कुमार यादव, सहायक निदेशक अभिषेक कुमार यादव, सीमा श्रीवास्तव, सरिता ग्यासेन, नवीन पाठक, अनिता कुमारी, राधिका कुमारी, प्रियंका सिंह, रेनू कुमारी, शालिनी सिंह, रितु कुमारी, रंजीत कुमार, ललन कुमार, रंजीत कुमार मेहता, शिव साह, सुनील कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

## मांडू पुलिस ने 12 चक्का ट्रक में अवैध पोडा कोयला पकड़ा

**मांडू :** जहां एक ओर चुनाव में व्यस्त पुलिस प्रशासन से लेकर शासन तक व्यस्त हैं वहीं दूसरी ओर कोयला माफियाओं ने इसका भरपूर फायदा उठा रहे हैं इस तरीके से हो रहे अवैध कोयला कारोबारियों को रोकथाम करने के लिए मांडू थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव को एक गुप्त सूचना मिलने के आधार पर एक 12 चक्का ट्रक अवैध पोंडा कोयला लदा कर रामगढ़ क्षेत्र के किसी फैक्ट्री से मांडू के रास्ते मंडी जा रहा है सुचना के मुताबिक ग्रहण जांच अभियान चला कर 12 चक्का ट्रक BRw1GA2785 को पकड़ा कर कॉल एक्ट माइंस के तहत मामला दर्ज किया गया।

## दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष ने पत्नी संग किया मतदान, झारखंडी सरकार की वापसी पर जताया विश्वास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने अपनी पत्नी के साथ सामुदायिक भवन सिरु बूथ संख्या 167 पर मतदान किया। उन्होंने राज्य के उज्जवल भविष्य और झारखंड के विकास को ध्यान में रखते हुए अपने मत का प्रयोग किया। श्री मंगलेश ने मतदान के बाद कहा, हमने राज्य हित को सर्वोपरि रखते हुए मतदान किया है। झारखंड की जनता झारखंडी सरकार को दोबारा मौका देने के लिए तैयार है, ताकि राज्य में विकास और जनहित की योजनाओं को गति मिल सके।उन्होंने सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेने और अपने मताधिकार का सही उपयोग करने की अपील की। श्री मंगलेश ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में झारखंड एक मजबूत और समृद्ध राज्य के रूप में उभरेगा।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा संख्या :– एस एण्ड टी–सी–145**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/निर्माण /पूर्व मध्य रेल /महेंद्रु घाट/पटना निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन ई–निविदा के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई–निविदा संख्या : एस एण्ड टी–सी–145, कार्य का नाम :** पूर्व मध्य रेल के धनबाद डिवीजन में दो ऑटो लोकेशन हट्स के साथ स्वचालित ब्लॉक सिगन्लिंग के साथ द्विन सिंगल लाइन के संबंध में तीन मौजूदा अंत केबिनों में परिवर्तन के साथ वितरित ईआई (इनडोर और आउटडोर) (चंद्रपुरा में एक केंद्रीकृत + तीन अंत केबिन), (जमुनियाटांड में एक केंद्रीकृत + दो अंत केबिन) और (तेलो में एक केंद्रीकृत + एक अंत केबिन) के इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम के डिजाइन, विनिर्माण, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। **अनुमानित लागत : रूपया** 53,44,66,700.63, **अमानत राशि :** रूपया 28,22,300.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **कार्य निस्पादित करने का समय :** 12 महीना, **ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने का अंतिम दिन एवं समय :** 06.12.2024 को 15.00 बजे तक, विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज भारतीय रेल की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखने के लिए उपलब्ध है।

उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/ निर्माण/धनबाद

पीआर/01535/सीडीएचएन/एस एण्ड टी/टी/24-25/36

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिये तकनीकी विशेषज्ञता, वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव रखनेवाले ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठानों /एजेंसियों/ संवेदकों "टू पैकेट बिड" पर ई–निविदायें आमंत्रित है। **i) बिड संख्या एवं दिनांक :** e-tender Notice No. MC-06-OPEN-2024-25 दिनांक : 18/11/2024 **ii) कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** धनबाद कोचिंग डिपो से चलने वाली गाड़ियों में सवारी डिब्बों की यंत्रीकृत सफाई, धनबाद में टर्न राउंड/प्लेटफार्म वापसी गाड़ियों की सफाई और धनबाद डिपो परिसर की चार (04) वर्षों की अवधि के लिए सफाई। कार्य समापन अवधि – 4 वर्षों। **iii) कार्य की अनुमानित लागतः** ₹ 24,27,45,454.60 (चौबीस करोड़ सताईस लाख पैतालीस हजार चार सौ चौवन रूपये और साठ पैसे) मात्र। **iv) बयाना राशिः** ₹ 13,63,800.00 (तेरह लाख तिरेसठ हजार आठ सौ रूपये) मात्र। **v) ई–निविदा बंद होने की तारीख एवं समय :** तारीख 09.12.2024 को 12:00 बजे। **ई–निविदा खुलने की तारीख एवं समय :** तारीख 10.12.2024 को 12:00 बजे। **vi) प्री–बिड मीटिंग दिनांक एवं समय :** 25.11.2024 – 10:30 बजे **प्री–बिड मीटिंग स्थान :** वरीय मंडल यांत्रिक अभियंता (कोचिंग)/धनबाद मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय/ पू.म.रे./धनबाद **vii) वेबसाईट विवरण :** https://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

डी.इ.एन.एच.एम./धनबाद

पीआर/01548/डीएचएन/यांत्रिक/टी/24–25/44

# 84 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद, सफलतापूर्वक संपन्न हुआ विधानसभा चुनाव





**रंजन कुमार @प्रभात मंत्र**

**गिरिडीह :** झारखंड विधानसभा के दूसरे चरण का मतदान गिरिडीह में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया बता दे कि दूसरे चरण के अंतर्गत गिरिडीह के छह विधानसभा क्षेत्र जिसमे गिरिडीह, गाण्डेय, जमुआ, बगोदर, धनवार, डुमरी में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं जिसे लेकर मतदाताओं में खाता उत्साह देखा गया अहले सुबह से ही बड़ी संख्या में महिलाओं ने कतारबद्ध तरीके से खड़े होकर अपना मतदान किया है, वहीं युवाओं में भी खासा उत्साह देखा गया ।

**84 प्रत्याशियों का किस्मत इवीएम मे कैद :-**

गिरिडीह जिले के 6 विधानसभा चुनाव में इस बार 84 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन किया था जिसमें सबसे ज्यादा धनवार विधानसभा से 24,बगोदर विधानसभा 13, जमुआ विधानसभा से 8,गाण्डेय से 15 गिरिडीह से 12 डुमरी से 12 उम्मीदवार थे, वहीं अगर वोटरों की बात करें तो 20 लाख 58716 वोटर इन 6 विधानसभा में मिलाकर थे, समाचार लिखे जाने तक धनवार विधानसभा से 58.34 त्न बगोदर विधानसभा से 60.15त्न जमुआ विधानसभा से 55. 42त्न गाण्डेय विधानसभा से 65.12त्न गिरिडीह विधानसभा से 61.19 त्न डुमरी विधानसभा से 64.23त्न वही पुरे जिले मे शाम के तीन बजे तक कुल 60त्न लोगों ने अपना मतदान किया था।

**सफलतापूर्वक मतदान हुआ संपन्न :-**

गिरिडीह जिले के 2393 बूथों में कुल 10000 मतदान कर्मियों ने सफलता पूर्वक मतदान संपन्न कर लिया है, इस बीच गली मोहल्लों चौक चौराहा में प्रत्याशी जीत का दावा कर रहे हैं लेकिन यह बाजी कौन मारता है या 23 नवंबर को साफ होगा फिलहाल जनता ने किसे वोट दिया या चर्चा हर तरफ शुरू हो गया है राजनीतिक दल के समर्थक चौक चौराहो पर जीत और हार की चर्चा करते दिखे।

**23 नवंबर को होगा फैसला :-**

झारखंड विधानसभा चुनाव इस बार दो चरणों में संपन्न हो गया है जिसमें हेमंत सोरेन से लेकर बाबूलाल मरांडी, कल्पना सोरेन, विनोद सिंह, बेबी देवी, जयराम महतो,नागेंद्र महतो समेत कई दिग्गज की किस्मत अब ईवीएम में कैद हो गई है किसके सर जीत का सेहरा सजेगा इस पर सभी की निगाहें हैं फिलहाल पोलिंग स्टेशन से स्ट्रांग रूम तक सुरक्षा के बीच इवीएम ले जाया जा रहा है।

# टुंडी में लोकतंत्र के महापर्व पर बड़ी संख्या में मतदाताओं ने लिया हिस्सा, वोट प्रतिशत में भारी वृद्धि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**टुंडी :** टुंडी प्रखंड में लोकतंत्र के महापर्व आसन्न विधानसभा चुनाव बहुत ही शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। प्राप्त समाचार के अनुसार टुण्डी प्रखंड के लगभग हर बूथों में मतदाताओं की लंबी कतार देखते बनता था पुरुष एवं महिलाओं ने इस बार दिए गए स्लोगन पहले मतदान फिर जलपान का शत प्रतिशत पालन किया है पुरूष तो क्या महिलाएं भी मतदान करने के लिए अहले सुबह मतदान केंद्र पहुंच चुकी थी। एवं इस बार के चुनाव में खासकर महिलाएं काफी उत्साहित नजर आ रही थी टुण्डी प्रखंड के ठेठाटांड, पूर्णाडीह,कोल्हर, मंझिलाडीह, टुंडी ,कमारडीह, लछुरायडीह, कोपली, करमाटांड,बदरचुआं, रतनपुर, जियाजोरी, समेत सभी बूथों में मतदाताओं की अच्छी खासी मतदान करने में रुचि देखीं गई।मतदाता बाबा मनीर मस्तान, पूर्व मुखिया अनवर अंसारी,असद कलीम,कमारडीह के पूर्व मुखिया अब्दुल रशीद अंसारी ने लोकतंत्र के इस महापर्व पर सुबह से ही बुजुर्ग एवं असहाय मतदाताओं को मदद करते देखे गए।टुण्डी प्रखंड में इस बर्ष लोकतंत्र के महापर्व आसन्न विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया कहीं से भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है समाचार लिखे जाने तक करीब 72त्न मतदान होने की समाचार प्राप्त हुआ है चुनाव संपन्न होते हैं राजनीति में रूचि रखने वालों में जोड़ तोड़ एवं अपने अपने प्रत्याशी के पक्ष में अच्छे परिणाम का आकलन करना प्रारंभ कर दिया है। फिलहाल ऐसे लोगों को मतगणना तक सब्र करने की जरूरत है साथ ही सभी प्रत्याशियों की भी धड़कने तेज हो गया है मतगणना की तिथि 23 नवंबर सुनिश्चित किया गया है ।

# उपायुक्त व एसएसपी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा तथा वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने झरिया विधानसभा अंतर्गत स्टेशन रोड स्थित डीएवी उच्च विद्यालय के मतदान केन्द्र संख्या 52, 53, 54, 55 तथा 222 का निरीक्षण किया। इस दौरान मतदान केंद्रों के 100 मीटर की परिधि से लोगों को दूर रखने तथा शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न कराने के निर्देश दिए। पदाधिकारियों ने फर्स्ट



टाइम वोटर सपना कुमारी, कृतिका कुमारी, पल्लवी कुमारी, मौसमी कुमारी व ज्योती कुमारी की हौसला अफजाई करते हुए उनके साथ तस्वीर भी ली।

## भाजपा नेता रिजवान खान ने किया मतदान



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राज्य हज समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के नेता रिजवान खान ने वासेपुर में अपना मत का प्रयोग किया एवं आशा जताई की धनबाद विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है। खान ने कहा कि पूरे प्रदेश में एनडीए के पक्ष में हवा चल रही है एवं झारखंड की जनता एनडीए के पक्ष में अपना मत दे रहे हैं। प्रदेश में एनडीए की सरकार बनना सुनिश्चित है।

## सामाजिक कार्यकर्ता सोहराब खान ने किया अपनी मां के साथ मतदान



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनबाद के जानेमाने सामाजिक कार्यकता सह चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार के व्यवसाई सोहराब खान ने अपनी मां के साथ बूथ नंबर 206 पर जा कर मतदान किया। सोहराब खान की 65 वर्षीय मां नुरैशा खातून ने धनबाद के लोगों से बूथ पर जा कर मतदान करने की अपील की। सामाजिक कार्यकर्ता सोहराब खान ने कहा की मतदान को लेकर लोगों में काफी उत्साह है, बड़ी संख्या में लोग बूथ पर आ कर मतदान कर रहे हैं। सोहराब खान ने कहा की मैने भी लोकतंत्र के महा-अनुष्ठान में अपनी मां के साथ मतदान किया। उम्मीद करता हूं इस बार धनबाद में रिकॉर्ड मतदान होगा।

## नगर आयुक्त ने किया अपने मत का प्रयोग



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 40-धनबाद विधानसभा क्षेत्र हेतु नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने मध्य विद्यालय, बरटांड स्थित बूथ नंबर 144 में अपने मत का प्रयोग किया। अपने मत के प्रयोग करने के बाद नगर आयुक्त ने धनबाद जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि घर से निकल कर मतदान केंद्रों में जाएं एवं अपने मत का प्रयोग करे। सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में आप सभी की भूमिका काफी अहम है, हर एक वोट कीमती है।

## उपायुक्त ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने मध्य विद्यालय, झारुडीह स्थित मतदान केंद्र संख्या 162 में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान उन्होंने झारुडीह मध्य विद्यालय स्थित सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया एवं मतदाताओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो इसके लिए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मतदान करने के बाद उपायुक्त ने जिला वासियों से अपने घरों से निकल कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में एक-एक मतदाता की भूमिका अहम है। उनका हर एक वोट कीमती है।

## एसएसपी ने किया अपने मत का प्रयोग



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वरीय पुलिस अधीक्षक एच. पी. जनार्दनन ने अपनी धर्मपत्नी के साथ कला भवन स्थित बूथ नंबर 150 में अपने मत का प्रयोग किया। अपने मत का प्रयोग करने के बाद एसएसपी ने धनबाद जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि घर से निकल कर मतदान केंद्रों में जाएं एवं अपने मत का प्रयोग करे। सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में आप सभी की भूमिका काफी अहम है, हर एक वोट कीमती है।

## बोगस वोटिंग को लेकर भाजपा और झामुमों में भिड़ंत, प्रशासन ने संभाला मोर्चा



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को गिरिडीह ज़िले में दूसरे चरण का मतदान शांतिपूर्ण चआ ।हालांकि, कई जगहों पर गड़बड़ी और हंगामें की खबरें भी आई ऐसा ही मामला गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र से आया है।वही शहर स्थित हनी होली स्कूल स्थित तीन बूथों पर हंगामा हुआ. यहां हंगामा फर्जी मतदान के मुद्दे पर हुआ. जिसके बाद भाजपा और झामुमो कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई.मामले की जानकारी जैसे ही डीसी नमन प्रियश लकड़ा और एसपी डॉ बिमल को मिली, तुरंत पचंबा थाना प्रभारी राजीव कुमार, सहायक अवर निरीक्षक अजीत कुमार के साथ वे वहां पहुंचे और किसी तरह लोगों को खदेड़ा।

# गांडेय विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान हुआ सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गाण्डेय :** गांडेय विधानसभा चुनाव क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में बुधवार को मतदान से पहले विभिन्न पार्टियों के मतदान अभिकर्ता ने भाग लिया और सुबह 6 बजे मोक पोल किया गया जिसमें इविएम मशीन को चुनाव पिठासिन अधिकारी ने दिखा कर कर क्लोज किया उसके तुरंत बाद 7 बजे से वोटिंग प्रारंभ हुआ, बुथ पर बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष के आलावा विकलांग एवं वुध्द महिला पुरुष ने मतदान किया, प्र. वि. मघैया टोला, बुथ संख्या 68 में कुल मतदाता 504 है जिसमें 411 पोलिंग हुआ वहीं पिंडाटांड बुथ 70 में कुछ मतदाता 1251 में 962 पोलिंग बताया गया, मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक रहा जिसमें शांतिपूर्ण हुआ यह बात सेक्टर मजिस्ट्रेट गणेश किस्कू ने बताया।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी व एसपी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गिरिडीह :** गिरिडीह जिला अंतर्गत सभी छः विधानसभा क्षेत्रों में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से मतदान की प्रक्रिया चल रही है। इसी क्रम में आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा और पुलिस अधीक्षक , डॉ बिमल कुमार ने 32 गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर उचित एवं सुचारू चुनाव कार्यों के संचालन को लेकर मतदान पदाधिकारियों/कर्मियों को दिशा निर्देश दिए एवं मतदाताओं से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया। निरीक्षण के क्रम में मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा-व्यवस्था, वोलेंटियर्स की व्यवस्था, मतदाता का व्यवस्थित कतार, दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं हेतु की गई व्यवस्था, बिजली, पानी, शौचालय, साफ-सफाई, रैंप, व्हीलचेयर एवं चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मूलभुत सुविधा (ł्स्न्न) के तहत मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बदडीहा, आरके महिला कॉलेज, हनी होली स्कूल, बूथ नंबर 256 सिमरिया घोड़ा समेत अन्य मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मतदाओं से मुलाकात कर उन्हें मतदान के प्रति प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान उन्होंने स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान संपन्न कराने को सभी संबंधित पदाधिकारियों/कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिया। साथ ही संबंधित बूथ के बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर को उनके दायित्व के संबंध में उचित दिशा निर्देश दिए गए। इसके अलावा चुनाव कार्य में लगे पीठासीन पदाधिकारी, मतदान दल व अन्य अधिकारियों को उनके कार्य दायित्व के संबंध में जरूरी दिशा निर्देश दिया।

# दूसरे चरण का मतदान शांति पूर्ण रूप से हुआ सम्पन्न, 13 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में हुई बंद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बिरनी :** विधानसभा चुनाव के दूसरे एवं अंतिम चरण का मतदान बुधवार को पूर्ण होते हीं हर चौक चौराहे पर जीत हार का आंकड़ा लगना शुरू हो गया है। इधर बगोदर विधानसभा क्षेत्र में मतदान को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखा गया सुबह से हीं अधिकांश मतदान केंद्रों में लंबी लंबी कतारें देखी गई। कई मतदान केंद्रों पर बूढ़े बुजुर्गों को परिजनों के द्वारा कंधे पर या गोद में लाते देखा गया। 3 बजे शाम तक लगभग 60त्न, तक मतदान हो चुका था। मतदान का आलम ऐसा था कि महिलाओं की भारी भीड़ सुबह से ही नजर आ रही थी मतदान में महिलाओं की इस सक्रिय भागीदारी ने चुनावी माहौल को और खास बना दिया है। यह दर्शाता है कि महिलाएं अपने मताधिकार के प्रति जागरूक हैं और वे लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। महिला मतदाताओं की यह सक्रियता क्षेत्र में बदलाव और विकास की ओर बढ़ते रुझान का संकेत भी दे रही थी। बगोदर विधानसभा क्षेत्र में मतदाता इस बार अपने मुद्दों को प्राथमिकता देकर मतदान कर रहें थे। रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी जैसे बुनियादी विकास के सवालों के साथ-साथ स्थानीय समस्याएं और मतदाताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही थी।महिलाओं ने विशेष रूप से शिक्षा, सुरक्षा और महिलाओ कैसे सुरक्षित हो अन्य कई मुद्दा को ध्यान में रखकर वोट किया । वहीं, युवा वर्ग रोजगार और विकास के मुद्दों पर केंद्रित है। मतदाताओं का यह रुख यह संकेत देता है कि वे अब केवल वादों पर नहीं, बल्कि ठोस नीतियों और परिणामों पर विस्वास आधारित कर रहे हैं। बगोदर विधानसभा क्षेत्र समेत झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़ी निगरानी रखी गई थी लेकिन इसके बावजूद कपिलो के उच्च विद्यालय बूंथ संख्या 9 पर कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा बूथ कब्जाने का प्रयास किया गया था परंतु प्रशासन की सजगता से उनकी दाल नहीं गल पाई इस दौरान खबर संकलन कर रहे एक पत्रकार का मोबाइल भी छीन लिया गया था, जिसे सुरक्षा बलों के हस्तक्षेप के बाद वापस कर दिया गया।

# महिला बूथों में सुचारू रूप से संपन्न हुआ मतदान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर विधानसभा चुनाव में सिंदरी विधानसभा में 5, निरसा में एक, धनबाद में 5, झरिया में 4 एवं बाघमारा विधानसभा में 3 महिला बूथ बनाए गए थे। इसमें केवल महिला मतदान कर्मी उपस्थित रही। महिला मतदान कर्मियों द्वारा सुचारू रूप से मतदाताओं को मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई गई।सिंदरी विधानसभा में बूथ संख्या 58, 142, 241, 242 एवं 243, निरसा विधानसभा में बूथ संख्या 31, धनबाद विधानसभा में बूथ संख्या 114, 128, 296, 297 एवं 353, झरिया विधानसभा में बूथ संख्या 291, 293, 334 एवं 335 तथा बाघमारा विधानसभा में बूथ संख्या 245, 246 एवं 268 में महिला मतदान कर्मियों द्वारा सुचारू रूप से मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई गई।

# बाघमारा में पोलिंग बूथ पर हंगामा, निर्दलीय प्रत्याशी और भाजपा समर्थकों में हुई मारपीट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के द्वितीय चरण का मतदान बुधवार को सुबह 7ः00 से शुरू हुआ। इस दौरान बाघमारा के कतरास कॉलेज के मतदान केंद्र के बाहर पर्ची बांटने के लेकर भाजपा समर्थकों और निर्दलीय रोहित यादव के समर्थकों के बीच विवाद हो गया। पोलिंग बूथ के बाहर ही दोनों के समर्थक के आपस में भिड़ गए। जिसके बाद इस मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों के समर्थकों को शांत कराया गया। जिसके बाद दोनों के समर्थक आपस में एक-दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप करने लगे। वहीं सांसद ढुल्लू महतो और भाजपा प्रत्याशी शत्रुघ्न महतो ने कहा कि मुझे मामले की जानकारी नहीं है। वो इस बात की जानकारी ले रहे हैं। बाघमारा में पोलिंग बूथ पर हंगामा के बाद भाजपा नेता का कहना है कि रोहित यादव की तस्वीर वाले मतदान पर्ची बांट रहे थे। उनके समर्थकों को भाजपा के लोगों ने वहां से हटने के लिए कहा। इसके बाद दोनों में बहसबाजी शुरू होने लगी। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी के समर्थकों ने प्रत्याशी रोहित यादव के समर्थकों की सभी पर्ची छीन कर आग के हवाले कर दिया और वहां रखी कुर्सी टेबल को फेंक दिया। प्रशासन ने हस्तक्षेप करते हुए दोनों पक्षों के लोगों को वहां से खदेड़ा तब जाकर मामला शांत हुआ।

# 94 वर्षीय नाज़रा खातून ने मतदान कर पेश किया मिशाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**झरिया :** विधानसभा छेत्र झरिया 41 के जामाडोबा आलम नगर की रहने वाली नाज़रा खातून ने जब मरियम स्कूल क्रमांक संख्या 804 रूम नंबर 2 पर वोट डालने के लिए जब बुथ पर पहुची तो युवाओं जैसा जोश देखने को मिला। चाहे चलने में कितने भी लाचार दिखें लेकिन वोट डालने के लिए उनका जोश चरम पर था। मतदान करने के लिए जाते समय पूछने पर नज़ारा खातून ने कहा कि वे लंबे समय से मतदान करते आ रही हैं। एक-एक वोट कीमती है। हर शख्स मतदान करेगा तभी तो बेहतर जनप्रतिनिधि का चुनाव होगा। वह लंबे समय से चुनाव में वोट डालने आ रही है। चाहे लोकसभा चुनाव हो या विधानसभ, हर चुनाव में वह वोट डालती हैं। उम्र के आखिरी पड़ाव पर भी वह वोट डालने आई हैं। उन्होने लोगो से अपील की है की देश में सही नेता के चुनाव के लिए सभी को आगे आकर मतदान करना चाहिए।

# प्राधिकार सचिव राजेश कुमार ने पैनल अधिवक्ताओं के साथ किया बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार,लोहरदगा के कार्यालय कक्ष में 20 नवंबर 2024 को प्राधिकार के सचिव श्री राजेश कुमार ने पैनल अधिवक्ताओं के साथ बैठक की। वहीं डालसा सचिव ने बैठक में उपस्थित पैनल अधिवक्ताओं को झालसा, रांची द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी दी। साथ ही प्राधिकार के अंतर्गत चल रही कानूनी सहायता कार्यक्रम की गतिविधियों पर चर्चा करते हुए कार्यक्रमों के सफल आयोजन पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही गई। वहीं डालसा सचिव ने बताया कि झालसा, रांची के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न विद्यालयों में कानूनी जागरूकता कक्षा का आयोजन किया जाना है। जिसमें न्यायिक पदाधिकारी, मध्यस्त, कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली के अधिवक्ता, पैनल अधिवक्ता, पीएलवी के द्वारा विद्यालयों में छात्र छात्राओं के बीच विधिक जानकारी प्रदान की जाएगी। वहीं बैठक में उपस्थित पैनल अधिवक्ताओं ने कहा कि पूर्व की भांति ही प्राधिकार के द्वारा संचालित कार्यकमों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही लोगों को विधिक जानकारी देने का कार्य किया जाएगा। मौके पर पैनल अधिवक्ता बिपिन बिहारी दुबे, राज ललित प्रसाद, सतीश महतो, तरुण कुमार देवघरिया, सीपी पाठक, राखा साहू, जेपी पांडेय, राधा कृष्णा शर्मा, अरुण प्रसाद साहू, रविंद्र कुमार गुप्ता, जेरोम तिग्गा, बुधनाथ साहू, फुन्नी साहू, देवाशीष कार, सचिन कुमार उपस्थित थे।

## 18 वर्षीय युवक ने फांसी लगा कर किया आत्महत्या, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कराया पोस्टमार्टम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 18 नवंबर सोमवार की रात्रि कैरो उतका निवासी छक्कू महली के 18 वर्षीय पुत्र विक्की महली ने अपने ही घर में फाँसी लगा आत्महत्या कर ली है। 18 नवंबर सोमवार को विक्की दिनभर काम मेहनत मजदूरी करके जब शाम को घर आया तो खाना खाकर वह अपने कमरे में चला गया। जब स्वजनो ने देखा कि विक्की अंदर से अपना कमरा बंद कर लिया है,जो कभी नहीं करता था, थोड़ी ही देर बाद स्वजनो को शक हुआ तो घरवाले दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया, जब विक्की दरवाजा नहीं खोला तो घरवालो को और शक गहराता गया। इस पर घर वालों जोरदार ढंग से दरवाजा को धक्का दिया तो दरवाजा खुल गया, दरवाजा खुलने पर घरवालो ने देखा कि विक्की फाँसी से झुल रहा है, घरवालो ने आनन फानन में उसे रस्सी से उतरा और ईलाज हेतू सदर अस्पताल लोहरदगा ले आया जहाँ चिकित्सकों ने विक्की को मृत घोषित कर दिया। हालाँकि विक्की के मौत की कारणों का खुलासा अभी तक नहीं हो पाया है, पुलिस सभी विन्दुओं पर कर रही है जाँच। कैरो थाना प्रभारी नीरज झा ने कहा कि विक्की के शव को पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को शव सौंप दिया गया है।

## कृषि बाजार समिति लोहरदगा में 23 नवंबर को मतगणना सुबह आठ बजे से

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 निमित्त 72-लोहरदगा (एसटी) विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डाले गये मतों की गणना 23 नवंबर 2024 को सुबह आठ बजे से कृषि बाजार समिति, लोहरदगा स्थित मतगणना हॉल में की जाएगी। ईवीएम-वीवीपैट में डाले गये मतों की गिनती के लिए 18 टेबल बनाये गये हैं जिनमें प्रत्येक टेबल पर एक-एक माइक्रो ऑब्जर्वर,काउंटिंग सुपरवाइजर व काउंटिंग असिस्टेंट की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं पोस्टल बैलेट की गिनती के लिए 12 टेबल बनाये गये हैं जिसके लिए प्रत्येक टेबक पर एक माइक्रो ऑब्जर्वर, एक काउंटिंग सुपरवाइजर व दो काउंटिंग असिस्टेंट की प्रतिनियुक्ति की गई है।

## एनडीए 50 से अधिक सीट लाकर झारखंड में पूर्ण बहुमत के साथ बनायेगी सरकार : ओम प्रकाश सिंह



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने झारखण्ड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने पर राज्य के मतदाताओं,चुनाव कर्मियों, तथा चुनाव आयोग को बधाई देते हुए इसे लोकतंत्र के प्रति राज्य की जनता के आस्था का जीत बतलाया है। उन्होंने चुनाव के रूझान भाजपा तथा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के पक्ष में होने का दावा करते हुए कहा है कि एनडीए को 50 सीट से अधिक पर जीत की पुरी संभावना है, श्री सिंह ने कहा है कि राज्य झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस तथा राजद से मुक्ति चाहती है, घोर अराजकता कुव्यवस्था, तथा बेरोजगारी से त्रस्त होकर भाजपा गठबंधन के पक्ष में समाज के सभी वर्गों का समर्थन प्राप्त किया है।

# छात्रों का अधिगम स्तर जांचने हेतु मुखिया कर रहे हैं स्कूल विजिट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पीरामल फाउंडेशन के द्वारा चलाये जा रहे शिक्षा की पहल प्रोग्राम के अंतर्गत छात्रों की अधिगम स्तर बढ़ाने और समुदाय की स्कूल में सहभागिता को बढ़ावा देने हेतु पहल की जा रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत मालसाड़ा के मुखिया जी के द्वारा अपने पंचायत के चिन्हित विद्यालयों में लगातार विजिट कर स्कूल में चल रहे कार्यक्रम का जायजा लिया जा रहा है। इसी संदर्भ में आज कच्छुपानी विद्यालय में मुखिया विनोद बड़ाईक गाँधी फेल्लो आशीष कुमार के साथ विजिट किये और बेसलाइन असेसमेंट के डाटा पर विद्यालय के बच्चों की समझ बनाते हुए कुछ क्लास के बच्चों का रैंडम असर टूल्स का इस्तेमाल कर जाँच किये और हेडमास्टर और टीचर्स के साथ समुचित फीडबैक साझा किये। मुखिया जी का प्रयाश है की पंचायत के सभी स्कूलों का छात्र अधिगम स्तर में इजाफा हो और सभी छात्र अच्छी शिक्षा प्राप्त कर समाज में अपना समुचित योगदान दे सकें।

# महिलाओं को 50 प्रतिशत सहकारिता में आरक्षित कर को आत्मनिर्भर बनायेंगे : लखन उरांव




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में कैरो प्रखंड में सहकार भारती लोहरदगा जिला अध्यक्ष श्री सूरज कुमार दसौंधी के अध्यक्षता में बैठक किया गया। इस दौरान सूरज कुमार दसौंधी ने कहा कि सहकार भारती के संगठन को आगे बढ़ाने का कार्य एक सशक्त कार्यकारिणी बनाकर किया जाएगा वही जिला मंत्री लखन उरांव ने कहा की लोहरदगा जिला में जितने लैम्पस पैक्स से आम नागरिक एवं किसानो को जोड़ने का काम किया जाएगा।वहीं मजदूरों तथा श्रमिक को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी उन्हें रोजगार दिलाने से लेकर आत्मनिर्भर बनाने में भी एक बहुत बड़ा सहयोग किया जाएगा तथा स्स्त्र जैसे समुह को भी स्वरोजगार भी दिया जाएगा। महिलाओं को 50 प्रतिशत सहकारिता में आरक्षित महिलाओं को जागरूक कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयास किया जाएगा। इस दौरान बैठक में उपस्थित जिला अध्यक्ष सूरज कुमार दसौंधी, जिला मंत्री लखन उरांव, अखिलेश कुमार, राजेन्द्र महतो, विवेक प्रजापति, बैकुणठ शुक्ला, फुल कुमार भगत, गोविन्द महतो, फलिनदर रविदास, मनोज साहू, शिवचरण तुरी, पुनई उरांव, धिरज उरांव, सुरज मुणडा, शुखण उरांव, संजय महली, गोविन्द महतो, लाखो उरांव, मंगल उरांव, जगलाल रविदास, सुकरा उरांव, उमेश महली, चिखु उरांव, सुखदेव उरांव इत्यादि उपस्थित थे।

## मालसाड़ा पंचायत के खंडानिशान में सवयंसेवक के द्वारा चलाया जा रहा हैं मोहल्ला क्लास

**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मालसाड़ा पंचायत के खंडानिशान में अब शिक्षा का एक नया अध्याय जुड़ गया है, जहाँ पंचायत के सवयंसेवी धर्मजीत द्वारा मोहल्ला क्लास की शुरुआत की गई है. इस क्लास का आयोजन ग्राम पंचायत और पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से किया जा रहा है, शिक्षा के क्षेत्र में रुझान होने के वजह से और अपने समाज में कुछ अच्छा करने की चाहत ने यह पहल शिक्षा के स्तर को सुधारने के उद्देश्य से की गई है, ताकि गाँव के बच्चों को अच्छी शिक्षा के अवसर मिल सकें और उनका भविष्य बेहतर हो सकें। इसलिए मोहल्ला क्लास का आयोजन नियमित रूप से किया जा रहा है, इस मोहल्ला क्लास में बच्चों को हिंदी, गणित, विज्ञान और अन्य विषयों की शिक्षा दी जा रही है। पिरामल फाउंडेशन और पंचायत के बीच सहयोग से यह क्लास गाँव के बच्चों को एक बेहतर भविष्य की दिशा में मार्गदर्शन करेगा। इस पहल का उद्देश्य बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें बेहतर अवसर प्रदान करना है।

## दो गांवों में चोरों का आतंकः नकदी, गहने और मोबाइल चोरी

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर उंटारी थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने दो घरों में बड़ी चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया। इन घटनाओं में चोरों ने कुल मिलाकर लगभग 50 हजार रुपये नकद, 2 लाख रुपये के गहने और मोबाइल फोन चुरा लिए। **पहली घटनाः जंगीपुर गांव** जंगीपुर निवासी अनुज चंद्रवंशी के घर मंगलवार रात चोरों ने 40 हजार रुपये नकद, लगभग 50 हजार रुपये के गहने और दो मोबाइल फोन (ओपो ब्रांड) चुरा लिए। अनुज चंद्रवंशी ने बताया कि परिवार के सभी सदस्य एक कमरे में सो रहे थे। रात्रि में हल्की आहट सुनने के बाद उठकर देखा तो पाया कि दूसरे कमरे में बक्से का ताला टूटा हुआ था। बक्से में रखी नकदी, गहने और टेबल पर रखे दोनों मोबाइल गायब थे। अनुज ने इस संबंध में थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। **दूसरी घटनाः** कला गांव में गीता देवी के घर चोरों ने तब धावा बोला, जब वह एक शादी समारोह में गई हुई थीं। चोरों ने घर के बक्से में रखे 13,500 रुपये नकद, 1.25 लाख रुपये के गहने और कपड़े चुरा लिए। गीता देवी को बुधवार सुबह उनकी जेठानी ने फोन कर चोरी की जानकारी दी। घर पहुंचने पर उन्होंने पाया कि कमरे का ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था। गीता देवी ने भी थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।पुलिस की जांच जारी घटनाओं की जानकारी मिलने के बाद बुधवार सुबह थाना प्रभारी आदित्य नायक ने घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चोरी की इन घटनाओं ने स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है।

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आई बाइक, महिला की मौत, पति गंभीर रूप से घायल



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांडी- हरिहरपुर सड़क पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों के अनुसार, विश्रामपुर थाना क्षेत्र के घासीदाग निवासी रंजीत राम अपनी पत्नी प्रियंका देवी (20) के साथ बाइक पर सवार होकर केतार थाना क्षेत्र के सिंघपुर गांव स्थित ससुराल जा रहे थे। हरिहरपुर-कांडी सड़क पर एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे प्रियंका की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में रंजीत राम गंभीर रूप से घायल हो गये और उन्हें तुरंत गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।पुलिस ने घटना की जानकारी मिलने के बाद ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दिया है।

## लोहरदगा में पदाधिकारियों के संरक्षण में मनरेगा में लूट की छूट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिले में मनरेगा योजनाओ में भारी अनियमितता बरतने का मामला प्रकाश में आया है। कुड्डु प्रखण्ड के जिंगी, ककरगढ़, सलगी, चाँपी, लावागाई कैरो प्रखण्ड के हनहट, सदाबे, नरौली लोहरदगा प्रखण्ड के हिरही, तिगरा, हरमु भंडरा प्रखण्ड के जमगाई, उदरंगी पेशरार प्रखण्ड के सीरम, टुईमु, हेसाग सेन्हा प्रखण्ड के उग्रा,बदला, तोराड किसको प्रखण्ड के बेथड,हिसरी पंचायत में मनरेगा की दीदीबाड़ी, पशुशेड, कूप निर्माण, बागवानी, मेढबंदी एवम अन्य योजनाओ में भारी गड़बड़ी की गयी है। कुडु प्रखण्ड के जिंगी, चाँपि, सलगी, ककरगढ़ एवम लावागाई में मैटरियल पेमेंट,मजदूरी भुगतान में भारी लूट किया गया है। जिंगी पंचायत में पशुशेड में 20-20 हजार रुपये प्रत्येक लाभुक से रिश्वत के तौर पर मनरेगा कर्मी द्वारा लिये गए हैं इसके अलावा अन्य सभी योजनाओं मे भी भारी रिश्वत लिया गया है। भंडरा प्रखण्ड के वेंडर से जिंगी पंचायत में बिल/भाउचर लिया जाता है। लेकिन वह वेंडर कुछ भी सामग्री की आपूर्ति पंचायत में नहीं करता है। सिर्फ बिल/ भाऊचर का प्रयोग कर राशि का बंदरबाँट किया जाता है। उपर्युक्त सभी पंचायतों की योजनाओं की फाईल तथा धरातल में भी योजनाओं की जाँच की जाये। ताकि अनियमिताओं का खुलासा हो सके। इस तरह की गड़बड़ी उपर्युक्त सभी पंचायत में की गयी है द्य बागवानी की योजनाओं में काफी गड़बड़ी की गयी है। स्थानीय प्रखण्ड में वेंडर रहते हुए दूसरे प्रखण्ड के वेंडर से बिल/भाउचर लेना अनियमितता को दर्शाता है। कुड्डु प्रखण्ड के उपर्युक्त पंचायतों में बिना बिल (एम0बी0/विपत्र) बनाये ही मैटरियल पेमेंट कर दिया गया है द्य आखिर इसके लिए कौन जिम्मेदार है? जिला प्रशासन से शिकायत के बावजूद कोई करवाई नहीं होती है। इसलिए इसकी लिखित शिकायत महामहिम राज्यपाल झारखंड से सूचना का अधिकार सदस्य सुनील राम ने किया।

## दादी जी को साहस, निष्ठा और आशीर्वाद की देवी माना जाता है : संजय सर्राफ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** राणी सती दादी जी का मंगसीर बदी नवमी 24 नवंबर को मनाया जाएगा। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व प्रवक्ता सह श्री राणी सती मंडल लोहरदगा के पूर्व उपाध्यक्ष संजय सर्राफ ने कहा है कि दादी जी की सभी मंदिरों में मंगसीर नवमी का महोत्सव बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाया जाता है। राणी सती दादी जी जिन्हें नारायणी देवी के नाम से भी जाना जाता है,संस्कृति और धर्म में साहस,त्याग और निष्ठा का प्रतीक मानी जाती हैं।उनकी कथा प्रेरणादायक और मार्मिक है,जो उनकी अमर गाथा को सजीव करती है। मंगसीर बदी नवमी का दिन उनके बलिदान और उनकी दिव्य शक्ति को स्मरण करने के लिए विशेष महत्व रखता है।यह कथा महाभारत काल से जुड़ी है।मंगसीर मास के कृष्ण पक्ष की नवमी तिथि को श्री राणी सती दादी जी की जयंती मनाई जाती है, जिसे मंगसीर बदी नवमी के रूप में जाना जाता है। यह दिन श्री राणी सती दादी जी की मार्मिक कथा को याद करने का अवसर है, जिन्होंने अपने पति की मृत्यु के बाद अपने धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने अपने पति की मृत्यु के बाद सती होने का फैसला लिया। लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने उनकी भक्ति और समर्पण को देखकर उन्हें बचा लिया और उन्हें अपने चरणों में स्थान दिया। श्री राणी सती दादी जी की कथा हमें धर्म, संस्कृति और पति के प्रति समर्पण की महत्ता को समझने का अवसर प्रदान करती है। कि जीवन में कठिनाइयों का सामना करने के लिए अपने धर्म और संस्कृति की रक्षा करनी चाहिए। मंगसीर बदी नवमी का महत्व बहुत अधिक है। इस दिन की पूजा और आराधना से भगवान श्रीकृष्ण की कृपा प्राप्त होती है और जीवन में सुख और समृद्धि आती है। नारायणी देवी के सती होने के बाद उन्हें राणी सती दादी जी के रूप में पूजा जाने लगा। राणी सती दादी मारवाड़ी समाज की कुलदेवी भी है मंगसीर बदी नवमी के दिन झुंझुनू स्थित राणी सती मंदिर सहित पूरे देश के दादी के मंदिरों में विशाल महोत्सव का आयोजन होता है। जिसमें राजस्थानी महिलाएं,पुरुष द्वारा मंदिरों में राणी सती दादी जी की पूरे विधि विधान से विशेष पूजा की जाती है। मंदिरों मे दादी जी की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार एवं भव्य झांकी सजाई जाती है। दिन-भर भजन कीर्तन मंगल पाठ और धार्मिक अनुष्ठान होते हैं। भक्तों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। राणी सती दादी जी को साहस,निष्ठा और आशीर्वाद की देवी माना जाता है। उनके भक्त जीवन के कठिन समय में उनका आह्वान करते हैं। ऐसा विश्वास है कि उनकी पूजा से परिवार में सुख, शांति और समृद्धि आती है। राणी मंगसीर बदी नवमी का दिन उनके त्याग और शक्ति को स्मरण करने के लिए मनाया जाता है। यह दिन सभी भक्तों के लिए दादी जी से आशीर्वाद प्राप्त करने का सुनहरा अवसर होता है।

# व्यवस्थित और अनुशासित होकर खेलें सफलता चरण चूमेगी : श्रद्धा केरकेट्टा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उर्स लाइन कान्वेंट स्कूल लोहरदगा में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं के द्वारा खेलकूद के माध्यम से अपनी बहुआयामी प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। इस भव्य आयोजन में उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि लोहरदगा की अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में खेलकूद में भी भविष्य को उज्जवल बनाने की असीम संभावनाएं हैं। आज झारखंड के रांची नगर के रहने वाले एमएस धोनी को दुनिया में कौन नहीं जानता। उन्होंने क्रिकेट को अपना लक्ष्य बनाया और तब तक परिश्रम निरंतर जारी रखा जब तक वह लक्ष्य को प्राप्त न कर लिए। आप सब में भी प्रतिभा की कमी नहीं है। आप व्यवस्थित और अनुशासित होकर योग्य शिक्षकों के मार्गदर्शन में अपना लक्ष्य निर्धारण कर आगे बढ़ें सफलता आपकी चरण चूमेगी। श्रद्धा केरकेट्टा ने कहा कि खेल और पढ़ाई के बीच हमेशा अनुनाश्रय संबंध रहा है। इसलिए विद्यार्थी को खूब पढ़ना और खूब खेलना चाहिए इससे तन और मन दोनों का समुचित विकास होता है। विद्यालय की प्राचार्य ने कहा कि हर क्षेत्र में अनुशासन और एक दूसरे की सहयोग की आवश्यकता होती है और वही व्यक्ति सफल होता है जो एक दूसरे को प्रोत्साहन देते हुए और खुद दूसरे से प्रोत्साहन और मार्गदर्शन प्राप्त कर अपना लक्ष्य निर्धारित करता है। आप सभी निरंतर प्रयास जारी रखें निश्चित रूप से आपको कामयाबी मिलेगी। विद्यालय परिवार की ओर से मुख्य अतिथि को शाल प्रदान कर स्वागत किया गया। छात्राओं के द्वारा भव्य रूप से मार्च फास्ट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

# ये भगवा रंग, रंग रंग....गीत से शहनाज अख्तर ने बांधा समा, घंटो झूमते रहे श्रोता

## ललित नारायण मिश्र स्टेडियम में छठ पूजा जागरण समिति के तत्वावधान में आयोजित हुआ भव्य जागरण

➲ प्रसिद्ध गायिका शहनाज अख्तर को सुनने जुटी थी हजारों की भीड़

➲ कुमकुम बिहारी, सौम्या पाठक, मास्टर धनेश ने भी दी अपनी प्रस्तुति, सुरक्षा के थे पुख्ता इंतजाम





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** स्थानीय ललित नारायण मिश्र स्टेडियम में 19 नवंबर की रात छठ पूजा जागरण समिति के तत्वावधान में भव्य जागरण का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की मुख्य गायिका विश्च ख्याती प्राप्त सिंगर शहनाज अख्तर थी। इसके अलावा गायकों में कुमकुम बिहारी, सौम्या पाठक, मास्टर धनेश भी शामिल हुए थे। जिन्होंने भी अपनी प्रस्तुति रखी। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व जिप सदस्य सह समाजसेवी रामलखन प्रसाद, आयोजन समिति अध्यक्ष तुषार आरव,सचिव दीपक कुमार साहू,कोषाध्यक्ष यशस्वी ओझा सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। यहां पूजा अर्चना आचार्य दिवाकर पाठक व प्रभाकर पाठक की अगुवाई में संपन्न करायी गई। जिसके बाद विधि पूर्वक कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए भगवान गणेश की अराधना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। गायिका सौम्या पाठक द्वारा तेरी जय हो गणेश....गीत से प्रोग्राम का आगाज किया गया। इसी बीच कार्यक्रम स्थल पहुंची शहनाज अख्तर की आवाज सुनने को जुटी हजारों की भीड़ बेकरार हो गई। मंच पर पहुंचते ही सबसे पहले शहनाज अख्तर ने लोहरदगावासियों को नमस्कार करते हुए जय श्रीराम का नारा लगाते हुए अपनी प्रस्तुति शुरू की। मैय्या अंबा माई उतरी हो बाग में हो महामैय्या....गीत से जोरदार पेशकश रखी। जिसमें सभी झूमने को मजबूर हो गए। इसके बाद देर रात तक एक से बढ़कर भजन जारी रहा। जिसमें ये भगवा रंग, रंग रंग...गीत पर दर्शकों का सबसे अधिक उत्साह देखने को मिला। मेरी मैय्या तेरे दरबार ये दीवाने आए है..., तकदीर मुझे ले चल महाकाल की बस्ती में..., मेरे भोले से भोले बाबा..., उज्जैन के महाकाल... जैसे एक से बढ़कर एक गीत शहनाज अख्तर द्वारा प्रस्तुत किया गया। मंच संचालन एंकर राम प्रजापति ने किया। इधर कार्यक्रम में पहुंचे रांची भाजपा प्रदेश नेता रमेश सिंह ने लोगों को संबाधित करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से धर्म संस्कृति को आगे बढ़ाया जा सकता है। कहा लोहरदगा के लोगों में काफी उत्साह है। जिसे बनाए रखने की जरूरत है। वहीं आयोजन में वीडियो कॉलिंग के माध्यम से हिंदू हृदय सम्राट भैरव सिंह ने भी अपना संबोधन रखा। पूरे आयोजन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जिसका जायजा लेने एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा भी कार्यक्रम स्थल पहुंची थी। ये रहे मुख्य रूप से शामिल मौके पर मुख्य रूप से राजेश अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, सुमित राय, राजीव रंजन प्रसाद, रमेश साहू, रितेश कुमार, सुनील अग्रवाल, आजातशत्रु, विश्वजीत शाहदेव, मनीष शाहदेव, हेमंत वर्मा, रामू साहू, राजेश महतो, बसंत साहू, हिमांशु केशरी,सोनू साहू, सीताराम गुप्ता, राकेश शर्मा उर्फ गोपू, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, प्रत्युष साहू ढेलू, प्रहलाद केशरी, कुमार संदीप, विजय प्रजापति, अरविंद यादव सहित अन्य शामिल थे।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

प्रभात मंत्र



# लोकतंत्र के त्योहार में मतदाताओं में दिखा उत्साह

## * मतदान केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं को मतदाताओं ने सराहा
## * यूनिक बूथों पर सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करते दिखे मतदाता







प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** विधानसभा निर्वाचन के दूसरे चरण के मतदान में उत्साहपूर्ण माहौल में मतदान करते दिखे मतदाता। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए सभी 38 विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए लाउडस्पीकर के माध्यम से मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अन्य उत्सवों की भांति लोकतंत्र के इस महोत्सव में निर्वाचन के गाने गूंज रहे हैं, जिससे मतदाता प्रेरित भी हो रहे और हर्षोल्लास से मतदान करते दिख रहे हैं। कुल 14,219 मतदान केंद्रों पर हो रहे मतदान में मतदाताओं को प्रेरित एवं सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशेष मतदान केंद्रों का निर्माण किया गया है।

इसमें जिन मतदान केंद्रों पर महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है, वहां केवल महिला पदाधिकारियों द्वारा संचालित मतदान केंद्रों का निर्माण किया गया है ।ऐसी महिला मतदान कर्मियों द्वारा संचालित बूथों की संख्या 239 है। इसी प्रकार दिव्यांग मतदान कर्मियों द्वारा संचालित 22 एवं युवा मतदान कर्मियों द्वारा संचालित कुल 28 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।मतदाताओं को आकर्षित एवं मतदान की प्रक्रिया को खुशनुमा बनाने के उद्देश्य से कुल 48 बूथों को यूनिक बूथ के रूप में तैयार किया गया है , जिसमें स्थानीय चित्रकारी, संस्कृति, पर्यावरण की झलक दिखी। जामताड़ा में कुष्ठ रोगियों को पहली बार मतदान कराने के उद्देश्य से एक अलग बूथ का निर्माण किया गया, जिसपर सभी कुष्ठ पीड़ित मतदाताओं ने मतदान किया। इसी प्रकार इस बार के कई मतदान केंद्र ईको फ्रेंडली थीम पर सजाए गए हैं।

### महगामा में दीपिका पांडेय ने किया मतदान



**गोड्डा :** महगामा से कांग्रेस प्रत्याशी दीपिका पांडेय ने मतदान किया. उन्होंने कहा कि अपने घरों से बाहर निकलें और मतदान करें. आपका एक वोट लोकतंत्र को सशक्त बना सकता है. पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर बोकारो इंप्लाइज कोऑपरेटिव हाउस कंस्ट्रक्शन सोसाइटी लिमिटेड के कार्यालय में स्थित मतदान केंद्र संख्या 198 में अपने मताधिकार का प्रयोग किया. इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि झारखंड में विकास के नाम पर वोट मांगा गया है और झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बन रही है. उन्होंने कहा कि जिस प्रकार समाज के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों के लिए विकास किया गया है, उसी के आधार पर जनता फिर से हमें चुन रही है और हमारी सरकार बन रही है.

### देवघर में निशिकांत दूबे ने किया मतदान



**देवघर :** देवघर में गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने मतदान किया. मतदान के बाद उन्होंने दावा किया झारखंड में पूर्ण बहुमत के साथ उनकी सरकार बन रही है. उन्होंने कहा कि झारखंड में पहले बार बीजेपी अपने दम पर सरकार बनाने जा रही है. पूर्व डिप्टी सीएम और महेशपुर झामुमो के प्रत्याशी स्टीफन मरांडी ने मतदान किया. उन्होंने कहा कि संथाल परगना में 18 में 16 सीटें जीतेंगे. दुमका में नलिन सोरेन ने वोट डाला. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि झारखंड में उनकी ही सरकार बनेगी. मतदान के बाद नलिन सोरेन ने कहा कि वे हमेशा से ही सबसे पहले वोट करने वालों में से एक रहे हैं. उन्होंने दावा किया कि झारखंड में एक बार फिर उनकी सरकार बनने जा रही है.

### झारखंड में रोटी-माटी और बेटी बचाने का चुनावः शिवराज



**रांची :** केंद्रीय मंत्री और झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने झारखंड चुनाव पर कहा,झारखंड में विधानसभा का ये चुनाव झारखंड बचाने का चुनाव बन गया है। झारखंड में रोटी-माटी और बेटी संकट में है। नौजवानों को रोजगार के नाम पर झामुमो और कांग्रेस की सरकार ने ठगा है। मां, बहन और बेटी की इज्जत और मान-सम्मान सुरक्षित नहीं है। संसाधनों पर घुसपैठिए कब्जा करते जा रहे हैं। कानून व्यवस्था की स्थिति भयंकर है। इसलिए नाराज होकर जनता एनडीए और भाजपा के उम्मीदवारों को निकलकर वोट कर रही है। मेरी सबसे अपील है कि वोट जरूर डालें। भाजपा और एनडीए की सरकार झारखंड की तस्वीर भी बदलेगी और जनता की तकदीर भी बदलेगी।

### मेरी जीत निश्चित कल्पना सोरेन



**गांडेय :** गांडेय विधानसभा क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने कहा, मैं अपनी जीत को लेकर इसलिए भी आश्वस्त हूं क्योंकि मेरा कार्यकाल काफी छोटा रहा लेकिन इस समय में मैंने जी तोड़ मेहनत की है। इतने कम कार्यकाल में मैंने यदि इतना काम किया है तो 5 साल के समय में मैं और काम करूंगी। पहले चरण में जो मतदान हुआ इससे समझा जा सकता है कि हमारी आधी आबादी हमें खासकर हेमंत सोरेन को मजबूती दे रही है।

### एनडीए को मिलेंगी 51 से ज्यादा सीटें : मरांडी



**रांची :** झारखंड भाजपा अध्यक्ष और धनवार विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार बाबूलाल मरांडी ने कहा, झारखंड की जनता का मूड हेमंत सोरेन की सरकार को बदलने का है क्योंकि 5 वर्षों तक जनता ने काफी तकलीफ सही है। झारखंड की जनता ने परिवर्तन के लिए मतदान किया और लोग भाजपा-एनडीए के पक्ष में मतदान किया। भाजपा-एनडीए को 51 से ज़्यादा सीटें मिलेंगी।

### झारखंड में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर आ रही : अविनाश




**मेदिनीनगर :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह लातेहार विधानसभा के प्रभारी अविनाश कुमार वर्मा ने दूसरे और अंतिम चरण के चुनाव समाप्ति के पश्चात एक बयान जारी कर कहा है कि इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी राज्य की सबसे बड़ी पार्टी बनकर चुनाव जीत रही है और एनडीए गठबंधन के नेतृत्व में एक लोकप्रिय सरकार का गठन होना तय है। अविनाश वर्मा ने कहा कि मैं अपने 36 वर्षों के राजनीतिक अनुभव एवं गत लोकसभा चुनाव के साथ वर्तमान विधानसभा चुनाव में विभिन्न विधानसभाओं में चुनावी कार्यों को लेकर कई क्षेत्रों के भ्रमण और संपर्कों के आधार पर मुझे जो अनुभव प्राप्त हुए हैं उसके अनुसार झारखंड में पहली बार भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत मिलना तय लग रहा है जो झारखंड और झारखंड वासियों के लिए सुखद संदेश है। वर्मा ने कहा की यह चुनाव कई मामलों में यहां के निवासियों के लिए यादगार साबित होगा जहां वर्तमान की ठग और फरेबी नेतृत्व से झारखंड की भोली-भाली जनता को मुक्ति मिलेगी और राज्य के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता माननीय बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में एक विकासोन्मुखी सरकार का गठन होगा। विदित हो कि भारतीय जनता पार्टी ने अविनाश वर्मा को लोकसभा चुनाव 2024 के पलामू एवं दुमका में महत्वपूर्ण जिम्मेवारियों के साथ विधानसभा चुनाव 2024 में भी लातेहार और गांडेय विधानसभा में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए नियुक्त किया था।

# 3000 उम्मीदवार निर्विरोध कैसे जीत गए?

## सीजेआई संजीव खन्ना ने पंजाब पंचायत चुनाव के नतीजों पर जताई हैरानी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने उन याचिकाओं में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया, जिनमें पंजाब ग्राम पंचायत चुनावों में अनियमितता के आरोप लगाए गए हैं. कोर्ट ने चुनाव न्यायाधिकरण को 6 महीने के अंदर निर्णय लेने का फैसला लिया है. कोर्ट ने उन याचिकाकर्ताओं को भी हाईकोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल करने की अनुमति दी है, जिनका नामांकन खारिज कर दिया गया था. सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने इस पर हैरानी जताई कि पंजाब पंचायत चुनावों में 13,000 पंचायत पदाधिकारियों में से 3,000 निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं. कोर्ट ने असंतुष्ट उम्मीदवारों को चुनाव याचिका दायर करने की अनुमति दे दी. मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने कई उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों को खारिज करने और अन्य चुनावी



अनियमितता का आरोप लगाने संबंधी याचिका पर पहले नोटिस जारी किए थे. कोर्ट ने कहा कि पीड़ित व्यक्ति निर्वाचन आयोग के समक्ष चुनाव याचिका दायर कर सकते हैं और आयोग को छह महीने में उन पर फैसला करना होगा. कोर्ट उस आदेश के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें 836 याचिकाएं खारिज दी गई थीं. याचिकाओं में नामांकन पत्रों को मनमाने ढंग से खारिज करने का आरोप लगा है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जिन उम्मीदवारों के नामांकन पत्र खारिज कर दिए गए या फाड़ दिए गए, वे भी अपनी शिकायतें लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट जा सकते हैं. अदालत ने कहा कि उनकी याचिकाओं को सीमा अवधि के उल्लंघन के आधार पर खारिज नहीं किया जा सकता. सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा कि याचिकाओं को गुण-दोष के आधार पर निपटाया जाना चाहिए.

### हेमंत सोरेन की सरकार बनने जा रही है : सरफराज अहमद

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा के राज्यसभा सांसद और सुन्नी वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सरफराज अहमद ने गिरिडीह म्युनिसिपल कारपोरेशन के बूथ नंबर 18 पर अपना मतदान किया। वहीं मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के गिरिडीह उम्मीदवार सुदिव्य सोनू भी मौजूद थे। उन्होंने भी अपना मतदान किया। सांसद सरफराज अहमद ने कहा कि जिस तरह से मतदाताओं ने मतदान किया है। इससे स्पष्ट है की इंडिया गठबंधन को जनादेश मिल रही है। एक बार फिर हेमंत सोरेन की सरकार बन रहे हैं।



## प्रधानमंत्री आवास योजना के आठ साल पूरे

# अबतक चार करोड़ से अधिक आवास बनाए गए

एजेंसी

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) को बुधवार को 8 साल पूरे हो गए। इस योजना के तहत अबतक चार करोड़ आवास बनाए जा चुके हैं। इनमें से 75 प्रतिशत यानि तीन करोड़ आवास महिलाओं के नाम पर हैं। इसके तहत आने वाले समय में 5.36 लाख करोड़ रुपये की लागत से तीन करोड़ घर बनाने की योजना है। बुधवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोशल मीडिया एक्स पर तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि पीएमएवाई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सभी के लिए आवास के दृष्टिकोण को प्राप्त करने के उद्देश्य से एक दूरदर्शी पहल है। यह ऐतिहासिक योजना एक गेम-चेंजर रही है, जो महिलाओं को गृहस्वामी के रूप में सशक्त बनाती है, हाशिए पर रहने वाले समुदायों का



उत्थान करती है और भारत के सबसे दूरदराज के कोनों में भी घर लाती है। उन्होंने कहा कि पीएमएवाई के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी की समावेशी विकास के प्रति अटूट प्रतिबद्धता ने न केवल जरूरतमंद लोगों के लिए समर्थन सुनिश्चित किया है बल्कि आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और अनगिनत आजीविका बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पीएमएवाई के तहत 4 करोड़ घर बनाए गए। इसमें तीन करोड़ घर महिलाओं के नाम पर है। भविष्य में 5.36 लाख करोड़ रुपये की लागत से तीन करोड़ घर बनाने की योजना है।

लोगों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए केन्द्र सरकार ने जल जीवन मिशन, सूर्या घर, उज्जवला योजना के तहत एलपीजी कनेक्शन, पीएम सूर्या जैसी कई योजनाएं चलाई जा रही है।

# कांग्रेस की सीटों पर पुनर्वापसी से ही हेमंत सोरेन की सरकार



परवेज कुरैशी@प्रभात मंत्र

**रांची।** झारखंड विधानसभा के 81 सीटों पर दो चरणों पर मतदान संपन्न हो गया। इन दो चरणों में प्रथम चरण में 43 सीटों पर 683 उम्मीदवार थे तो वहीं दूसरे चरण में 38 सीटों पर मतदान हुआ जिसमें 5 सौ से अधिक उम्मदवार मैदान में थे। सभी की किस्मत एवीएम में बंद हो गयी है और 23 नवंबर को मतगणना होगी तब किसकी किस्मत खुलेगी यह देखना होगा। अब झारखंड में किसकी सरकार बनेगी यह तो 23 नवंबर को सुबह दस बजे से ही रुझान आने लगेंगे। लेकिन सरकार वहीं बनायेंगे जीनके पास 41+ सीटें होंगी। ऐसे में झारखंड मुक्ति मोर्चा पर सबकी निगाहें टिकी हुई है, लेकिन सरकार बनाने में कांग्रेस को अपनी पूर्व की सीटों पर पुनर्वापसी करनी होगी। ऐसे में झामुमो को 32+ और कांग्रेस को 16+ सीटें आनी चाहिए। 48 सीटें होती है,जिसमें राजद एक से दो,और माले एक सीट यानी 51 सीटों का समीकरण बन रहा है। लेकिन कुछ राजनीतिक जानकारों की मानें तो वे कांग्रेस को 8 से 10 सीटें ही दे रहे हैं। तो भी झामुमो सरकार बनाने की ओर है। वहीं भाजपा की स्थिति दस सीटों तक ही लग रही है। आजसू दो सीटें । जेडीयू और लोजपा के लिए दिक्कतें हैं। ऐसे झामुमो 38 से 39 सीटों पर जीत हासिल कर रही है। कांग्रेस 21 सीटों पर मजबूत दिख रहा है,यदि 14 से 16 सीटें भी लायेगा तो भी मजबूत हैं। राजद को तीन सीटों पर बढ़त है इसमें दो जीत सकता है। भाकपा माले तीन पर है , लेकिन एक से दो सीटें जीत सकती है। भाजपा को 15 सीटें बढ़त की ओर दिखा रहा है,बहुत ज्यादा हो तो 20 से 22 ही दिखा रहा है,ऐसे में झामुमो का एक से दो सीटें और कांग्रेस के तीन से पांच सीटों पर भाजपा की बढ़त हो सकती है तभी भाजपा 20 से 22 सीटें बढ़ेंगी। वहीं आजसू को सिर्फ एक सीट दिखा रहा है, सिल्ली और जुगसलाई ये सीटें अगर मिलती है तो एक हजार से कम मार्जिन रहेगा।

**नोटः** यह आंकड़ा मत प्रतिशत के बढ़ने से कुछ विधानसभा की सीटों पर प्रभाव पड़ सकता है जिसमें भाजपा को लाभ होगा। ऐसे जहां मत प्रतिशत साठ से ऊपर बढ़ता है इससे पहले भाजपा को लाभ पहुंचता था,लेकिन इस चुनाव में मत प्रतिशत यदि बढ़ा है तो महिलाओं का है यानी मंईया सम्मान योजना का असर है।

## 43 सीटों पर यह बन रहा है समीकरण

प्रथम चरण के 43 सीटों पर झामुमो ने 23 सीटों पर चुनाव लड़ी थी जिसमें वे
रांची : 51.56 प्रतिशत. झामुमो
सरायकेला:71.54 प्रतिशत झामुमो
पोटका : 72.29 प्रतिशत झामुमो
गढ़वाः 66.46 प्रतिशत. झामुमो
घाटशिला : 70.05 प्रतिशत. झामुमो
गुमला : 65.46 प्रतिशत झामुमो
बहरागोड़ाः 76.15 प्रतिशत झामुमो
बरकट्ठा : 59.10 प्रतिशत झामुमो
भवनाथपुर : 68.20 प्रतिशत झामुमो
बिशुनपुर : 79.06 प्रतिशत झामुमो
चाईबासा : 68.61 प्रतिशत झामुमो
चक्रधरपुरः 66.50 प्रतिशत झामुमो
ईचागढ़ः 69.00 प्रतिशत झामुमो
जुगसलाई : 64.53 प्रतिशत झामुमो
खरसावां : 77.32 प्रतिशत झामुमो
लातेहार : 69.70 प्रतिशत झामुमो
मझगांव : 69.40 प्रतिशत झामुमो
मनोहरपुरः 63.43 प्रतिशत झामुमो
सिमरियाः 65.65 प्रतिशत झामुमो
तोरपाः 67.03 प्रतिशत झामुमो
सिसई : 71.21 प्रतिशत झामुमो
तमाड़ः 67.12 प्रतिशत झामुमो वहीं 11 सीटें कांग्रेस को जाता दिख रहा है।
बड़कागांव : 66.32 प्रतिशत कांग्रेस
छतरपुर : 60.88 प्रतिशत कांग्रेस
डाल्टेनगंजः 64.82 प्रतिशत कांग्रेस
हटियाः 58.20 प्रतिशत कांग्रेस
जमशेदपुर(पू.) : 56.72प्रतिशत कांग्रेस
जमशेदपुर(प.): 55.95 प्रतिशत कांग्रेस
कोलिबिरा : 68.62 प्रतिशत कांग्रेस
लोहरदगाः 73.21 प्रतिशत कांग्रेस
मांडरः 72.13 प्रतिशत कांग्रेस
मनिकाः 64.15 प्रतिशत कांग्रेस
सिमडेगाः 68.70 प्रतिशत कांग्रेस है।
आरजेडी दो सीटों पर
बिश्रामपुरः 62.63 प्रतिशत आरजेडी
चतराः 61.16 प्रतिशत आरजेडी
हुसैनाबादः 59.04 प्रतिशत बीजेपी
बरही : 61.10 प्रतिशत बीजेपी
हजारीबागः 57.65 प्रतिशत बीजेपी
जग्गनाथपुरः 66.26 प्रतिशत बीजेपी
कांके : 57.89 प्रतिशत बीजेपी
खूंटीः 69.53 प्रतिशत बीजेपी
कोडरमा : 62.00 प्रतिशत बीजेपी
पांकीः 65.13 प्रतिशत बीजेपी के खाते में जाता दिख रहा है।

### दूसरे चरण में इन सीटों पर मतदान, किनके बीच है मुकाबला

चंदनकियारी झामुमो
जमुआ झामुमो
गांडेय झामुमो
गिरिडीह झामुमो
डुमरी झामुमो
मधुपुर झामुमो
सारठ झामुमो
टुंडी झामुमो
शिकारीपाड़ा झामुमो
दुमका झामुमो
जामा झामुमो
नाला झामुमो
लिट्टीपाड़ा झामुमो
महेशपुर झामुमो
सिल्ली झामुमो
राजमहल झामुमो
बरहेट झामुमो
पोड़ैयाहाट कांग्रेस
महगामा कांग्रेस
रामगढ़ कांग्रेस
झरिया कांग्रेस
बाघमारा कांग्रेस
मांडू कांग्रेस
जामताड़ा कांग्रेस
पाकुड़ कांग्रेस
जरमुंडी कांग्रेस
खिजरी कांग्रेस
बगोदर भाकपा (माले)
सिंदरी भाकपा-माले
देवघर राजद के सुरेश पासवान
बेरमो भाजपा
बोकारो भाजपा
धनवार भाजपा
निरसा भाजपा
धनबाद भाजपा
बोरियो भाजपा
गोड्डा भाजपा
गोमिया आजसू

### ठण्ड के मौसम को देखते हुए 35 मंदबुद्धि दिव्यांग निराश्रित के बीच किया गया कम्बल का वितरण

**रांची।** बाबूलाल प्रेमकुमार के पंकज पोद्दार के सौजन्य से सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में कम्बल का वितरण किया गया।परमहंस डाज़्संत शिरोमणी श्री श्री 108 स्वामी सदानंद महाराज के सानिध्य में चल रहे पीडित मानव सेवा के पावन तीर्थ राँची में एम.आरज़ एसज़्श्री कृष्ण प्रणामी सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम की शाखा सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) राँची में आज बुधवार दिनाक 20 नवम्बर 2024 को बाबूलाल प्रेमकुमार के समाजसेवी पंकज पोद्दार अपर बाजार राँची के सौजन्य से आश्रम में रह रहे 35 मंदबुद्धि दिव्यांग निराश्रित प्रभु जी एवं आश्रम में रहकर उनकी सेवा करने वाले सेवादार साथियों के बीच ठण्ड के मौसम को देखते हुए कम्बल का वितरण किया।ठंड के मौसम में गर्म कम्बल मिलने से सभी कोई बहुत ही खुश दिखाई दे रहे थें।सभी ने पंकज पोद्दार को बहुत बहुत धन्यवाद दिया।